आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

आज
म. खेतसिंह खंगार जयंती

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 58 अंक 344 | उज्जैन, शनिवार 27 दिसम्बर, 2025 | पौष शुक्ल 7 संवत् 2082 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### पाकिस्तान ने एलओसी पर एंटी-ड्रोन सिस्टम तैनात किए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने पाक-अधिकृत कश्मीर में लाइन ऑफ कंट्रोल के पास एंटी-ड्रोन सिस्टम तैनात कर दिए हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक नए काउंटर-अनमैन्ड एरियल सिस्टम रावलकोट, कोटली और भिंबर सेक्टर में लगाए गए हैं। काउंटर-अनमैन्ड एरियल सिस्टम वह तकनीक है, जो दुश्मन के ड्रोन को पहचानने, ट्रैक करने और उन्हें जैम या मार गिराने के लिए इस्तेमाल की जाती है। पाकिस्तानी सेना को आशंका है कि भारत फिर से ऑपरेशन सिंदूर जैसा कदम उठा सकता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक पाकिस्तान ने एलओसी पर 30 से ज्यादा खास एंटी-ड्रोन यूनिट्स तैनात की हैं। ये तैनाती मुर्री की 12वीं इन्फैंट्री डिवीजन और 23वीं इन्फैंट्री डिवीजन ने की है, जो कोटली-भिंबर इलाके की ब्रिगेड्स को संभालती हैं।

### सेंगर को जमानत के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट के बाहर प्रदर्शन

**उन्नाव।** उन्नाव रेप केस में पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर की सजा सस्पेंड होने के फैसले के खिलाफ नाराजगी बढ़ती जा रही है। शुक्रवार को पीड़ित परिवार और सोशल एक्टिविस्ट महिलाओं ने दिल्ली हाईकोर्ट के बाहर प्रदर्शन किया। उनका कहना है कि सेंगर को किसी भी हालत में राहत नहीं मिलनी चाहिए। न्याय के लिए वे सुप्रीम कोर्ट तक लड़ाई लड़ेंगी। पीड़ित की मां ने कहा- सेंगर की बेल रिजेक्ट होनी चाहिए। हम लोग इंसाफ के लिए सुप्रीम कोर्ट जाएंगे। हमारा हाईकोर्ट से भरोसा उठ गया है। अगर हमें इंसाफ नहीं मिला, तो हम दूसरे देश जाएंगे। मेरे पति की हत्या के दोषी को तुरंत फांसी दी जानी चाहिए।

### बांग्लादेश में हिंदू युवक की लिंचिंग पर भड़कीं जाह्नवी



**घटना को बर्बर और नरसंहार बताया बोलीं- ये पाखंड हमें तबाह कर देगा**

**मुंबई।** बांग्लादेश में हिंदू युवक दीपू चंद्र दास की हत्या पर एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर ने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए इसे नरसंहार बताया है। जाह्नवी ने इस बात पर जोर दिया कि किसी भी रूप में मौजूद चरमपंथ का कड़ा विरोध किया जाना चाहिए। 25 दिसंबर को जाह्नवी ने इंस्टाग्राम स्टोरी में दीपू चंद्र दास टाइटल के साथ एक नोट पोस्ट किया। उन्होंने लिखा- 'बांग्लादेश में जो हो रहा है वह बर्बरतापूर्ण है। यह नरसंहार है और यह कोई अकेली घटना नहीं है। अगर आपको इस अमानवीय सार्वजनिक लिंचिंग के बारे में नहीं पता है, तो इसके बारे में पढ़ें, वीडियो देखें, सवाल पूछें और अगर इन सब के बावजूद आपको गुस्सा नहीं आता, तो ठीक इसी तरह का पाखंड हमें पता चलने के पहले तबाह कर देगा।' वो आगे लिखती हैं- 'हम दुनिया के दूसरे छोर पर हो रही चीजों के बारे में रोते रहेंगे, जबकि हमारे अपने भाई-बहनों को जिंदा जला दिया जाएगा।' किसी भी रूप में मौजूद चरमपंथ की निंदा और आलोचना करना जरूरी है, इससे पहले कि हम अपनी इंसानियत को भूल जाएं। जाह्नवी के इस पोस्ट के लिए फिल्ममेकर अशोक पंडित ने आभार जताया है। उन्होंने लिखा- 'ऐसे समय में जहां चुप्पी सुविधाजनक है और साहस दुर्लभ है, जान्हवी कपूर ने बोलने का विकल्प चुना। बांग्लादेश में दीपू दास की क्रूर हत्या की निंदा करके, उन्होंने बिना किसी डर या संकोच के मानवता का दृढ़ता से साथ दिया। उन्हें पता था कि इसका क्या परिणाम होगा, चुनिंदा आक्रोश और सांप्रदायिक मानसिकता वाले लोगों द्वारा ट्रोलिंग, नफरत और हमलों का सामना करना पड़ेगा।'

### भारत को सुपरपावर ही नहीं विश्वगुरु भी बनना चाहिए

**तिरुपति।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत आंध्र प्रदेश के तिरुपति दौरे पर हैं। भारतीय विज्ञान सम्मेलन में उद्घाटन कार्यक्रम में शुक्रवार को भागवत ने कहा- भारत का आगे बढ़ना तय है लेकिन हमें सिर्फ सुपरपावर ही नहीं, बल्कि विश्वगुरु भी बनना चाहिए। मोहन भागवत ने कहा कि धर्म और विज्ञान में कोई टकराव नहीं है। बस उनके रास्ते अलग हैं, मंजिल एक ही है। हमारे विकास की सोच का आधार धर्म है। धर्म सिर्फ मजहब नहीं है, बल्कि यह प्रकृति और ब्रह्मांड के चलने का तरीका है। इससे पहले आरएसएस चीफ ने भगवान वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में दर्शन किए। तिरुपति टाउनशिप के अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। पुजारियों ने उन्हें रेशमी कपड़े पहनाकर सम्मानित किया।

### भारत रत्न और पद्म अवॉर्ड उपाधि नहीं: बॉम्बे हाईकोर्ट

**नई दिल्ली।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने कहा कि भारतरत्न, पद्मश्री, पद्मभूषण, पद्मविभूषण जैसे नागरिक सम्मान कोई उपाधि (टाइटल) नहीं हैं। ऐसे में इन्हें किसी के नाम के आगे या पीछे नहीं लगाया जा सकता है। कोर्ट ने यह बात बुधवार को एक याचिका के केस टाइटल में पद्मश्री लिखे जाने पर की। दरअसल जस्टिस सोमशेखर सुंदरेसन की बेंच याचिका की सुनवाई कर रही थी। इसमें 2004 में पद्मश्री से सम्मानित डॉ. शरद मोरेश्वर हार्डिकर भी एक पक्षकार थे। केस टाइटल में उनका नाम पद्मश्री डॉ. शरद मोरेश्वर हार्डिकर लिखा गया था। इस पर जज ने आपत्ति जताई। साथ ही कहा कि कानून के अनुसार ऐसा करना गलत है।

---

लैंड पुलिंग योजना निरस्ती पर किसान संघ एवं कृषक संघर्ष समिति ने किया आयोजन

# किसान की ताकत रहेगी तो सत्ता में कोई भी बैठे, कोई भी आए कोई फर्क नहीं- कुलकर्णी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

किसान संघ का यह दृढ़ विश्वास है कि जब इस प्रकार की किसान की ताकत खड़ी रहेगी तो सत्ता में कोई भी बैठे, कोई भी आए उससे कोई ज्यादा फर्क नहीं पड़ने वाला है। यह बात भारतीय किसान संघ एवं किसान संघर्ष समिति के किसान सम्मेलन एवं सम्मान समारोह के दौरान किसान संघ के राष्ट्रीय संगठन मंत्री दिनेश कुलकर्णी ने उपस्थित किसान भाईयों एवं माता,बहनों के सम्मुख कही। कार्यक्रम को राष्ट्रीय महामंत्री मोहिनी मोहन मिश्र ने संबोधित करते हुए कहा कि हम बार-बार आवाज नहीं उठाएंगे बल्कि ऐसी स्थिति पैदा कर देंगे कि सरकार आपके पास आकर पूछेगी।

शुक्रवार सुबह आशीर्वाद गार्डन अंकपात मार्ग इंदिरा नगर में किसान सम्मेलन एवं सम्मान समारोह की शुरूआत प्रातः भजन कीर्तन के साथ हुई। जिलाध्यक्ष बहादुरसिंह टकरावदा ने बताया कि सुबह के समय धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके उपरांत दोपहर में भूमिपूजन, राष्ट्रमाता भारत माता का पूजन पूरे जोश के साथ किया गया। स्थल पर किसानों ने कृषि देव भगवान बलराम का पूजन किया। इसके उपरांत सम्मेलन के मुख्य सत्र में सभा का आयोजन किया गया। सभा के उपरांत किसान संघर्ष समिति के कृषक एवं अभिभाषक आशुतोष उपाध्याय ने आभार माना। सभा एवं कार्यक्रम में सैंकड़ों की संख्या में सिंहस्थ क्षेत्र के 17 गांव सहित जिले भर से माता, बहनों ने सैंकड़ों की संख्या में भाग लिया। इनके साथ ही बड़ी संख्या में कृषक शामिल हुए। कार्यक्रम के उपरांत सभी ने भोजन प्रसादी ग्रहण की।

**किसान संघ के सम्मेलन एवं सम्मान समारोह में संगठन शक्ति पर वक्ताओं ने दिया जोर**




- **ये थे मंच पर-** कार्यक्रम में मंच पर भारतीय किसान संघ के राष्ट्रीय संगठन मंत्री दिनेश कुलकर्णी, महामंत्री मोहिनी मोहन मिश्र, अभा कार्यकारणी सदस्य गिरिजा ठाकुर, प्रदेशाध्यक्ष कमलसिंह आंजना, संभाग प्रमुख इंदौर चंदा शर्मा, क्षेत्रीय संगठन मंत्री महेश चौधरी, संगठन मंत्री मालवा प्रांत अतुल माहेश्वरी, सह संगठन मंत्री दिनेश शर्मा, प्रांतीय अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण पटेल, प्रांत मंत्री रमेश दांगी, उज्जैन जिलाध्यक्ष बहादुरसिंह टकरावदा, तोलाराम पटेल खिलचीपुर उपस्थित थे।
- **ये बोले अतिथि-** कमलसिंह आंजना प्रदेशाध्यक्ष ने अपने संबोधन में लैंड पुलिंग योजना के निरस्त करवाने के दौरान किसानों की संघर्ष गाथा को सभी के सामने रखते हुए बताया कि इस संपूर्ण संघर्ष में मातृ शक्ति हमारे साथ रही। कंधे से कंधा मिलाकर सामने रही। हमारी माता, बहनों ने कहा 'डरवा नि जरवत कोनी' 'हम तमारा हाते आवांगा' किसानों के आंदोलन के आगे सरकार को झुकना पड़ा। हमारे वकीलों ने इतनी मेहनत की कि कई बार तो उन्हें नहाने का भी समय नहीं मिला। दिल्ली के वकीलों तक को बुला लिया। बारिक से बारिक कानूनी जानकारी निकाल ली। इस संघर्ष के दौरान पहली बार हमने घेरा डालो डेरा डालों की घोषणा की तो कुछ दिनों बाद हमें 17 नवंबर को सरकार ने बुलाया और योजना निरस्त आदेश पर समझौता हुआ, लेकिन दो दिन बाद उसके उलट संशोधन जारी किया गया। इस पर हमने आपत्ति ली और दो बार चेतावनी प्रदेश की सरकार को दी। इसके बाद भी सरकार ने हमें नजरअंदाज किया तो अंततः हमने प्रांत की बैठक बुलाकर घेरा डालो डेरा डालो की घोषणा कर दी। प्रांत के किसान हमारे साथ थे। संगठन की शक्ति के साथ किसानों के संघर्ष की जीत हुई और आदेश जारी हुआ। क्षेत्रीय संगठन मंत्री महेश चौधरी ने संगठनात्मक सुझाव रखते हुए कहा कि कलयुग में संगठन ही शक्ति है। हमें आगे और भी लड़ना पड़ सकता है ऐसे में हमें संगठन को और अधिक मजबूत और विस्तृत बनाना होगा।

#### सरकार आकर पूछेगी- मिश्र

किसान संघ के ओजस्वी एवं क्रांतिकारी राष्ट्रीय महामंत्री मोहिनी मोहन मिश्र ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार ने सोचा किसानों की बात मानें तो किसान की बात मानने से नहीं चलेगा, किसान को साथ देना पड़ेगा। अभी वक्ता जो बोल रहे थे कि किसान को बार-बार आवाज उठाना पड़ेगी। ऐसी आवाज नहीं उठाएंगे लेकिन ऐसे परिस्थितियां खड़ी करेंगे कि सरकार कुछ सोचने के पहले किसान से संवाद करेगी और किसान से पहले पूछेगी तब कोई निर्णय लेगी। सरकार अत्याचार करेगी तो किसान आंदोलन करेगा यह स्थिति नहीं, अगर 17 गांव के 1800 किसान एक साथ आ सकते हैं तो देश भर में 1 लाख गांव में किसान संघ खड़ी है अगर सारे किसान एक आवाज बुलंद करेंगे तो सरकार आपके पास आएगी और पूछेगी। इसीलिए भारतीय किसान संघ तो है ही हम जानते हैं। किसान संघ देश का नहीं दुनिया का सबसे बड़ा संगठन आज भी है। संगठन की शक्ति इतनी हो कि शासन हो या प्रशासन हो या बाकी जो लोग हों, किसान का अहित सोच रहे वो चिंतित हो जाए।

#### किसी से हमें कोई फर्क पड़ने वाला नहीं- कुलकर्णी

राष्ट्रीय संगठन मंत्री दिनेश कुलकर्णी ने अपने अहम उद्बोधन में कहा कि यह जो लैंड पुलिंग होने वाली थी उसको तो हमने निरस्त कर दिया। किंतु मेरे भाइयों, मेरी बहनों, मेरी माताओं आने वाले दिनों में ऐसे अनेक प्रकार के विषय आने वाले हैं कि जिस समय हमको अपनी एकजुटता का प्रदर्शन करना होगा। जिस संदर्भ में हमारे महामंत्री जी ने अभी अपने सामने रखा है कि केवल अपने यहां का विषय नहीं है तो पूरे देश भर में और दुनिया में भी इस प्रकार से किसानों के ऊपर जो संकट आने वाले हैं उन सबके लिए हमको एकजुट होकर अपनी ताकत को बना के रखना पड़ेगा। इस प्रकार से जब तक हमारी ताकत नहीं बनेगी तब तक हमारा काम नहीं होगा। और यही विचार किसान संघ ने शुरू से रखा है। किसान संघ एक संपूर्ण रूप से गैर राजनीतिक संगठन है। किसान संघ यह किसानों के लिए किसानों के द्वारा चलाए जाने वाला और किसानों का संगठन है। इस प्रकार का संगठन यह केवल किसान की और देश हित की ही बात करता है और किसान संघ का यह दृढ़ विश्वास है कि जब इस प्रकार की किसान की ताकत खड़ी रहेगी तो सत्ता में कोई भी बैठे, कोई भी आए उससे कोई ज्यादा फर्क नहीं पड़ने वाला है। श्रद्धेय दतोपंत ठेंगड़ी जी कहा करते थे कि इस देश का प्रधानमंत्री अगर कोई नक्सली भी हो जाएगा तो भी हमको कोई ज्यादा चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। जब इस देश का समाज इस देश का किसान एक संगठित रूप में खड़ा हो जाएगा तो उससे जो चाहे वो हम अपने देश हित का और किसान हित का काम करवा लेंगे।

# चांदी 2.32 लाख पार

## एक दिन में 13,117 महंगी, इस साल 150% रिटर्न दिया
## सोना 1,287 बढ़कर 1.38 लाख के ऑलटाइम हाई पर

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

सोने-चांदी के दाम 26 दिसंबर लगातार चौथे दिन ऑलटाइम हाई पर हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 1 किलो चांदी की कीमत 13,117 रुपए बढ़कर 2,32,100 रुपए प्रति किलो के ऑलटाइम हाई पर पहुंच गई है। इससे पहले बुधवार को इसकी कीमत 2,18,983/प्रतिकिलो थी।

दस दिन में चांदी 36,920 रुपए महंगी हुई है। 12 दिसंबर को इसकी कीमत 1,95,180 रुपए प्रति किलो थी। इस साल चांदी अब तक 150% से ज्यादा का रिटर्न दे चुकी है। वहीं, सोने की कीमत 1,287 रुपए बढ़कर 1,37,914 रुपए प्रति 10 ग्राम पहुंच गई है। इससे पहले बुधवार को सोने की कीमत 1,36,627/10 ग्राम थी।



**इस साल सोना 61,752 और चांदी 1,46,083 महंगी हुई**

इस साल अब तक सोने की कीमत 61,752 रुपए बढ़ी है। 31 दिसंबर 2024 को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 76,162 रुपए का था, जो अब 1,37,914 रुपए हो गया है। चांदी का भाव भी इस दौरान 1,46,083 रुपए बढ़ गया है। 31 दिसंबर 2024 को एक किलो चांदी की कीमत 86,017 रुपए थी, जो अब 2,32,100 रुपए प्रति किलो हो गई है।

### 22 राज्यों में तेज सर्दी-कोहरा, यूपी में जीरो विजिबिलिटी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

देशभर में सर्दी ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। यूपी-एमपी, राजस्थान समेत 22 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में तेज ठंड और घना कोहरा हो रहा है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दो दिनों में ठंड और कोहरा और ज्यादा बढ़ सकता है। उत्तर प्रदेश में हालात सबसे ज्यादा खराब बने हुए हैं।

यूपी में कानपुर, प्रयागराज, वाराणसी, अयोध्या समेत 27 जिलों में शुक्रवार सुबह घना कोहरा छाया रहा, जिससे कई जगहों पर विजिबिलिटी जीरो हो गई। सड़कों पर कुछ मीटर आगे भी दिखाई नहीं दे रहा था। प्रयागराज, देवरिया समेत कई रेलवे स्टेशनों पर 50 से ज्यादा ट्रेनें देरी से चल रही हैं। वहीं गोरखपुर समेत कई एयरपोर्ट्स पर 5 फ्लाइट्स कैंसिल हैं।

मंत्री के बयान पर कमलनाथ का पलटवार

### पूर्व मुख्यमंत्री ने 27 लाख किसानों के आंकड़े शेयर किए

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

प्रदेश के सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग ने बुधवार को भोपाल में सहकारी बैंकों की खराब आर्थिक स्थिति को लेकर पूछे गए सवाल पर कमलनाथ सरकार की किसान कर्जमाफी को जिम्मेदार बताया था।

सारंग ने कहा था- 15 महीने की कांग्रेस सरकार में किसानों के ऋण माफी की फर्जी योजना लागू की गई। उसने सीधा प्रभाव हमारी पैक्स और बैंक पर डाला। उससे हमारी व्यवस्थाएं खराब हुई हैं, लेकिन ये डॉ. मोहन यादव की सरकार है। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि अगले दो वर्षों में हम संपूर्ण बैंकों को सुचारू कर देंगे। सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग के बयान पर पूर्व सीएम कमलनाथ ने कर्जमाफी के



जिलेवार आंकड़े शेयर करते हुए पलटवार किया।

कमलनाथ ने एक्स पर लिखा- किसानों के साथ रात-दिन धोखा करने वाली भाजपा सरकार के मंत्री विश्वास सारंग ने मेरी सरकार के दौरान हुई किसान कर्ज माफी को लेकर सरासर झूठ बोला है। इस झूठ के लिए उन्हें मध्य प्रदेश की जनता और किसान भाइयों से माफी मांगनी चाहिए। कमलनाथ ने आगे लिखा सच्चाई यह है कि कांग्रेस सरकार में मुख्यमंत्री की शपथ लेते ही मैंने सबसे पहला काम किसानों की कर्जमाफी का किया था।

### केरल में पहली बार भाजपा का मेयर बना

एजेंसी ▸▸ तिरुवनंतपुरम

केरल में पहली बार भाजपा का मेयर चुना गया है। तिरुवनंतपुरम नगर निगम में शुक्रवार को हुए मेयर चुनाव में भाजपा के वीवी राजेश को 51 वोट मिले। जिसमें एक निर्दलीय पार्षद का समर्थन भी शामिल था। वाम लोकतांत्रिक मोर्चा के पी शिवाजी को 29 वोट, जबकि कांग्रेस गठबंधन उम्मीदवार केएस सबरिनाथन को 19 वोट मिले। जिनमें से दो को बाद में अमान्य घोषित कर दिया गया।

### भारत ने कहा बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर अत्याचार और हिंदू युवक की हत्या नजरअंदाज नहीं कर सकते

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत ने बांग्लादेश में जारी अशांति और अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों को लेकर चिंता जताई है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को साप्ताहिक प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि हिंदू युवक दीपू चंद्र दास की निर्मम हत्या को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। जायसवाल ने कहा, हम ढाका में हिंदू युवक की हत्या की निंदा करते हैं और उम्मीद करते हैं कि अपराधियों को जल्द से जल्द सजा मिलेगी।

# क्रिकेटर वैभव समेत 20 बच्चों को बाल पुरस्कार

## पीएम मोदी ने कहा जेन जी और जेन अल्फा ही हमें विकसित भारत के लक्ष्य तक ले जाएंगे

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

वीर बाल दिवस पर शुक्रवार को 20 बच्चों को 'प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार' से सम्मानित किया। यह अवॉर्ड राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दिए। अलग-अलग क्षेत्र में बेहतरीन और बहादुरी के कामों की वजह से इन बच्चों को 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से चुना गया।

14 साल के क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी भी इनमें शामिल हैं। आज दिल्ली आने की वजह से वे विजय हजारे टूर्नामेंट में मणिपुर के खिलाफ मैच नहीं खेल पाए। 20 बच्चों में से 2 बच्चों को मरणोपरांत पुरस्कार दिया गया। तमिलनाडु की ब्योमा और बिहार के कमलेश कुमार का पुरस्कार उनके माता-पिता ने लिया। पीएम मोदी ने भी विजेता बच्चों से मुलाकात की। इसके बाद उन्होंने बच्चों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि जेन जी और जेन अल्फा ही हमें विकसित भारत के लक्ष्य तक ले जाएंगे। वीर बाल दिवस गुरु गोविंद सिंह के 4 बेटों की शहादत के सम्मान में मनाते हैं। गुरु गोविंद सिंह के तीन पत्नियों से चार बेटे थे, जिनका नाम अजीत, जुझार, जोरावर और फतेह था। इन्हें साहिबजादे भी कहा जाता है। 26 दिसंबर 1705 को चारों बेटों की मुगल सेना ने हत्या कर दी थी। उनकी शहादत का सम्मान करने के लिए पीएम मोदी ने 2022 में 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस मनाने की घोषणा की थी।



**पीएम मोदी ने कहा- बड़े सपने देखें, कड़ी मेहनत करें**

पीएम मोदी ने कहा, 'मैं भारत के युवाओं से यही अपेक्षा करता हूं कि बड़े सपने देखें, कड़ी मेहनत करें और अपने आत्मविश्वास को कभी भी कमजोर न पड़ने दें। भारत का भविष्य उसके बच्चों और युवाओं के भविष्य से ही उज्जवल होगा। उनका साहस, उनकी प्रतिभा और उनका समर्पण राष्ट्र की प्रगति को दिशा देगा। इसी विश्वास के साथ, इसी जिम्मेदारी के साथ और इसी निरंतर गति के साथ भारत अपने भविष्य की ओर आगे बढ़ता रहेगा।'

दैनिक अवन्तिका
स्वागतम् 2026
तीन-तीन बहुरंगीय कैलेंडर




एक वितरित दो और कैलेंडर जल्द आपके हाथों में
नए साल के तीन तरह के
नि:शुल्क कैलेंडर जल्द आपके हाथों में
श्री राम लला मंदिर और श्री महाकाल पोस्टर कैलेंडर
11 दिसंबर के अंक के साथ नि:शुल्क वितरित हो चुका है।
अब दो कैलेंडर बाकी पंचांग कैलेंडर और तिथि कैलेंडर
हॉकर से अपनी प्रति सुरक्षित करें और लेते रहे एक एक करके तीनों कैलेंडर
9977755777, 77710 90777, 9617957337, 9893047988, 0734 4041777, 0731 4085777

## शुक्रवार का महाकाल श्रृंगार



## व्यापारियों को बताया मिठाइयों पर चांदी वर्क कैसे लगाएं ताकि स्वास्थ्य खराब ना हो

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

जिले की दुकानों में मिठाइयों पर लगाए जाने वाले चांदी के वर्क की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए। नकली या मिलावटी वर्क का प्रयोग नहीं हो। दुकान संचालक यह ध्यान रखें कि मिठाइयों के ऊपर मापदंड के अनुसार ही वर्क का प्रयोग किया जाएं, ताकि इससे लोगों का स्वास्थ्य ठीक रहे। इसकी शुरूआत उज्जैन जिले से होना चाहिए। दुकान संचालकों को जागरूक किया जाएं।

यह निर्देश कलेक्टर रोशनकुमार सिंह ने प्रशासनिक संकुल भवन में खाद्य सुरक्षा के तहत जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक में दिए। जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी बसंतदत्त शर्मा ने बैठक में खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा की कार्रवाई और प्रयोगशाला में भेजे खाद्य पदार्थों के रेग्युलेटरी और सर्विलांस नमूनों के बारे में जानकारी दी।

विभाग से 98 प्रकरण प्रस्तुत किए। इस पर कलेक्टर ने एडीएम को शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। बैठक में इट राइट चैलेंज के चतुर्थ चरण से जुड़ी जानकारी भी दी गई। बताया कि चामुंडा माता मंदिर और इॅस्कान मंदिर को भोग सर्टिफिकेट प्रदान किया है। कॉसमॉस मॉल चौपाटी और तरण ताल चौपाटी को क्लीन स्ट्रीट फूड हब सर्टिफिकेट प्रदान किया है। शिप्रा रेसिडेंसी, पुलिस ऑफिसर्स मेस, ग्रेसिम केमिकल, ग्रेसिम इंडस्ट्रीज और होटल उज्जैनी को इट राइट कैंपस सर्टिफिकेट प्रदान किया है। रेलवे स्टेशन को भी सर्टिफिकेट भेंट किए हैं।

**हाथ से रगड़ने पर पानी हो जाने वाला चांदी का वर्क बेहतर:** शहर में मिठाई की प्रमुख 50 से 60 और छोटी-बड़ी सभी मिलाकर 200 से अधिक दुकानें हैं। खाद्य विभाग भी ये मानता है कि मिठाइयों पर लगाए जाने वाले चांदी के वर्क की गुणवत्ता पर वाकई ध्यान देने की जरूरत हैं। चूंकि इस बिंदु पर कलेक्टर ने ही ध्यान देने को कहा है तो विभाग भी ताबड़तोड़ तैयारी में जुट गया है। तैयारी यह कि जनवरी में जिलेभर के मिठाई के व्यापारियों की बैठक कर इन्हें मिठाई पर उपयोग किए जाने वाले चांदी के वर्क की गुणवत्ता के बारे में बताया जाएगा। कितना और किस प्रकार का चांदी का वर्क उपयोग किया जाना चाहिए, इनके बारे में प्रशिक्षण देंगे। साथ ही मिठाई पर अत्यधिक कलर का उपयोग नहीं करने की सीख भी दी जाएगी। जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी शर्मा बताते हैं कि उपभोक्ता भी चांदी के वर्क की गुणवत्ता परख सकता है, जो चांदी का वर्क अंगुलियों से रगड़ने पर पानी हो जाए, वह बेहतर क्वालिटी का होता है और जो रगड़ने के बाद काला पड़ जाए, वह गुणवत्ताहीन होता है।

### अभ्युदय मध्यप्रदेश ग्रोथ समिट में उज्जैन संभाग के अंतर्गत 28 इकाईयों के भूमिपूजन और लोकार्पण

# साढ़े 6 हजार लोगों को बनाया आवारा कुत्तों ने शिकार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

साल 2025 के गुजरने में आज से सिर्फ 5 दिन शेष रह गए हैं। इस वर्ष के 360 दिनों में उज्जैन के शासकीय चरक अस्पताल में 6 हजार 518 लोग आवारा श्वानों के काटने का शिकार होकर उपचार के लिए पहुंचे और उन्हें रैबिज के इंजेक्शन लगाए गए। इसके अलावा इस अवधि में 70 लोगों को उनकी पालतू बिल्लियों ने काट लिया। गांवों से भी 15 लोग सियार के काटने के बाद उपचार के लिए पहुंचे।

उज्जैन में इस साल 2025 की शुरूआत से लेकर आखिरी दिनों तक आवारा जानवरों के काटने की घटनाओं में बेतहाशा बढ़ोतरी देखी गई है। शासकीय चरक अस्पताल में इस साल के 360 दिनों में 6 हजार 518 लोग आवारा श्वानों के काटने से घायल हो कर पहुंचे। सभी मरीजों को रैबिज से बचाव के लिए इंजेक्शन लगाए गए। इसके अलावा पालतू बिल्लियों के काटने से भी 70 लोग प्रभावित हुए, जबकि गांवों में सियारों के हमले में 15 लोग घायल हुए और उन्हें चिकित्सा सहायता दी गई। अस्पताल प्रशासन के मुताबिक वर्ष 2025 में आवारा जानवरों, खासकर श्वानों का खतरा इस हद तक बढ़ गया है कि अस्पताल में मरीजों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। श्वान के काटने की घटनाओं में साल दर साल इजाफा हो रहा है। रैबिज जैसी गंभीर बीमारी से बचाव के लिए रैबिज के इंजेक्शन का समय पर लगाया जाना बेहद महत्वपूर्ण है।



### तत्काल रैबिज संक्रमण का ईलाज जरूरी

पशु चिकित्सक और रैबिज विशेषज्ञों का कहना है कि रैबिज का संक्रमण श्वानों के अलावा बिल्लियों और सियारों से भी फैल सकता है। इसलिए सभी को यह सलाह दी जाती है कि वे अपने आसपास आवारा जानवरों से दूर रहें और किसी भी जानवर के काटने पर तुरंत अस्पताल जाकर इलाज कराएं।

**ग्रामीण इलाकों में खतरा बढ़ा:** ग्रामीण इलाकों में सियारों के हमले की घटनाएं भी बढ़ी हैं। खासकर रात के समय जब लोग खुले में होते हैं, तो सियारों का खतरा अधिक होता है। अस्पताल में उपचार के लिए पहुंचने वाले ग्रामीणों का कहना है कि इस प्रकार के हमले से पूरी तरह सुरक्षित नहीं रहा जा सकता है और इसके चलते अब गांवों में सुरक्षा को लेकर अधिक चिंता पैदा हो रही है।

### चिकित्सकों की समझाईश

जानवरों से दूर रहें, खासकर आवारा श्वानों और बिल्लियों से।

श्वान या अन्य जानवरों के काटने पर तुरंत चिकित्सकीय सहायता प्राप्त करें।

रैबिज के इंजेक्शन समय पर लगवाएं, ताकि बीमारी से बचाव किया जा सके।

### जूना अखाड़े के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष महंत भारती को

# सोशल मीडिया पर मिली जान से मारने की धमकी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

जूना अखाड़े के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष महंत मोहन भारती को जान से मारने की धमकी मिली है। यह धमकी वॉट्सएप पर एक अंतरराष्ट्रीय नंबर से भेजी गई है। इसकी शिकायत तराना थाना पुलिस को की गई है।

महंत मोहन भारती अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष श्री पंच दशनाम जूना अखाड़ा एवं अध्यक्ष श्री पंचदशनाम जूना अखाड़ा बड़ा हनुमान घाट, वाराणसी को 24 दिसंबर 2025 को मोबाइल वॉट्सएप पर आपत्तिजनक, अमर्यादित एवं जानलेवा धमकी भरा संदेश प्राप्त हुआ था। इस संदेश के माध्यम से एक महीने के भीतर जान से मार देने की खुली धमकी दी गई है, बल्कि धार्मिक आधार पर भड़काऊ नफरत फैलाने वाली और आतंकित करने वाली बातें भी स्पष्ट रूप से लिखी हैं। संदेश में कहा गया है कि मोहन भारती कथित रूप से हिन्दू धर्म की बात करने और मुसलमानों के विरोध में बोलने के कारण मौत की सजा का पात्र है। वह जहां भी छिपा है ढूंढकर मार डालूंगा।



### पहले भी मिल चुकी है धमकी

पूर्व में भी महंत मोहन भारती को कुछ इसी प्रकार का धमकी भरा संदेश वॉट्सएप पर रामपुर उत्तर प्रदेश से आया था, जिसकी शिकायत संबंधित खानम तहशील स्वार जिला रामपूर उप्र में की गई थी तथा गत दो माह पूर्व श्री तिलभाण्डेश्वर मंदिर मठ तराना जिला उज्जैन में भी मंदिर की दानपेटी खोली गई थी। उसमें से भी इस प्रकार की धमकी भरा पत्र मिला था।

### हिंसक हमले की खुली धमकी दी

संदेश में जूना अखाड़ा के अध्यक्ष होते हुए धर्म विशेष के खिलाफ बोलने की सजा देने तथा आगामी शिवरात्रि के हिन्दू एकता कार्यक्रम स्थान तराना मध्यप्रदेश को रद्द न करने पर हिंसक हमले की खुली धमकी दी गई है। यह संदेश पूरी तरह से सांप्रदायिक विद्वेष फैलाने के उद्देश्य से लिखा गया है और इससे न केवल मोहन भारती की जान को प्रत्यक्ष खतरा उत्पन्न हुआ है बल्कि हिन्दू-मुस्लिम समुदायों के बीच शांति और सौहार्द बिगाड़ने की साजिश स्पष्ट झलकती है। इस संदेश के शब्द सार्वजनिक रूप से उकसावे नफरत हिंसा और धार्मिक भेदभाव को प्रोत्साहित करते हैं।

### पूर्व में यति नरसिंहानंद के साथ बयान देने पर मिली धमकी

बताया गया कि महंत मोहन भारती को यह धमकी स्वामी यति नरसिंहानंद के साथ मिलकर दिए गए बयानों के चलते मिली है। मैसेज में लिखा गया है कि जो लोग संप्रदाय विशेष के खिलाफ बोल रहे हैं, उन्हें अखाड़े से बाहर निकाला जाए। ऐसा न करने पर उन्हें और यति नरसिंहानंद को जान से मारने की धमकी दी गई है।

### उज्जैन और रामपुर दोनों जगह हैं महंत

महंत मोहन भारती मध्यप्रदेश के उज्जैन जिले के तराना में स्थित रानी अहिल्याबाई होलकर द्वारा निर्मित तिलभांडेश्वर प्राचीन मंदिर के महंत हैं। इसके अलावा वे उत्तर प्रदेश के रामपुर जिले की स्वार तहसील के मिलक थाना क्षेत्र स्थित पीपलीधाम देवी मंदिर के भी महंत हैं। वर्तमान में वह रामपुर में ही मौजूद हैं।

### सरकारी कार्यालयों में अफसरों के पद खाली....कामकाज पर पड़ रहा बुरा असर

# ग्रेड 1 और 2 के आधे से अधिक पद खाली

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

पूरे सूबे के साथ ही उज्जैन जिले के विभिन्न सरकारी कार्यालयों में भी अफसरों के पदों के खाली होने से कामकाज पर बुरा असर पड़ रहा है, क्योंकि हजारों पद भरे नहीं गए हैं, जिससे बचे हुए कर्मचारियों पर काम का बोझ बढ़ गया है और जनता को समय पर सेवाएं नहीं मिल पा रही हैं।

खासकर सरकारी विभागों में ग्रेड 1 और ग्रेड 2 के आधे से अधिक पद खाली पड़े हैं। ऐसे में वरिष्ठ स्तर के पदों के खाली होने से कार्यालयों के कामकाज पर असर पड़ रहा है।

जानकारी के अनुसार, प्रदेश में वरिष्ठ स्तर के स्वीकृत पदों में से करीब 85 हजार पद रिक्त हैं। यह कुल स्वीकृत पदों के करीब 42 प्रतिशत हैं। ग्रेड 1 और ग्रेड 2 के कुल 1.48 लाख पद स्वीकृत हैं। सरकारी रिकॉर्ड के अनुसार ग्रेड 1 के 8410 पद रिक्त हैं, जबकि ग्रेड 2 के 76 हजार 639 पद रिक्त हैं। मप्र में वरिष्ठ स्तर के रिक्त पद अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गए हैं। ग्रेड 1 और ग्रेड 2 राजपत्रित अधिकारी हैं। ग्रेड 1 के अधिकारियों में संयुक्त कलेक्टर और अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट रैंक के अधिकारी शामिल हैं, जबकि ग्रेड 2 के अधिकारियों में डिप्टी कलेक्टर और समकक्ष रैंक के अधिकारी शामिल हैं। ग्रेड 1 और ग्रेड 2 के अधिकारियों में आईएएस अधिकारी शामिल नहीं हैं। आईएएस अधिकारी भारत सरकार के नियमों के अधीन हैं।

दरअसल, वर्ष 2016 से प्रदेश में पदोन्नति प्रक्रिया रुकी होने के कारण सरकार ने अस्थाई व्यवस्था के तहत कनिष्ठ अधिकारियों को वरिष्ठ पदों का अतिरिक्त प्रभार दिया, लेकिन अधिकारी कनिष्ठ पदों पर भी बने रहे। इसका अर्थ यह है कि किसी कर्मचारी को वरिष्ठ पद का प्रभार दिए जाने पर भी उसका मूल पद रिक्त नहीं माना जाता। इससे नई भर्तियों के लिए अवसर नहीं बन पाए। पदोन्नति के पात्र कर्मचारियों की संख्या 4 लाख से ज्यादा है। पदोन्नति के बाद 2 लाख नए रिक्त पद अपेक्षित हैं। पिछले साढ़े नौ साल में एक लाख से ज्यादा कर्मचारी बिना पदोन्नति के रिटायर्ड हो गए। पदोन्नति पर रोक लगी होने से अधिकारी-कर्मचारियों की नाराजगी और उनमें व्याप्त निराशा को देखते हुए पदोन्नति का रास्ता खोलने के लिए डॉ. मोहन यादव कैबिनेट ने गत 17 जून को मप्र लोक सेवा प्रमोशन नियम-2025 को मंजूरी दी थी। सरकार ने पदोन्नति के नए नियमों के संबंध में 19 जून को गजट नोटिफिकेशन जारी कर दिया था।

## संतोषी माता मंदिर में बिना खटाई के 156 पकवानों का लगाया

**उज्जैन।** धार्मिक नगरी उज्जैन में शुक्रवार को आस्था और परंपरा का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। हरसिद्धि मंदिर के पीछे स्थित प्रसिद्ध संतोषी माता मंदिर में आज एक विशेष महोत्सव के दौरान बिना खटाई के 156 प्रकार के पकवानों का महाभोग अर्पित किया गया।

मंदिर के मुख्य पुजारी ने बताया कि संतोषी माता को प्रसन्न करने के लिए खटाई रहित भोग अर्पित करने की परंपरा है। हालांकि, यह पहली बार है। जब इतनी बड़ी संख्या में 156 व्यंजन तैयार कर माता को अर्पित किए जाएंगे। यह शाम को आरती के समय महाभोग शुद्धता, श्रद्धा और वैदिक विधि-विधान के साथ चढ़ाया ।

शाम 6 बजे ढोल-नगाड़ों और भक्तिमय वातावरण के बीच महाआरती का आयोजन होगा। इसके बाद नगर भोज महाप्रसादी आयोजित की गई। इस आयोजन को लेकर मंदिर समिति और स्वयंसेवकों द्वारा व्यापक व्यवस्थाएं की गई ।

इस अवसर पर मंदिर परिसर में स्थित 84 महादेवों में से एक प्राचीन श्री अगस्त्येश्वर महादेव को भी महाभोग अर्पित किया । संतोषी माता और श्री अगस्त्येश्वर महादेव का दिव्य एवं आकर्षक श्रृंगार किया जाएगा, जो श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा।

### हिंदुओं की हत्या के विरोध में बांग्लादेश के खिलाफ प्रदर्शन

# मोहम्मद यूनुस के पुतले को फांसी लटकाया, बांग्लादेश का झंडा जलाया



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे कथित अत्याचारों के विरोध में देशभर में बांग्लादेश सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन तेज हो गए हैं। उज्जैन में शुक्रवार को भारत-तिब्बत समन्वय संघ के के कार्यकर्ताओं ने बांग्लादेश के खिलाफ नारेबाजी की और बांग्लादेश के पीएम मोहम्मद यूनुस का पुतला दहन किया।

प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने बांग्लादेश के राष्ट्रीय ध्वज को पुतले पर लगाकर प्रतीकात्मक रूप से फांसी दी और विरोध दर्ज कराया। यह प्रदर्शन आगर रोड स्थित मोहन नगर अंबे माता मंदिर के पास यह प्रदर्शन किया गया।

संस्कृति रक्षक मंच के अध्यक्ष ने कहा कि बांग्लादेश में जिस प्रकार से साजिशन हिंदुओं पर अत्याचार किए जा रहे हैं, उनकी हत्याएं हो रही हैं, महिलाओं का अपमान किया जा रहा है और हिंदू धार्मिक स्थलों को निशाना बनाया जा रहा है, वह अत्यंत निंदनीय है। उन्होंने दावा किया कि दीपु दास और मंडल नामक दलित युवकों की पुलिस संरक्षण में हत्या होना असहनीय है।इस मौके पर बड़ी संख्या में हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 2026 में इस राशि पर रहेगा शनि की साढ़ेसाती का प्रभाव

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

न्याय और कर्मफल के देवता शनि जब किसी व्यक्ति के जीवन पर अपना प्रभाव डालते हैं तो सब कुछ बदल कर रख देते हैं। जब यह प्रभाव अच्छा होता है तो जातक को शुभ परिणाम प्राप्त होते हैं। वहीं अगर प्रभाव अच्छा नहीं है तो परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। शनि की ढैया और साढ़ेसाती के बारे में तो आपने सुना ही होगा। इनमें से साढ़ेसाती तीन चरण में पूरी होती है। साल 2026 में भी कुछ राशियों पर इसका प्रभाव देखने को मिलने वाला है।

शनि की साढ़ेसाती के दूसरे चरण को सबसे कष्टदायक माना गया है। वैसे तो साढ़ेसाती जीवन के कठिनतम दौर में से एक होती है जब व्यक्ति को अपने संयम, कर्म और मानसिक मजबूती की परीक्षा देनी पड़ती है। साल 2026 में मीन राशि के लोगों के लिए साडेसाती का चुनौतीपूर्ण चरण रहने वाला है। इन्हें खराब सेहत से लेकर कमजोर आर्थिक स्थिति का सामना करना पड़ेगा। चलिए जान लेते हैं ये कब शुरू होगी और कैसा असर डालेगी।

### मीन राशि पर शनि की साढ़ेसाती

नए साल में मीन राशि पर शनि की साढ़ेसाती का असर रहने वाला है। यह ग्राम 29 अप्रैल 2022 से शुरू हुआ था जिसका दूसरा चरण 29 मार्च 2025 से 3 जून 2027 तक रहेगा। इस राशि पर साढ़ेसाती 8 अगस्त 2029 को समाप्त होगी जब शनि का मेष राशि में प्रवेश होगा।

### 2026 रहेगा कष्टदायी

मीन राशि के जातकों के लिए 2026 सबसे कठिन रहने वाला है। इन्हें कई तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। कामकाज में अड़चन आएगी और समय पर काम पूरे नहीं हो पाएंगे। मेहनत तो करेंगे लेकिन उसके मुताबिक परिणाम नहीं मिलेंगे। धैर्य बनाए रखने की बहुत आवश्यकता है। इन लोगों को बातचीत के दौरान अपने शब्दों पर ध्यान देने की जरूरत है। कार्यस्थल पर वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मतभेद की स्थिति बनेगी। कुछ लोग नौकरी बदलने पर विचार करेंगे लेकिन बिना सोचे समझे कोई भी निर्णय नहीं लें।

### अभ्युदय मध्यप्रदेश ग्रोथ समिट में उज्जैन संभाग के अंतर्गत 28 इकाईयों के भूमिपूजन और लोकार्पण

# उज्जैन संभाग में 1400 से अधिक लोगों को मिलेंगे रोजगार के नए अवसर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

ग्वालियर में आयोजित राज्य स्तरीय अभ्युदय मध्यप्रदेश ग्रोथ समिट के अंतर्गत उज्जैन में देवास रोड स्थित मेजर्स बेस्ट लाईफ अपेरल्स प्राइवेट लिमिटेड में संभाग स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि राज्यसभा सांसद बालयोगी श्री उमेशनाथ जी महाराज, विधायक श्री अनिल जैन कालूहेडा, सभापति नगर निगम श्रीमती कलावती यादव, उपाध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती शिवानी कुंवर, श्री संजय अग्रवाल उपस्थित थे।

अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर और पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र के समक्ष पुष्पांजली अर्पित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया।एमपीआईडीसी के क्षेत्रीय एमडी श्री राजेश राठौर ने सभी अतिथियों का शॉल और पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया।सांसद बालयोगी श्री उमेशनाथ जी महाराज ने इस अवसर पर कहा कि उज्जैन में अभ्युदय मध्यप्रदेश के अंतर्गत आज सफल आयोजन किया गया है। यह आयोजन निश्चित रूप से प्रदेश के औद्योगिक भविष्य की दिशा तय करने वाला सबसे अहम मंच साबित होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के कुशल नेतृत्व में प्रदेश में अधोसंरचना और औद्योगिक विकास एक उत्तम संतुलन बनाकर किया जा रहा है।

अभ्युदय मध्यप्रदेश ग्रोथ समिट में आज उज्जैन को कई उद्योगों की सौगात मिली है। उज्जैन में निवेश के माहोल को निश्चित रूप से और मजबूती मिलेगी। उज्जैन और पूरा मालवा क्षेत्र आने वाले वर्षों में उत्पादन निर्यात और सतत विकास का बडा केंद्र बनकर उभरेगा।श्रीमती कलावती यादव ने कहा कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने सुशासन की नींव रखी थी।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना के साथ निरंतर देश को आगे ले जाने का कार्य किया जा रहा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी पिछले 02 वर्षों में कई बार प्रदेश में आए है और उन्होंने प्रदेश को कई सौगातें दी है। विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए राज्यों को भी देश के साथ कदम बढाने होंगे। हम सब के लिए अत्यंत गौरव का विषय है कि मध्यप्रदेश अब एक विकसित प्रदेश बन रहा है।कार्यक्रम में स्वागत भाषण रिप्राइड रेमेडीज के सीआईआई श्री अक्षत चोरडिया ने दिया। उन्होंने बताया कि निवेश और रोजगार में बड़ा उछाल अधिकारिक आंकड़ों के अनुसार पिछले दो वर्षों में उज्जैन संभाग में 38,506 करोड़ का निवेश आया है, जिससे 33,676 रोजगार के अवसर सृजित हुए हैं।




गुरुवार को अभ्युदय मध्यप्रदेश ग्रोथ समिट के दौरान उज्जैन संभाग के अंतर्गत विभिन्न जिलों में कुल 28 औद्योगिक इकाइयों का भूमिपूजन/लोकार्पण एवं एलओआई वितरण किया गया है। जिसमें कुल 17161.50 करोड़ रुपए का निवेश मिलेगा और 14198 नए रोजगार सृजित होंगे। यह परिवर्तन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की औद्योगिक दृष्टि, राज्य सरकार की उद्योग-हितैषी नीतियों और निरंतर आयोजित औद्योगिक कॉन्क्लेवों का परिणाम माना जा रहा है।

नीतिगत सुधारों से बढ़ा निवेशकों का भरोसाराज्य सरकार द्वारा लागू औद्योगिक प्रोत्साहन नीति-2025 को उद्योग जगत से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है। निवेश पर 40 प्रतिशत तक बेसिक इन्वेस्टमेंट प्रमोशन असिस्टेंस, निर्यात आधारित इकाइयों को 1.3 गुना लाभ, रोजगार सृजन पर 1.5 गुना तक प्रोत्साहन और हरित औद्योगीकरण के लिए 50 प्रतिशत अनुदान ( अधिकतम 10 करोड़ ) जैसे प्रावधानों ने निवेशकों का विश्वास बढ़ाया है। सिंगल विंडो सिस्टम, एमपी इन्वेस्ट पोर्टल की ई-नीलामी और एमपीआईडीसी व जिला प्रशासन के समन्वय से औद्योगिक प्रक्रियाएं तेज हुई हैं।संभाग का हर जिला आज किसी न किसी बड़े औद्योगिक प्रोजेक्ट के माध्यम से प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूती दे रहा है।उज्जैन जिले में विक्रम उद्योगपुरी और मेडिकल डिवाइस पार्क औद्योगिक विकास के प्रमुख केंद्र बनकर उभरे हैं। विक्रम उद्योगपुरी में 6,481 करोड़ के निवेश से 18 हजार से अधिक रोजगार सृजित होने की संभावना है, जबकि मेडिकल डिवाइस पार्क में 2,899 करोड़ के निवेश से 11 हजार से ज्यादा लोगों को रोजगार मिलेगा। इसके अलावा मक्सी फेज-2 में जैक्सन ग्रुप का 8,152 करोड़ का बड़ा प्रोजेक्ट भी आ चुका है।कार्यक्रम में बेस्ट लाइफ अपेरल्स में कार्यरत नेहा तोमर ने कहा कि पहले हमें रोजगार के लिए दूसरे शहरों की ओर देखना पड़ता था, लेकिन उद्योग आने से यहीं काम मिला। आज मेरी नियमित आय है, परिवार का जीवन स्तर सुधरा है और बच्चों की पढ़ाई बेहतर हो पाई है।इकाई में कार्यरत सुप्रिया बुनकर ने कहा कि इस उद्योग में काम मिलने से मुझे आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिला। सरकार की औद्योगिक नीतियों की वजह से हमारे जैसे कई लोगों को रोजगार मिला है। इससे न सिर्फ आमदनी बढ़ी है, बल्कि समाज में सम्मान भी बढ़ा है।इसके पश्चात सभी ने ग्वालियर में आयोजित अभ्युदय ग्रोथ समिट के राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा।

नं.1 क्षेत्रीय अख़बार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर



## न्यूज ब्रीफ

### रेस्क्यू मादा तेंदुआ चिड़ियाघर में, वन विभाग ने नहीं लिया:

**उज्जैन।** महू से इंदौर रेस्क्यू कर लाई गई घायल मादा तेंदुए को वन विभाग वापस लेने में आनाकानी कर रहा है। जानकारी के अनुसार, इंदौर पहुंचने पर मादा तेंदुए का एक पंजा पहले से घायल था। चिड़ियाघर के डॉक्टर ने पंजे को उसके पैर से अलग कर लगभग स्वस्थ कर दिया। इसके बाद से ही इंदौर चिड़ियाघर प्रबंधन ने कई बार लिखित और मौखिक रूप से वन विभाग इंदौर से अनुरोध किया कि इसे अपने रेस्क्यू सेंटर, भोपाल फॉरेस्ट, ले जाए। लेकिन वन विभाग अब इसे वापस लेने में आनाकानी कर रहा है। इंदौर वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि वे इस मामले में भोपाल के वन विहार सहित प्रदेश के अन्य फॉरेस्ट रेस्क्यू सेंटर के अधिकारियों से लगातार संपर्क में हैं, लेकिन किसी भी रेस्क्यू सेंटर में जगह उपलब्ध नहीं है। चिड़ियाघर प्रबंधन के अनुसार, उनके यहां भी जगह सीमित है और वे मादा तेंदुए को अधिक समय तक नहीं रख सकते। महू से तेंदुआ को वन विभाग के शिकारी के फंदे से बचाकर लाया गया था। तब इसके एक पैर में फ्रैक्चर और पंजा घायल था।

### महाराजवाड़ा स्कूल की 8 बस का संचालन फिर से शुरू

**उज्जैन।** सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महाराजवाड़ा क्रमांक-3 की 8 बसों का संचालन बस सर्विस प्रोवाइडर कंपनी ने फिर से शुरू कर दिया है।

शहर के तीन सांदीपनि स्कूलों में बसों के बकाया बिलों का भुगतान नहीं होने के कारण बस सर्विस प्रोवाइडर कंपनी समाया स्कूल बस ट्रांसपोर्टेशन लिमिटेड ने 16 दिसंबर से बसों का संचालन बंद कर दिया था। इसमें सांदीपनि शासकीय जालसेवा निकेतन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की 6, जीवाजीगंज की 4 और महाराजवाड़ा क्रमांक-3 विद्यालय की 8 बसों का संचालन बंद कर दिया था। बकाया बिल का भुगतान होने पर सोमवार से जालसेवा निकेतन और जीवाजीगंज विद्यालय की बसों का संचालन शुरू कर दिया था, लेकिन जून 2025 से बिल बकाया होने के कारण महाराजवाड़ा क्रमांक-3 विद्यालय की बसों का संचालन शुरू नहीं किया था। मंगलवार को जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में बस सर्विस प्रोवाइडर कंपनी के अधिकारी और प्राचार्य के साथ बैठक के बाद प्रभारी डीईओ के आश्वासन पर बस संचालन फिर से शुरू करने पर सहमति बनी थी। हालांकि करीब 40 लाख रुपए से अधिक के बकाया बिलों पर अभी भी स्कूल प्रबंधन की ओर से साइन नहीं किए हैं।

### व्यापारियों को बताए मिठाइयों पर चांदी वर्क सही लगाएं

**उज्जैन।** जिले की दुकानों में मिठाइयों पर लगाए जाने वाले चांदी के वर्क की गुणवत्ता का विशेष ६?यान रखा जाना चाहिए। नकली या मिलावटी वर्क का प्रयोग नहीं हो। दुकान संचालक यह ६?यान रखें कि मिठाइयों के ऊपर मापदंड के अनुसार ही वर्क का प्रयोग किया जाएं, ताकि इससे लोगों का स्वास्थ्य ठीक रहे। इसकी शुरूआत उज्जैन जिले से होना चाहिए। दुकान संचालकों को जागरूक किया जाएं।

यह निर्देश कलेक्टर रोशनकुमार सिंह ने दिए। वे प्रशासनिक संकुल भवन में खाद्य सुरक्षा के तहत जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक ले रहे थे। जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी बसंतदत्त शर्मा ने बैठक में खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा की कार्रवाई और प्रयोगशाला में भेजे खाद्य पदार्थों के रेग्युलेटरी और सर्विलांस नमूनों के बारे में जानकारी दी। विभाग से 98 प्रकरण प्रस्तुत किए हैं। इस पर कलेक्टर ने एडीएम को शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। बैठक में इट राइट चैलेंज के चतुर्थ चरण से जुड़ी जानकारी भी दी गई। बताया कि चामुंडा माता मंदिर और इॅस्कान मंदिर को भोग सर्टिफिकेट प्रदान किया है। कॉसमॉस मॉल चौपाटी और तरण ताल चौपाटी को क्लीन स्ट्रीट फूड हब सर्टिफिकेट प्रदान किया है।

---

### परिवहन की अवैध कमाई, चेक पोस्ट बंद तो चेक पॉइंट से वसूली

# मोहन सरकार में कई सौरभ शर्मा हुए दलाल के रूप में सक्रिय

### 40 से ज्यादा चेक पॉइंट लूट पॉइंट बने

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

परिवहन विभाग ने अवैध कमाई की शिकायतों के बाद चेक पोस्ट बंद कर और उनकी जगह चेक पॉइंट शुरू कर दिया है। लेकिन बस इनके नाम ही बदले हैं, अवैध कमाई जोरों पर है।

परिवहन विभाग के कर्मचारी और आरटीओ के निजी दलाल चेकिंग के नाम पर ट्रकों से अवैध वसूली कर रहे हैं। चालान का डर दिखाकर एक ट्रक से 500 रु. से 1000 रुपए तक वसूले जा रहे हैं। इस तथ्य पर गत दिनों उस समय मुहर लग गई जब आरटीओ के एक प्राइवेट दलाल को ड्राइवर ट्रक पर 5 किमी तक लटकाए रखा।




दरअसल, सरकार ने भले ही चेक पोस्ट बंद कर चेक पॉइंट शुरू कर दिया है, लेकिन अवैध वसूली निरंतर जारी है। किसी चेक पॉइंट पर एक कर्मचारी ट्रक रोकता है, दूसरा परेशान करके रुपए मांगता है और तीसरा वसूली करता है। नियमित गाडियों के हर फेरे के 500 से 1000 रु. लिए जाते हैं। अन्य राज्यों की गाड़ी से वसूली 3 हजार तक होती है। पॉइंट पर मंथली प्लान भी है। हनुमना आरटीओ चेक पोस्ट से रीवा के बीच ट्रक चालक सुमित पटेल ने जिस तरह आरटीओ के एक प्राइवेट दलाल को ट्रक पर 5 किमी तक लटकाए रखा उससे चेक पॉइंट पर अवैध वसूली की पोल खुल गई है। ऐसे सवाल के जवाब में न सिर्फ ट्रांसपोर्ट एसोसिशन, बल्कि व्यापारी भी एक सुर में कहते हैं कि ये कोई एक पांच सौ हजार रुपए की बात नहीं। हजारों ट्रक चलते हैं। आरोप है कि एमपी के 40 से ज्यादा चेक पॉइंट अब लूट पॉइंट बन चुके हैं। पूछताछ करने पर कहा जाता है कि चलना है तो देना पड़ेगा। सबसे ज्यादा परेशानी भिंड-मुरैना, रीवा, बैतूल से सटे इलाकों में होती है। बिना लेन-देन किए गाडियों को जाने ही नहीं दिया जाता है।

#### निजी दलाल फिर सक्रिय

**ट्रांसपोर्ट एसोसिशन का कहना है** कि मोहन सरकार से पहले जिस तरह चेक पोस्ट पर निजी आदमी वसूली करते थे, वह फिर शुरू हो गए हैं। कई नए सौरभशर्मा पैदा हो गए हैं।

**ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस** नई दिल्ली मैनेजिंग कमेटी के मेंबर के सीएल मुकाती कहते हैं कि सरकार ने अवैध वसूली रोकने के लिए मप्र सीमा पर बने सभी चेक पोस्ट एक जुलाई 2024 से बंद कर दिए थे। इसमें से सभी 100 फीसदी परिवहन विभाग और उनके गुंड़ों के जरिए दोबारा ऑपरेट हो रहे हैं।

स्थिति ये है कि रोजाना मप्र के अलग अलग लोकेशन से लाखों की वसूली की जा रही है। रोज जबरन गाड़ियों को रोका जा रहा है। गत दिनों हनुमना आरटीओ चेक पोस्ट से रीवा के बीच फोटो में दिखाई दे रहे आरोपी ट्रक चालक सुमित पटेल ने बताया कि दलाल लगातार पैसे देने का दबाव बना रहा था।

**जब मना किया, तो दलाल जबरन** ट्रक पर चढ़ गया। इसके बाद उसने ट्रक को आगे बढ़ा दिया। दलाल करीब 5 किलोमीटर तक ट्रक के गेट पर लटका रहा। वह बार-बार पैर छूकर माफी मांगता रहा। छोड़ देने की गुहार लगाता रहा।

---

# युवा मोर्चा के अध्यक्ष के लिए खींचतान

### मेंदोला के लिए दिक्कत, किसका नाम आगे बढ़ाए

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

नगर टीम की घोषणा के बाद अब मोर्चा अध्यक्षों को लेकर हलचल शुरू हो गई है। पैनल बनाने के लिए कहा गया है जिसमें जल्द ही इस - पर निर्णय भी हो सकता है। नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा के नगर अध्यक्ष बनने के बाद अब टीमों के गठन की प्रक्रिया से भी शुरू हो गई है। सबसे ज्यादा माथापच्ची युवा मोर्चा के अध्यक्ष को लेकर है। इसके लिए भोपाल तक दौड़ लगाने का काम शुरू हो गया है। हालांकि पैराशूट से उतारने की कोशिश न हो रही है लेकिन संभावनाएं कम दिख रही है। युवा मोर्चा के शहर अध्यक्ष के लिए धीरज ठाकुर के साथ नयन दुबे है।

बताते है कि युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर के जरिए धीरज ने पैरवी शुरू कर दी है। असल में टेलर को अध्यक्ष बनाने में सांसद महेन्द्रसिंह सोलंकी का रोल सबसे ज्यादा रहा है और धीरज उन्हीं के जरिए अब करीब पहुंचने की कोशिश कर रहे है।



#### अध्यक्ष के रूप में कई युवा चेहरे सामने दिखाई दे रहे है

एक और नाम प्रतीकसिंह बघेल का है जो विधायक रमेश मेंदोला के सबसे करीबी रह चुके है और उनके लिए दादा हाथ आगे बढ़ाया तो फायदा हो सकता है। इतना ही नहीं अक्षत चौधरी के लिए भी रमेश मेंदोला लगे हुए अब दोनों में जिस नाम के लिए विचार हो जाए वह महत्वपूर्ण है। नयन दुबे के लिए प्रदेश महामंत्री गौरव रणदीवे साथ दे रहे है। रणदीवे आ जाए परन्तु ऐसा नहीं हो पाया था। सामाजिक समीकरण के हिसाब से खाती समाज के रोहित चौधरी का नाम भी आगे बढ़ते दिख रहा है। कारण सब अध्यक्ष थे तब भी उन्होंने कोशिश की थी कि नयन का नाम सामने अभी से कोशिश चल रही है। यही है कि इस समाज को भी ज्यादा जिम्मेदारी नहीं मिली है इसलिए अब वहां पर यही प्रयास किया जा रहा है कि युवा मोर्चा के अध्यक्ष के रूप में कई युवा चेहरे सामने दिखाई दे रहे है

#### देखना यह है कि लाटरी किसकी लगती है

कोई नए नाम पर भी विचार हो सकता है लेकिन प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल और युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर की मौजूदगी के बाद ही यह फैसला हो पायेगा। इसके अलावा संभावनाएं कम नजर आ रही है। युवा मोर्चा के अलावा महिला मोर्चा और अनुसूचित जाति मोर्चा के अध्यक्ष के लिए भी पैनल बनाने के लिए कहा गया है, जल्द ही इस पर काम शुरू हो जायेगा। नए साल में सभी नियुक्तयां हो सकती है।

---

## पुलिसकर्मी से विवाद करने वाले इन्फ्लुएंसर ने मांगी माफी

### क्राइम ब्रांच में पहुंचकर कहा- गलती हो गई; हीरानगर पुलिस ने किया गिरफ्तार

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

इंदौर के हीरानगर क्षेत्र में मंगलवार रात पुलिसकर्मी से विवाद करने वाले इन्फ्लुएंसर सोनू उर्फ पंकज वर्मा और उनके साथी शुक्रवार को क्राइम ब्रांच कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने एडीशनल डीसीपी के सामने माफी मांगी। इस दौरान विवाद में शामिल उनके दो अन्य इन्फ्लुएंसर साथी भी मौजूद थे। इसके बाद सभी को हीरानगर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

एडीशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया के कार्यालय में इन्फ्लुएंसर सोनू वर्मा, आदित्य वैष्णव और उनके साथी पहुंचे। उन्होंने सामूहिक रूप से माफी मांगते हुए कहा कि उनसे गलती हो गई थी। गुस्से में आकर उन्होंने हीरानगर के पुलिसकर्मी से बहस की और बदतमीजी कर बैठे। उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस ने उन्हें पूरा सहयोग दिया है और भविष्य में ऐसी गलती दोबारा नहीं होगी।

इस पर एडीशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने उन्हें समझाइश देते हुए कहा कि वे समाज के सामने एक अच्छा चेहरा पेश करते हैं, इसलिए भविष्य में न तो इस तरह का कंटेंट बनाएं और न ही ऐसी गलतियां दोहराएं।

---

## इंदौर में आई 15 करोड़ की रॉल्स रॉयस एसयूवी

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

स्टाइल, परफॉर्मेंस और रॉयल लुक के लिए पूरी दुनिया में फेमस ब्रिटिश लग्जरी कार ब्रांड रॉल्स रॉयस की सुपर स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल्स (एसयूवी) कलिनन सीरिज-2 अब इंदौर की सड़कों पर भी दौड़ती नजर आएगी।

यह मध्यप्रदेश की सबसे महंगी और पहली कलिनन सीरिज-2 लग्जरी कार है। इसकी डिलीवरी गुरुवार को रोल्स रॉयस कंपनी ने इंदौर में की है। हाल ही में कार को रेपर बादशाह ने भी खरीदा है। यह लग्जरी कार रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी के पास भी है। इंदौर के उद्योगपति केके सिंह के बेटे माणिक और अंकित सिंह ने इस



अल्ट्रा लग्जरी एसयूवी कार को 15 करोड़ 10 लाख रुपए कीमत (ऑन रोड प्राइस) में खरीदा है। एमरल्ड ग्रीन कलर कॉम्बिनेशन वाली यह कार टढ की सबसे महंगी कार है। एसयूवी के लिए आरटीओ से विशेष नंबर 0085 नंबर खरीदा जा रहा है। यह एसयूवी महज 5.2 सेकंड में 0 से 100 किमी प्रतिघंटा की स्पीड पकड़ लेती है। इस कलिनन कार का ग्राउंड क्लीयरेंस 190टट (मिली मीटर) है। जरूरत पड़ने पर एक बटन दबाते ही इसका ग्राउंड क्लीयरेंस 40टट बढ़कर 230टट हो जाता है। कार ओनर साक्षी सिंह ने बताया कि यह उनकी ड्रीम कार है जो 1 साल में तैयार होकर यूके से इंदौर आई है।

---

# सिख समाज ने वीर बाल दिवस पर रैली निकाली

### मनिंदर सिंह बिट्टा हुए शामिल, उज्जैन के गुरुद्वारे में हुआ लंगर का आयोजन

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

उज्जैन में 26 दिसंबर को सिख समाज ने वीर बाल दिवस के अवसर पर शौर्य रैली निकाली। इस रैली में इंडिया एंटी टेररिस्ट फ्रंट के अध्यक्ष मनिंदर सिंह बिट्टा भी शामिल हुए। रैली गुरुद्वारा सुख सागर से शुरू होकर विभिन्न मार्गों से गुजरी और गुरुद्वारा माता गुजरी पर समाप्त हुई, जहां अटूट लंगर का आयोजन किया गया।



फ्रीगंज स्थित गुरुद्वारा सुख सागर से रैली के पूर्व मनिंदर सिंह बिट्टा ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि सिख कौम मानवता की रक्षा के लिए बनी है। गुरु महाराज की कुर्बानियां उनके जप, तप और त्याग से सजी हैं। बिट्टा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने वीर बाल दिवस की घोषणा कर सिख समाज के योगदान को पूरी दुनिया के सामने रखा। उन्होंने जोर दिया कि आने वाली पीढ़ी को सिख कौम के योगदान और साहिबजादों के बलिदान के बारे में पता चलना चाहिए। इस अवसर पर निगम सभापति कलावती यादव, नगर भाजपा अध्यक्ष संजय अग्रवाल और गुरु सिंध सभा के अध्यक्ष इकबाल सिंह गांधी भी मौजूद रहे।

---



## 100 करोड़ रुपये से अधिक का आया दान

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर साल 2025 में भी देश-विदेश के आस्थावानों का प्रमुख केंद्र रहा। 1 जनवरी 2025 से अब तक 5.5 करोड़ दर्शनार्थियों ने अवंतिकानाथ के दर्शन किए। इसी के साथ मंदिर में 100 करोड़ रुपये से अधिक का दान भी आया। करीब 13 करोड़ रुपये का सोना-चांदी भी भेंट के रूप में प्राप्त हुआ है। कुल मिलाकर यह गत वर्ष की तुलना में अधिक है। बीते वर्ष 92 करोड़ रुपये दान के रूप में प्राप्त हुए थे। मंदिर प्रबंध समिति ने शुक्रवार सुबह ये आंकड़े जारी किए। उल्लेखनीय है कि महाकाल मंदिर में श्री महाकाल महालोक बनने और अक्टूबर 2022 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा इसका लोकार्पण करने के बाद से ही यहां आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ी है। पहले मंदिर में रोजाना 35 से 40 हजार श्रद्धालु आते थे।

---

# अब नदियों की सेहत से तय होगी स्वच्छ शहरों की रैंकिंग

### स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26, जल शुद्धि बिना टॉप रैंक मुश्किल

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर**

स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 ने देशभर के शहरों के लिए स्वच्छता की परिभाषा ही बदल दी है। अब केवल सडकें साफ होना या कचरे का समय पर उठना ही पर्याप्त नहीं होगा, बल्कि शहर की रैंकिंग उसकी नदी की सेहत से भी सीधे तौर पर जुड़ गई है।

केंद्र सरकार की नई गाइडलाइन में रिवर टाउन की अवधारणा को और मजबूत किया गया है। नर्मदा, शिप्रा, गंगा जैसी प्रमुख नदियों के तट पर बसे शहरों के लिए जल गुणवत्ता, घाटों की स्वच्छता और नदी किनारे रहने वाले नागरिकों का अनुभव निर्णायक होगा।



#### 12,500 अंकों की परीक्षा में नदी बनी केंद्र

स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 को 12,500 अंकों की राष्ट्रीय परीक्षा की तरह डिजाइन किया गया है। इसमें रिवर टाउंस के लिए अलग से कड़े मानक तय किए गए हैं। नदी घाटों की सफाई, सीवेज प्रबंधन, औद्योगिक अपशिष्ट का निस्तारण और नदी में गिरने वाले नालों की स्थिति का गहन आकलन होगा। केवल कागजी दावों से नहीं, बल्कि मौके पर वास्तविक स्थिति देखकर अंक दिए जाएंगे।



#### उज्जैन और ओंकारेश्वर के लिए बड़ी चुनौती

मोक्षदायिनी शिप्रा के तट पर बसी उज्जैन और नर्मदा किनारे स्थित ओंकारेश्वर के लिए यह सर्वे सबसे बड़ी परीक्षा बन गया है। उज्जैन के लिए शिप्रा सिर्फ नदी नहीं, बल्कि आस्था, संस्कृति और पहचान का आधार है। सिंहस्थ महाकुंभ जैसी विश्वस्तरीय धार्मिक परंपरा इसी नदी से जुड़ी है। नई गाइडलाइन के बाद शिप्रा सीधे स्वच्छता आकलन के केंद्र में आ गई है। उज्जैन देश के चुनिंदा टॉप-छह मझोले शहरों (तीन से 10 लाख आबादी) में शामिल है, जिन्हें लगातार बेहतर प्रदर्शन के आधार पर 'सुपर स्वच्छता लीग' में स्थान मिला है। लेकिन इस बार चुनौती और कठिन है। शिप्रा की स्वच्छता में कान्ह नदी बड़ी बाधा बनकर सामने आ रही है। कान्ह नदी का प्रदूषित पानी शिप्रा में मिल रहा है, जिससे जल गुणवत्ता प्रभावित हो रही है।

---

## सुशासन दिवस पर ग्राम पंचायत धुलेट में ग्राम सभा आयोजित

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन**

पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर मनाए जा रहे सुशासन दिवस पर प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम में पारदर्शिता, त्वरित निर्णय और जन-केंद्रित सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण देखने को मिला है। जनपद पंचायत महिदपुर की ग्राम पंचायत धूलेट में गुरुवार को आयोजित विशेष ग्राम सभा में रमेश पिता श्री कैलाश, निवासी ग्राम घीयाखेड़ी द्वारा मत्स्य पालन पट्टे के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया था। ग्राम सभा में उपस्थित मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत महिदपुर मीना झा, मत्स्य पालन विभाग की सहायक संचालक नीलम नरें ,ए.पी.ओ. कमल पाटीदार, सरपंच पवन बाई परमार, सचिव ईश्वर लाल परमार तथा ग्राम रोजगार सहायक श्री अर्जुन परमार ने आवेदन पर तत्काल कार्रवाई की।

## फ्रीगंज स्थित पुरानी सब्जी मंडी से अतिक्रमण हटने के बाद सड़कों का असली स्वरूप देखने को मिल रहा



**उज्जैन।** निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देश पर निगम द्वारा शुक्रवार को भी फ्रीगंज स्थित पुरानी सब्जी मंडी एवं अन्य स्थानों से अवैध अतिक्रमण जिसमें हाथ ठेले एवं गुमटियों को निगम रिमूवल गैंग द्वारा हटाने की कार्रवाई जारी रही, निगम आयुक्त द्वारा दिए गए सख्त निर्देश के क्रम में फ्रीगंज पुरानी सब्जी मंडी में अवैध रूप से संचालित सब्जी के ठेला को जप्त किया गया। फ्रीगंज पुरानी सब्जी मंडी से ठेले व गुमटियां हटने के बाद यहां कि सड़कों का असली स्वरूप देखने को मिल रहा है सड़क पर वाहनों को निकलने के लिए जगह नहीं मिलती थी वह सड़कें अब खाली दिखाई दे रही है वहीं वाहन चालकों को भी यहां से निकलने में कोई परेशानी नहीं हो रही है। **चरक अस्पताल के पास हो रहा अवैध अतिक्रमण हटाया –** इसी तरह शुक्रवार को नगर निगम अतिक्रमण रिमूवल गैंग द्वारा चरक अस्पताल के पास लगने वाली चौपाटी क्षेत्र में कार्यवाही करते हुए 07 अवैध रूप से संचालित गुमटियों को जप्त करने की कार्यवाही निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देश के अनुसार की गई। निगम आयुक्त द्वारा निरीक्षण के दौरान निर्देशित किया गया था कि चरक अस्पताल के पास अवैध रूप से संचालित गुमटियों एवं हाथ ठेले के कारण काफी गंदगी के साथ-साथ आवागमन में समस्या उत्पन्न होती है जिसके क्रम में रिमूवल गैंग द्वारा कार्यवाही करते हुए अवैध गुमटियां एवं हाथ ठेले को जप्त किया गया। उक्त कार्यवाही गैंग प्रभारी मोनू थनवार एवं रिमूवल गैंग के कर्मचारियों की उपस्थिति में की गई।

## एडीजी व डीआईजी ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से कानून-व्यवस्था की समीक्षा की

**उज्जैन।** शुक्रवार को अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक, उमेश जोगा तथा पुलिस उप महानिरीक्षक, उज्जैन रेंज नवनीत भसीन द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उज्जैन रेंज के जिलों उज्जैन, देवास, शाजापुर एवं आगर मालवा की कानून-व्यवस्था एवं सुरक्षा तैयारियों की समीक्षा की गई। वीडियो कॉन्फ्रेंस में संबंधित जिलों के पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, नगर पुलिस अधीक्षक, अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) एवं समस्त थाना प्रभारी उपस्थित रहे। आगामी नववर्ष 2026 के अवसर पर शांति, सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए गए। यह निर्देश दिए - 01. संवेदनशील एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में सतत एवं सघन पेट्रोलिंग की जाए तथा आवश्यकता अनुसार फिक्स प्वाइंट लगाए जाएं। 02. सार्वजनिक स्थलों जैसे होटल, रेस्टोरेंट, रिसॉर्ट, ढाबा, बाजार, पार्क, मॉल एवं धार्मिक स्थलों पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था एवं पुलिस की तैनाती की जाए। 03. महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों, मॉल एवं बाजार क्षेत्रों में एंटी-सैबोटाज चेकिंग कराई जाए। 04. यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ रखा जाए तथा नशे में वाहन चलाने वालों के विरुद्ध ब्रीथ एनालाइजर के माध्यम से सघन जांच की जाए। 05. नववर्ष की पूर्व संध्या पर शराब पीकर वाहन चलाने, हुड़दंग करने एवं अन्य अवैधानिक कृत्यों में संलिप्त व्यक्तियों पर सतत निगरानी रखते हुए साक्ष्य अनुसार कठोर वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। 06. पिकनिक स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाए। नदी, डैम एवं जलाशयों के समीप स्थित पिकनिक स्थलों पर मोटर बोट, गोताखोर एवं अन्य आवश्यक सुरक्षा उपकरणों की समुचित व्यवस्था की जाए। 07. छात्रावासों में जाकर संबंधित स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं को नववर्ष के अवसर पर सुरक्षा, अनुशासन एवं कानून पालन के संबंध में आवश्यक समझाइश दी जाए। 08. शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाए, जिससे सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हो सके 09. किसी भी प्रकार के हथियार लेकर चलने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा एवं उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। 10. तेज गति से वाहन चलाने वालों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर कार्रवाई की जाए। 11. नववर्ष के आयोजनों के दौरान ध्वनि प्रदूषण न हो, इसके लिए व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए तथा ध्वनि प्रदूषण करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जाए।

## संतोषी माता मंदिर में बना वर्ल्ड रिकॉड

**उज्जैन।** उज्जैन में संतोषी माता मंदिर में 173 बिना खटाई के व्यंजन का भोग लगाया गया। आरती के बाद गोल्डन बुक की टीम ने काउंटिंग कर संतोषी माता मंदिर के नाम पर रिकॉर्ड दर्ज होने की घोषणा की। जिसके बाद आतिशबाजी कर जश्न मनाया गया। सुबह से 156 भोग लगाने की बात थी लेकिन शाम होते होते बिना खटाई के 173 व्यंजनों का भोग संतोषी माता मंदिर में लगाया गया। मंदिर के मुख्य पुजारी मनोज पुरी गोस्वामी ने बताया कि संतोषी माता को प्रसन्न करने के लिए खटाई रहित भोग अर्पित करने की परंपरा है। हालांकि, यह पहली बार है। जब इतनी बड़ी संख्या में 156 व्यंजन तैयार कर माता को अर्पित किए गए। शाम को आरती के समय महाभोग शुद्धता, श्रद्धा और वैदिक विधि-विधान के साथ चढ़ाया गया।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 238-3 | 200-2 |
| मेन बाजार | 670-3 | 450-9 |
| कल्याण नाइट | 124-7 | 560-1 |
| मिलन डे | 357-5 | 269-7 |
| मिलन नाइट | 577-9 | 124-7 |
| मधुर डे | 368-7 | 358-6 |
| मधुर नाइट | 150-6 | 469-9 |
| शुभांक | 1 6 | 0 |

## डूबती श्रद्धालु को एसडीईआरएफ ने बचाया



**उज्जैन।** शिप्रा नदी के रामघाट के समीप दत्तअखाड़ा घाट पर शुक्रवार को डूबती हुई श्रद्धालु को एसडीईआरएफ ने बचा लिया । पुणे महाराष्ट्र से आई श्रद्धालु राधिका सोनी 18 स्नान के दौरान नदी में डूबने लगी। गहराई का अंदाजा नहीं होने और पैर फिसलने से वह अचानक गहरे पानी में चली गई, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थिति को देख वहां ड्यूटी पर तैनात एसडीईआरएफ शुभम रायकवार और शुभम शर्मा ने नदी में कूद युवती को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। दोनों को होमगार्ड कमांडेड संतोष कुमार जाट ने नकद पुरस्कार से सम्मानित किया।

# रिश्वतखोर पुलिस उपनिरीक्षक को 4 वर्ष का सश्रम कारावास और 10 हजार का अर्थदंड

## पीएम रिपोर्ट की कॉपी मांगने पर मांगी थी 10,000 की रिश्वत

### लोकायुक्त केस में भेजा जेल

दैनिक अवन्तिका » उज्जैन

लोकायुक्त द्वारा दर्ज भ्रष्टाचार के एक मामले में विशेष न्यायालय (भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम) ने अपना फैसला सुनाते हुए घट्टिया थाना के तत्कालीन उपनिरीक्षक प्रेम सिंह यादव को दोषी ठहराते हुए चार साल के सश्रम कारावास और दस हजार रुपए के अर्थदंड की सजा सुनाई है। सजा के बाद आरोपी को भैरूगढ़ जेल भेज दिया गया।

**यह मामला-** 5 मार्च 2023 को घट्टिया क्षेत्र में हुई मोटरसाइकिल दुर्घटना में राजाराम यादव की मौत हो गई थी। इस मामले की जांच उपनिरीक्षक प्रेमसिंह यादव कर रहे थे । राजाराम यादव जिसकी दुर्घटना में मौत हो गई थी उसके साले आशाराम यादव ने 15 मार्च 2023 को लोकायुक्त में शिकायत की कि संबल योजना के तहत परिवार सहायता राशि के लिए पीएम रिपोर्ट की प्रति चाहिए जिसके बदले आरोपी उपनिरीक्षक ने 10 हजार रुपए की रिश्वत मांगी। शिकायत की प्राथमिक जांच व तस्दीक के बाद लोकायुक्त डीएसपी सुनील तालान ने आवेदक को शासकीय डिजिटल वॉयस रिकॉर्डर और नया मेमोरी कार्ड देकर आरोपी से रिश्वत संबंधी बातचीत रिकॉर्ड करने को कहा। रिकॉर्डिंग में रिश्वत की मांग साबित हुई।



**लोकायुक्त ट्रैप करने पहुंची तो संदेह हुआ था, रिकार्डिंग के आधार पर ट्रांसस्क्रिप्ट तैयार** –चौंकाने वाली बात यह है कि जब लोकायुक्त आरोपी को ट्रैप करने पहुंची तो एसआई को शक हो गया। जिसके चलते उसने रिश्वत लेने से इन्कार कर दिया। लेकिन लोकायुक्त के पास साक्ष्य मजबूत और पर्याप्त थे। ऐसे में रिकॉर्डिंग के आधार पर ट्रांसस्क्रिप्ट तैयार की गई और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा-7 के तहत अपराध दर्ज किया गया। बाद में असल केस 22 मार्च 2023 को भोपाल में दर्ज हुआ। विवेचना पूरी होने के बाद उप पुलिस अधीक्षक राजेश पाठक ने न्यायालय में चालान पेश किया।

### दोषसिद्धि और सजा

साक्ष्यों, वॉयस रिकॉर्डिंग और गवाहों के आधार पर विशेष न्यायालय ने आरोपी को दोषी ठहराया और चार वर्ष सश्रम कारावास और 10 हजार रुपए अर्थदण्ड की सजा सुनाई। प्रकरण में लोकायुक्त की ओर से विशेष लोक अभियोजक मनोज कुमार पाठक ने प्रभावी पैरवी की। वहीं आरक्षक संजीव कुमारिया ने केस संचालन में सहयोग किया। कोर्ट ने सजा के दौरान पुलिस महकमे के लिए कड़ा संदेश दिया कि जांच प्रक्रिया में रिश्वत और मनमानी महंगी साबित होगी।


## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूखण्ड स्वामी डॉ. मनीष पाटील पिता श्री पी.बी. पाटील निवासी-सी-281, विवेकानंद कॉलोनी, उज्जैन से उनके एकमेव स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य का एक भूखण्ड जो कि भवन म्यु. क्रमांक 6/561, नया म्यु. क्रमांक 65 का उत्तर दिशा वाला भाग होकर शंकर निवास की खुली भूमि का भाग होकर विश्वविद्यालय मार्ग से अंदर की ओर स्थित है। भूखण्ड का कुल क्षेत्रफल 111-415 वर्गमीटर है, जिसकी पैमाईश में लम्बाई पूर्व से पश्चिम 18.28 मीटर एवं चौडाई उत्तर से दक्षिण 6,095 मीटर है तथा जिसके पूर्व में पूर्व में अन्य की भूमि, पश्चिम में रास्ता 15 फीट का, उत्तर में भूखण्ड मनोहरलाल व सूरज प्रकाश जी का एवं दक्षिण में भूखण्ड का शेष भाग है, जिसे मेरे पक्षकार ने क्रय करने का सौदा किया है और आंशिक विक्रय मूल्य बतौर बयाना स्वरूप अदा कर दिया है तथा अब शेष राशि अदा करके केवल रजिस्ट्री करवाना शेष रह गया है। उक्त भूखण्ड पर किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक का कोई हित, हक, कर्जा, दावा, बख्शीश या लेना-देना या आपत्ति हो तो आज सूचना प्रकाशन की दिनांक से 7 दिवस के अन्दर लिखित प्रमाण मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें ताकि आपत्ति का निराकरण किया जा सके। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी प्रकार की आपत्ति या दावा मेरे पक्षकार के उपर बंधनकारक नहीं होगा।

इति दिनांक-26.12.2025 उज्जैन

**राजेन्द्र जैन पोरवाड़ एडवोकेट**
**कार्या. बी-9, भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड, उज्जैन**
**मो. 99930 79516-94250 94349**

## जाहिर सचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की मेरे पक्षकार ने बबीता पति अरब अली निवासी व कृषक ग्राम कालियादेह तहसील घट्टिया जिला उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 156/2/1 रकबा 0.6370 हेक्टर में से रकबा 0.1045 हेक्टर (उज्जैन तरफ) कुल किता 1 कुल रकबा 0.1045 हेक्टर स्थित ग्राम कालियादेह तहसील घट्टिया जिला उज्जैन (म.प्र.) में गरोठ रोड राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित है यह की उपरोक्त कृषि भूमि को अनुबंध-पत्र के माध्यम से कय की हुई हैं तथा बयाना राशि भी अदा कर दी है तथा जाहिर सुचना का प्रकाशन होने पर उक्त भूमि पर किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति नहीं आने की दशा में निष्पादित अनुबंध पत्र की शर्त अनुसार निहित समयावधि में शेष राशि अदा कर दस्तावेज विक्रय पत्र का पंजीयन मेरे पक्षकार के हित में करवाया जाना है। अतः इस सुचना प्रकाशन द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति पर किसी व्यक्ति का कोई स्वत्व, हित, अधिकार, हिस्सा हो या कोई अनुबंध किया हुआ हो या किसी भी बैंक, प्राइवेट संस्था विभाग तथा इक्वीटेबल मार्टगेज को हुई हो या किसी प्रकार का कोई ऋण, भार, टैक्स अन्य किसी का कोई हक्क, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति पर किसी भी व्यक्ति, बैंक, वित्तीय संस्था इति आदि का भार, बोझ, गिरवी, हिल, अधिकार, डिक्री, अटैचमेंट हो या इस विक्रय व्यवहार में किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो व इस सुचना प्रकाशन दिनांक से 7 (सात) दिन में मय लेखी प्रमाण सहित अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे समक्ष प्रस्तुत करे अन्यथा प्रकाशन की अवधि व्यतीत हो जाने के पचात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत उक्त वर्णित सम्पत्ति के विक्रय पत्र का पंजीयन मर पक्षकार के हित में करवा लिया जायेगा एवं कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितो पर बधनकारक नहीं रहेगी। सो सूचित हो । इति दिनांक 27-12-2025 स्थान उज्जैन

**अजय कुमावत एडवोकेट**
**पुलिस कट्रोल रुम के सामने उज्जैन**
**मो. 9993364312**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकारगण श्री राधेश्याम गांधी पिता स्व. श्री राधाकृष्ण गांधी एवं श्रीमती मंजू गांधी पति श्री राधेश्याम गांधी, निवासीगण-4268/11, सेठी नगर, उज्जैन का पुत्र गौरव गांधी पिता राधेश्याम गांधी एवं पुत्रवधु स्वाती वर्मा पति गौरव गांधी के द्वारा परिवार की सहमति के बगैर अंर्तजातीय विवाह किया गया है तथा उक्त अंर्तजातीय विवाह में मेरे पक्षकारगण की सहमति व अनुमति नहीं होने से मेरे पक्षकारगण ने अपने पुत्र गौरव गांधी एवं पुत्रवधु स्वाती वर्मा को अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया गया है अब मेरे पक्षकारगण का अपने पुत्र व पुत्रवधु का मेरे पक्षकारगण की चल-अचल संपत्ति कोई हक व अधिकार नहीं रहा है तथा न ही कोई संबंध व सरोकार रहा है। उक्त कारण अब भविष्य में पुत्र गौरव गांधी एवं पुत्रवधु स्वाती वर्मा से कोई भी व्यक्ति, बैंक, अर्द्धशासकीय बैंक, संस्था, सहकारी संस्था या अन्य कोई किसी भी प्रकार का वित्तीय लेनदेन व संव्यवहार न करें। भविष्य में अगर कोई व्यक्ति, बैंक, अर्द्धशासकीय बैंक, संस्था, सहकारी संस्था या अन्य कोई पुत्र गौरव गांधी एवं पुत्रवधु स्वाती वर्मा के साथ किसी भी प्रकार का कोई वित्तीय लेनदेन या संव्यवहार करता है तो इसकी संपूर्ण जवाबदारी व्यवहार करने वाले की होगी एवं पुत्र गौरव गांधी एवं पुत्रवधु स्वाती वर्मा के विरूद्ध भविष्य में किसी प्रकार की पुलिस व न्यायालयीन कार्यवाही होती है तो इसके भी वह दोनों स्वयं जिम्मेदार होंगे। इसमें मेरे पक्षकारगण की कोई जवाबदारी नहीं होगी। सो सूचित हो।

इति दिनांक 26/12/2025

**महेश सूर्यवंशी, हाईकोर्ट एडवोकेट**
**कार्यालय-19/7, अशोक नगर फ्रीगंज, उज्जैन मोबा-8319189997, 9424067549**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा भवन स्वामी श्री कमलेश चन्द्र राठौर पिता श्री कैलाश चन्द्र राठौर, निवासी 13, बजरंग नगर, चिमनगंज मण्डी, उज्जैन, से उनके स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य का एक भवन क्रमांक एल-10 श्रेणी एलआईजी ब्लॉक सी स्थित तिरूपति डायमण्ड एवं तिरूपति ड्रिम्स एक्सटेंशन, ग्राम दाउदखेड़ी उज्जैन में स्थित हैं जिसका कुल क्षेत्रफल 48.32 वर्गमीटर है। की चर्तृसीमा- सड़क कॉलोनी की, पश्चिम में पाथवे बाद कॉलोनी का बगीचा, उत्तर में एल -11, दक्षिण में भूखण्ड क्रमांक एल-09। को क्रय करने का सौदा किया होकर सौदा की बयाना राशि भी अदा कर दी गई है। यदि उक्त भवन को विक्रय या अंतरित किए जाने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो, एवं इसके अलावा किसी अन्य, बैंक, व्यक्ति, निकाय, शासकीय, अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋण, भार, बोझ, हित अधिकार, आधिपत्य, डिक्री, या वारिसान आदि का कोई हक, हित या भार हो या इस विक्रय संव्यवहार में कोई आपत्ति हो तो वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 (सात) दिवस के भीतर सप्रमाण मुझे मय लिखित प्रमाण के मेरे कार्यालय में कार्यालयीन समय प्रातः 11 से शाम 5 बजे के मध्य मेरे समक्ष प्रस्तुत करे ताकि उसका निराकरण किया जा सकें अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत उपरोक्त वर्णित भवन के विक्रय पत्र का निष्पादन एवं पंजीयन अपने हित में करवा लिया जावेगा व अवधि समाप्ति पश्चात की गई कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं रहेगी। सूचित हो। इति दिनांक- 26/12/2025

**श्रीमती पुष्पा शर्मा (चौधरी) (एडवोकेट)**
**कार्यालय - सीएफ-2, भरतपुरी कॉम्पलेक्स, देवास रोड, उज्जैन**
**मो. 79876-46909**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार का क्रय अनुबंधीत भवन स्वामी श्री सत्या डेव्हलपर्स द्वारा भागीदार मनोज कुमार डोडिया पिता श्री खेराजमल डोडिया, निवासी-29-30, क्षपणक मार्ग, उज्जैन से उनके एकल स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की भवन क्रमांक-155 का मध्य दिशा वाला भाग जो कि, तिलक मार्ग फव्वारा चौक, उज्जैन (म.प्र.) में स्थित हैं। उक्त भवन का कुल क्षेत्रफल 284.25 वर्गफीट लगभग है। उपरोक्त दणित भवन को क्रय करने का सौदा मेरे पक्षकार ने किया है तथा विक्रय प्रतिफल की बयाना राशि अदा कर दी है। यदि उक्त भवन को विक्रय या अंतरित किए जाने में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तथा उक्त संपत्ति पर किसी मी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, शासकीय, अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋण भार, बोझ, हित, अधिकार आधिपत्य, दानग्रस्त व प्रतिभूति ग्रस्त, अनुबंधग्रस्त, सौदा चिट्ठी, बंधकग्ररत, डिक्री या वारिसान आदि का कोई हक, हित या भार हो या इस विक्रय संव्यवहार में कोई आपत्ति हो या मूल दस्तावेज कहीं बंधकग्रस्त हो तो यह मय प्रमाण के युझरो इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 05 दिवस में मय प्रमाण मुझे लिखित में आपत्ति मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे अन्यथा बाद मियाद अवधि गुजर जाने के पश्चात् उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र का पंजीकृत करवा लिया जाबसा। तत्पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नहीं होगी। सो सूचित हो । इति दिनांक-26.12.2025

**राजेश बांठिया एडव्होकेट**
**ए-5. भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड़, उज्जैन**
**मो-98272-64140**

MPRDC

## मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम

(मध्यप्रदेश शासन का उपक्रम)
लोक निर्माण विभाग परिसर, ग्राण्ड होटल के सामने
फ्रीगंज, उज्जैन-पिन : 456010, फोन : 0734-2554853
E-mail : dm-ujjain@mp.gov.in, CIN : U45203MP2004SG016758
कार्यालय संभागीय प्रबंधक, उज्जैन

क्रमांक: 4531/भू-अर्जन/सिंहस्थ बायपास मार्ग/2025 — उज्जैन, दिनांक : 24.12.2025

**प्रस्तावित हरिफाटक पुल उज्जैन का चौड़ीकरण कार्य की केविएट विषयक**

एदत द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सिंहस्थ वर्ष 2028 को दृष्टिगत रखते हुए मध्यप्रदेश राज्य में ईपीसी मोड पर उज्जैन शहर में 980 मीटर लंबाई (हरिफाटक चौराहा से नीलकंठ द्वार तक) के एक नवीन 4-लेन रेलवे ओवर ब्रिज (आरओबी), जिसमें दो अतिरिक्त 2-लेन लेग सहित (कुल रैंप लंबाई 500 मीटर-बडनगर की ओर 140 मीटर और त्रिवेणी द्वार की ओर 360 मीटर) का निर्माण कार्य हेतु मध्यप्रदेश शासन के लोक निर्माण विभाग, मंत्रालय भोपाल द्वारा पत्र क्रमांक-एफ-58/01/2025-19/यो दिनांक 08.09.2025 को प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है, जिसके लिए मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम, उज्जैन द्वारा ग्राम कस्बा उज्जैन की भूमि व निर्माण हेतु लोकहित में अधिग्रहण किया जाना आवश्यक है। ग्राम कस्बा उज्जैन की निजी भूमि अधिग्रहण हेतु इस संबंध में धारा 11 का प्रकाशन (भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 के अंतर्गत) मध्यप्रदेश के राजपत्र में दिनांक 03.10.2025 को हुआ था, उक्त प्रक्रिया बिना किसी विवाद के हो सके, इस सम्बन्ध में मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम, उज्जैन द्वारा माननीय उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश खंडपीठ इंदौर के समक्ष केवियट याचिका दायर कि जा रही है। यदि किसी भी सर्वसाधारण द्वारा इस सम्बन्ध में माननीय उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश खंडपीठ इंदौर में याचिका दायर की जाती है तो उसकी एक अग्रीम प्रति मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम, उज्जैन के अधिवक्ता श्री अभिनव पी. धनोड़कर, 110, स्टेट बार काउंसिल बिल्डिंग परिसर, माननीय उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश खंडपीठ इंदौर, मध्यप्रदेश को उपलब्ध करने का कष्ट करें।

| क्र. | प्रकरण क्रमांक | ग्राम का नाम | धारा 11 जारी दिनांक | धारा 15 अंतर्गत जारी आदेश की दिनांक |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 0004/अ-82/2025-26 | कस्बा उज्जैन | 26.09.2025 | आक्षेप नहीं होने से निरंक |

संभागीय प्रबंधक
म.प्र. सड़क विकास निगम, उज्जैन

म.प्र. माध्यम/123670/2025

## सार्वजनिक सूचना हेतु

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा राजलक्ष्मी पिता गोकुलसिंह माता प्रकाश कुंवर निवासी ग्राम कसारी चौहान तहसील ताल जिला रतलाम म.प्र. के जानकारी अनुसार उनके समस्त अंकसुचीयों में उनका नाम राजलक्ष्मी जन्म दिनांक 24/01/2007 है परंतु त्रुटिश: मेरी पक्षकारा के आधार कार्ड में उसका नाम धीरजकुंवर होकर जन्म दिनांक 01/01/2006 दर्ज हो गयी है। परंतु मेरी पक्षकारा का वास्तविक नाम राजलक्ष्मी एवं जन्म दिनांक 24/01/2007 है। इसलिये उक्त जाहिर सुचना सर्वसाधारण को प्रकाशित करायी गयी हैं।

**रामप्रसाद सोलंकी हाईकोर्ट एडवोकेट**
**आलोट जिला न्यायालय रतलाम मप्र 457114 फोन 9179245384**

## जाहिर सूचना का प्रतिवाद

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री महेश त्रिपाठी, अधिवक्ता द्वारा अपने कथित पक्षकार के निर्देशानुसार दिनांक 20/12/2025 को दैनिक अवंतिका समाचार पत्र में प्रकाशित जाहीर सूचना पूर्णतः असत्य, भ्रामक, तथ्यहीन एवं विधि विरुद्ध है जिसके प्रतिवाद हेतु मेरे पक्षकारगण अर्जुनसिंह परमार पिता स्व. करणसिंह तथा भारत परमार पिता स्व. रामगोपाल निवासीगण: पंचायत भवन क्रमांक 219 चंदेसरा तहसील व जिला उज्जैन (मप्र) ने मुझे अधिकृत किया है तद्रुसार मेरे पक्षकारगण से प्राप्त निर्देश एवं जानकारी के अनुसार जाहीर सूचना का निम्नानुसार प्रतिवाद प्रस्तुत है। आप महोदय द्वारा प्रकाशित जाहिर सूचना अनुसार आप महोदय के पक्षकार द्वारा भूमि/भवन क्रमांक 310, रकबा 0.030 हेक्टेयर कुल क्षेत्रफल 3228 वर्गफीट, स्थित ग्राम चंदेसरा, तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र) के संबंध में कोई विक्रय सौदा संपादित किया गया है, जबकि वास्तविकता यह है कि मेरे पक्षकारगण के अतिरिक्त किसी भी व्यक्ति को उक्त संपत्ति के संबंध में किसी प्रकार का सौदा करने का कोई वैधानिक अधिकार नहीं है। उक्त भूमि एवं उस पर निर्मित विधिवत पक्का आवासीय भवन मेरे पक्षकारगण के निर्विवाद, एकमात्र स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य में है, जो पारिवारिक विभाजन के समय से ही उनके पास है एवं वे विगत लगभग 55 वर्षों से शांतिपूर्ण, निरंतर एवं विधिसम्मत रूप से भू-स्वामी के नाते काबिज हैं व ग्राम पंचायत के अभिलेखों में भी विगत कई वर्षों से उनका नाम दर्ज है। मेरे पक्षकारगण के कुटुंब के सदस्य नन्दकिशोर पिता रामचन्द्र द्वारा राजस्व अभिलेखों में बंदोबस्त के समय त्रुटिवश दर्ज नाम का अनुचित लाभ उठाकर पूर्व में भी उक्त संपत्ति को विक्रय करने का अवैध प्रयास किया गया था, जिसे मेरे पक्षकारगण के प्रतिवाद पर उसने स्वयं मेरे पक्षकारगण के स्वत्व को स्वीकारते हुए निरस्त कर दिया था, तथापि नंदकिशोर द्वारा ही अब पुनः दुर्भावनापूर्ण आशय से असत्य जानकारी देकर आपके पक्षकार के साथ कथित सौदा किए जाने की प्रबल आशंका है, जो कि प्रारम्भ से ही पूर्णतः अवैध, शून्य एवं अधिकारविहीन है व मेरे पक्षकारगण के स्वामित्व एवं अधिकार के समक्ष प्रारम्भ से ही शून्य हैं। अतः इस प्रतिवाद के माध्यम से आपको एवं सर्वसाधारण को स्पष्ट रूप से सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारगण की उपरोक्त वर्णित संपत्ति के संबंध में किसी भी व्यक्ति द्वारा किया गया कोई भी अनुबंध, सौदा अथवा लेन-देन अवैध, शून्य एवं अधिकारहीन होगा। यदि इसके विपरीत अंतरण संबन्धित कोई प्रयास किया गया, तो मेरे पक्षकारगण सक्षम न्यायालय में उपयुक्त कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र होंगे, जिसकी समस्त जिम्मेदारी संबंधित आप महोदय के पक्षकार की स्वयं की होगी।

यह सूचित हो ।

**अधिवक्ता डॉ. प्रकाश डाबी**
**कार्यालय- प्रथम मंजिल कृष्ण टावर, पुरानी सब्जी मंडी फ्रीगंज, उज्जैन मो.9926439191**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार मुजाहिद नगौरी पिता सिराजउद्दीन नागौर, निवासी 37. नागौरी मोहल्ला उज्जैन (म.प्र.) ने मकान नगर पालिक निगम कमांक 02/10 नजर अली मार्ग, पथ क्र. 01. गली क्र. 02, मिल्कीपुरा उज्जैन जिसका कुल क्षेत्रफल 49.52 वर्गमीटर है. जिसके पूर्व दिशा ने मकान अफजल खां पिता छोटे खां का, पश्चिम दिशा में कोहीनूर टाईल्स वाले सिराजउद्दीन नागौरी का मकान, उत्तर दिशा में वंदना साडी वाले कन्नू सेठ का मकान एवं दक्षिण दिशा में सिमेंटेड गली व मकान अन्य का है को श्रीमती रेहाना बी पति बदरूद्दीन पुत्री मरहूम बशीरउद्दीन निवासी 2/10 नजर अली गार्ग, पथ क्रमांक 01, गली क्र. 02 मिल्कीपुरा उज्जैन (म.प्र.) से क्रय करने का सौदा अनुबंध दिनांक 19-07-2025 के द्वारा किया है तथा बयानाराशि अदा अदा कर दी है तथा शेष रही विक्रयमुल्य की राशि अदा कर उपरोक्त मकान का विक्रय पत्र अपने हित मे सम्पादित कराना है. किन्तु श्रीमती रेहाना बी पति बदरूद्दीन पुत्री मरहूम बशीरउद्दीन द्वारा अनुबंध की शतों के अनुसार मेरे पक्षकार के हित में सम्पादित नहीं किया जा रहा है तथा उक्त मकान अन्य किसी व्यक्ति आदि को विक्रय करने के प्रयास में है। अतः इस सूचना प्रकाशन द्वारा सूचित किया जाता है कि कोई भी व्यक्ति्त, संस्था आदि उपरोक्त सम्पत्ति को क्रय करने का सोदा अथवा क्रय श्रीमती रेहाना बी पति बदरूदीन पुत्री मरहूम बशीरउद्दीन से नहीं करे अन्यथा मेरे पक्षकार द्वारा श्रीमती रेहाना बी पति बदरूद्दीन पुत्री मरहूम बशीरउद्दीन के साथ साथ सम्बंधित व्यक्ति्त के विरुद्ध पुलिस एवं न्यायालय में धोखाधड़ी की कार्यवाही की जावेगी जिसके लिये सम्बंधि व्यक्ति आदि जिम्मेदार होगा। सुचित हो। इति दिनांक 26-12-2025

**हुसैन मलोलावाला एडवोकेट**
**डीएफ-11 भरतपुरी कॉम्पलेक्स, देवास रोड उज्जैन**
**मो. 9826534221, 8839920862**

## जाहिर सूचना का प्रतिवाद

दिनांक 21/12/2025 को दैनिक अतिका समाचार-पत्र में भवन क्रमांक एच-6. ई. डब्लू.एस., ऋषिनगर, उज्जैन (म.प्र.) के संबंध में श्री विवेक कुमार गुप्ता, एडव्होकेट द्वारा उनके पक्षकार की ओर से प्रकाशित जाहिर-सूचना का प्रतिवाद मेरे पक्षकार कि ओर से निम्नानुसार प्रकाशित हैं, यह कि उपरोक्त भवन क्रमांक एच-6, ई.डब्लू.एस., ऋषिनगर, उज्जैन (म.प्र.) को मेरे पक्षकार ने अपने पति स्व. श्री पदमाकर टिकेकर पिता श्री वासुदेवराव टिकेकर के नाम से स्वकष्टोपार्जित आय से भूखण्ड् के रूप में उज्जैन विकास प्राधिकरण, उज्जैन से क्रय किया जाकर भवन निर्माण करवाया। जिसकी जानकारी समय समय पर मेरे पक्षकार के चारों पुत्र-पुत्रियों को मेरे पक्षकार और मेरे पक्षकार के स्व. पति द्वारा दी गई। मेरे पक्षकार के पति श्री पदमाकर टिकेकर की मृत्यु दिनांक 24/10/2006 को होने के उपरांत उक्त भवन उज्जैन विकास प्राधिकरण, उज्जैन में दिनांक 11/01/2007 को और नगर पालिका निगम, उज्जैन में दिनांक 15/03/2007 को मेरे पक्षकार के नाम का नामांतरण तथा लीजडीड का नवीनीकरण हुआ दोनों संस्थाओं में मेरे पक्षकार के नाम का नामांतरण एवं लीजडीड नवीनीकरण के संबंध में मेरे पक्षकार के चारों पुत्र और पुत्रियों की सहमति थी तथा चारों के द्वारा आवश्यक दस्तावेजों का संपादन कर संबंधित संस्थाओं में आवश्यक होने पर व्यक्तिगत उपस्थित होकर प्रस्तुत किय गये। इस प्रकार उपरोक्त वर्णित भवन क्रमांक एच-6, ई.डब्लू.एस., ऋषिनगर, उज्जैन (म.प्र.) को हर प्रकार से अंतरण करने का अधिकार मेरे पक्षकार को हैं। यह कि, आपके पक्षकार के मन में बदयांति आने तथा मेरे पक्षकार से राशि हड़पने एवं ब्लेकमैलिंग करने के उददेश्य से आप महोदय को असत्य एवं भ्रामक जानकारी देते हुये जाहिर सूचना का प्रकाशन करवाया गया हैं। आपके पक्षकार द्वारा पूर्व में भी मेरे पक्षकार के साथ जालसाजी, धोखाधड़ी, छलकपट करते हुये बिना मेरे पक्षकार की सहमति से वसीयत का संपादन करवाया, जिसकी जानकारी होने पर आप महोदय के पक्षकार द्वारा माफी मांगते हुये वसीयत को निरस्त करवाया। मेरा पक्षकार आप महोदय के पक्षकार श्रीमती श्वेता पति सचिन आठवले के विरूद्ध उचित कानूनी कार्यवाही करने जा रहा हैं। सूचित हो।

इति दिनांक 26/12/2025

**प्रदीप कुमार शर्मा, एडवोकेट**
**18, झरण कालोनी, पीपली नाका चौराहा, उज्जैन**
**मो.9425092474, 9753069888**

खास न्यूज

## रेलवे स्टेशन के ब्रिज से कूदे उड़ीसा के यात्री की मौत

**उज्जैन।** रेलवे स्टेशन पर उड़ीसा का एक युवक रेलवे के ब्रिज पर चढ़कर नीचे कूद गया। रेलवे की बिजली लाइन की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना गुरुवार की बताई जा रही है। प्लेटफार्म नंबर 6 पर नागदा की ओर स्थित ओवर ब्रिज से युवक ने नीचे छलांग लगा दी। इस दौरान वह रेलवे लाइन की चपेट में आकर बुरी तरह से झुलस गया और फेंका गया। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के पास मिले मोबाइल के आधार पर उसकी शिकायत सीतारमण निवासी उड़ीसा के रूप में हुई। वह पिछले चार-पांच दिनों से घर से निकला था परिजन भी उसकी तलाश कर रहे थे तथा वह घर से बिना बताए निकला था। उज्जैन कैसे पहुंचा इसकी जानकारी परिजनों को भी नहीं पता चली है। जानकारी मिलते ही परिजन उड़ीसा से रवाना हो गए थे। इधर शुक्रवार सुबह प्लेटफार्म नंबर चार पर एक व्यक्ति मृत अवस्था में पड़ा मिला। जिसका शव बरामद कर अस्पताल भिजवाया गया तथा पुलिस मृतक की शिनाख्ती के प्रयास कर रही है।

## कॉलेज जाने का बोलकर घर से निकली युवती को पुलिस ने ढूंढ निकाला

**उज्जैन।** एक युवती कॉलेज जाने का बोलकर घर से निकली और उसके बाद घर वापस नहीं लौटी जिसकी गुमशुदगी परिजनों ने देवास गेट थाने में दर्ज करवाई थी। पुलिस ने युवती की तलाश शुरू कर दी थी और पुलिस ने शुक्रवार को युवती को सकुशल ढूंढकर परिजनों के सुपुर्द किया है परिजनों ने पुलिस की इस त्वरित एवं संवेदनशील कार्रवाई की सराहना की है। देवास गेट थाना पुलिस ने बताया कि 23 दिसंबर को दोपहर 12:00 बजे के लगभग घर से कालेज जाने का बोलकर एक युवती निकली थी जो शाम तक घर वापस नहीं पहुंची। परिजनों ने चिंता जताते हुए उसकी खोजबीन शुरू की। लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। इसके बाद परिजनों ने देवास गेट थाने पहुंचकर युवती की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने के बाद युवती की खोज शुरू कर दी थी और पुलिस को कुछ दिनों में ही सफलता हासिल हो गई और पुलिस ने गुम हुई युवती को ढूंढ निकाला और सही सलामत उसे परिजनों को सौंपा है।

### चाबी देने वाला गेट प्रहरी, प्रभारी जेलर सहित 3 निलंबित

# प्रारंभिक जांच में सामने आया, 3 कैदियों ने योजनाबद्ध तरीके से तोड़ी जेल...

### सामान रखने के बहाने प्रहरी से महिला सेल की चाबी ली और अंदर रखी सिढ़ी को फरार होने में उपयोग किया

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

रतलाम सर्किल की खाचरौद उप जेल से गुरूवार शाम फरार होने वाले हत्या,बलात्कार एवं अपहरण के तीनों कैदियों का 24 घंटे बाद भी कोई सुराग नहीं लगा है। मामले में प्रारंभिक जांच के बाद गेट प्रहरी रितेश कटारा,प्रभारी जेलर नवीन नेमा,सहित सहायक जेल अधीक्षक मनोज चौऋषिया को निलंबित किया गया है। जेल में लगे 8 सीसी टीवी कैमरा में से 4 बंद मिले हैं। जांच में किसी जेल कर्मी का व्यक्तिगत सहयोग अभी सामने नहीं आया है। जेल ब्रेक के इस घटनाक्रम पर जेल महानिरीक्षक वरूण कपूर शुक्रवार अपरांह खाचरौद पहुंचे हैं।

सेंट्रल जेल अधीक्षक उज्जैन मनोज साहु के अनुसार तीनों ही विचाराधीन कैदी बलात्कार एवं पाक्सो एक्ट का आरोपीनारायण पिता भेरुलाल जाट 31 वर्ष निवासी ग्राम चंदवासला थाना भाटपचलाना, हत्या का आरोपी गोविंद पिता आसाराम 35 वर्ष निवासी जवाहर मार्ग शर्मा जी की गली थाना नागदा एवं अपहरण एवं बलात्कार का आरोपी गोपाल पिता बापू लाल 22 वर्ष निवासी मालाखेड़ी थाना खाचरोद योजनाबद्ध रूप से फरार हुए हैं।




### ऐसे दिया प्रहरी को झांसा

उन्हें जेल के अष्टकोण में साफ-सफाई एवं पुताई के काम में लगाया गया था। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि अष्टकोण के तहत महिला खंड बंद रहता है और सामान रखने में उसका उपयोग किया जा रहा है। पुताई के बाद सामान रखने के लिए तीनों ने गेट प्रहरी रितेश कटारा से महिला खंड की चाबी ली थी। इस खंड में सामान रखने के साथ ही करीब 15 फीट की ही सिढी भी रखी हुई थी। इसी को सहारा बनाकर तीनों जेल की दीवार फांद गए।

### 8 में से 4 कैमरा बंद मिले

श्री साहू के अनुसार जेल में 8 सीसी टीवी कैमरा लगे हुए हैं जिनमें से 4 तकनीकी रूप से कमी के कारण बंद पडे हैं। अन्य 4 चालू कैमरा में तीनों कैदी रेकार्ड हुए हैं। तकनीकी कमी के रूप में किसी कैमरा में केबल नहीं है तो कहीं वह कैमरा से अटैच नहीं है।

### 25 के स्थान पर 11-12 का स्टाफ

उप जेल में सब जेलर नवीन नेमा सहित मात्र 11-12 का ही स्टाफ है जबकि यहां स्वीकृत 25 का स्टाफ है।

### रतलाम सर्किल में है खाचरौद उपजेल

खाचरौद उपजेल का जिला उज्जैन है लेकिन यह जेल विभाग के रतलाम सर्किल के अंतर्गत आता है। इस सर्किल के अंतर्गत कुल 10 उप जेल एवं जेल आती है। सर्किल अधीक्षक रतलाम केंद्रीय जेल अधीक्षक के अंतर्गत है।

### पुलिस को एफआईआर का पत्र दिया

बकौल श्री साहु खाचरौद थाना पुलिस को हमारी और से एफ आई आर के लिए पत्र दे दिया गया है।पुलिस इस आधार पर तीनों ही कैदियों के विरूद्ध जेल अधिनियम के साथ बीएनएस की धाराओं में जेल तोडने के अपराध में प्रकरण दर्ज करेगी।



### जेल डीजी वरूण कपुर पहुंचे खाचरौद

शुक्रवार अपरांह में जेल डीजी वरूण कपुर भी घटनास्थल उपजेल खाचरोद पहुंचे थे और उन्होंने यहां कैदियों के फरार होने के स्थल महिला खंड का निरीक्षण करने के साथ ही अधिकारियों से घटनाक्रम की संपूर्ण जानकारी ली है। उन्होंने स्थानीय पुलिस अधिकारियों से भी चर्चा की।

### सहायक अधीक्षक जेल सहित 3 निलंबित

डीजी जेल वरूण कपूर ने अपने दौरे के बाद गेट प्रहरी रितेश कटारा, प्रभारी जेलर खाचरौद नवीन नेमा के साथ नीमच के सहायक अधीक्षक जेल मनोज चौऋषिया को निलंबित करने के आदेश दिए हैं। श्री चौऋषिया को नीमच से खाचरौद अटैच करने के आदेश पूर्व में ही जारी हो चुके थे और उन्हें तत्काल आदेश पालन का कहा गया था लेकिन उन्होंने घटना दिनांक तक ज्वाईन नहीं किया था। इसके चलते उन्हें भी दोषी माना गया है।

जेल से फरार कैदी



### बुरानाबाद रोड तक जाते दिखे

थाना प्रभारी खाचरौद धनसिंह नलवाया ने बताया कि जेल के सी सी टीवी फूटेज में सामने आया कि विचाराधीन तीनों कैदी बुरानाबाद रोड की तरफ जाते हुए दिखाई दिए हैं। रोड की और काफी लंबे क्षेत्र में तलाशी के बाद भी सीसी टीवी कैमरा नहीं मिले हैं। इनमें से एक कैदी खाचरौद,एक भाटपचलाना एवं एक नागदा थाना क्षेत्र का है। ऐसे में गुरूवार रात पुलिस दल ने तीनों ही कैदियों के घरों एवं उनके रिश्तेदारों के यहां दबिश दी लेकिन तीनों का कोई सुराग नहीं लगा है। तीनों ही स्थानीय होने से क्षेत्र से पुरी तरह वाकिफ हैं। यही कारण है कि वे प्रमुख स्थलों के सीसी टीवी कैमरा में भी नहीं आए हैं और उससे बचकर ही निकले हैं। पुलिस का मुखबिर तंत्र भी पुरी तरह से लगाया गया है। स्थानीय स्तर पर उनके सहयोगियों और साथियों की तलाश एवं जांच भी की जा रही है ? जिनका सहयोग उन्हें मिलने जैसी स्थिति पूर्व में रही है।

**28 से प्रारंभ होगी संगीतमय श्रीराम कथा-** दमदमा में श्री राम कथा 28 दिसम्बर को भव्य कलश यात्रा के साथ प्रारंभ होगी। कलश यात्रा केदारेश्वर महादेव मंदिर लक्ष्मी नगर से प्रातः 10 बजे से प्रारम्भ होगी। महाकाल की पवित्र नगरी उज्जैन के वार्ड क्रमांक 52 में दमदमा क्षेत्र में 28 दिसंबर से 4 जनवरी तक भव्य राम कथा का आयोजन हो रहा है।

### भजन की आवाज कम करने को लेकर भड़का था विवाद

# अल्पाइन कॉलेज में विवाद के बाद छात्रों में हुई मारपीट

### स्थिति को संभालने के लिए दो थानों की पुलिस को मौके पर बुलाना पड़ा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

शुक्रवार को देवास रोड स्थित अल्पाइन कॉलेज में मोबाइल पर बज रहे भजन की आवाज को कम करने की बात को लेकर दो छात्रों के बीच विवाद हो गया और बाद में दोनों छात्रों के गुट आमने-सामने हो गए और नोबत मारपीट तक पहुंच गई।

माधव नगर सहित दो थानों की पुलिस ने मोर्चा संभालकर स्थिति को नियंत्रण में किया। इधर एक पक्ष की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार बी फार्मा द्वितीय वर्ष के छात्र मोहित ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार सुबह वह कॉलेज की बस से आ रहा था। इस दौरान बस में वह अपने मोबाइल पर भजन चला रहा था तभी बैठे एक अन्य छात्र हसन अली ने उसे आवाज कम करने को कहा जिस पर मोहित ने तुरंत आवाज कम कर दी।

मोहित ने आगे बताया कि कॉलेज पहुंचने के बाद हसन अली अपने साथियों सोहेल, रेहान मंसूरी, मोहम्मद मोइस, सूफियान और शरबर के साथ उसकी क्लास में पहुंचा और इन सभी ने मोहित के साथ गाली गलौज कर उसे धमकाया। कॉलेज की मैडम ने छात्रों को समझकर वहां से



रवाना किया। कुछ देर बाद लंच के समय मोहित को उसके दोस्त ने बताया कि रेहान और सोहेल उसे कैंटीन में बुला रहे हैं। मोहित अपने दोस्तों आदित्य राज सिंह, विनयपाल सिंह, विजय गौड़, कमलेश सूर्यवंशी, विश्वराज सिंह के साथ कैंटीन पहुंचा वहां सोहेल खान, रेहान मंसूरी, मोहम्मद मोइस, महफूज बेग, सुफियान , शरबर, केशव गोस्वामी, हसन अली और उसके अन्य साथी मौजूद थे। मोहित ने आरोप लगाए की सोहेल और रेहान के हाथों में डंडे व पाइप थे।

उन्होंने मोहित और उसके दोस्तों के साथ गाली गलौज की। सोहेल और रेहान ने मोहित को डंडे और थप्पड़ व मुक्कों से पीटा। इस घटना के बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला।सीएसपी श्वेता गुप्ता ने बताया कि मामले में आठ लोगों पर केस दर्ज किया है। भजन सुनने को लेकर विवाद हुआ था। फिलहाल दोनों पक्षों को शांत कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। वही मोहित के पिता मुकेश सिंह ने बताया कि कॉलेज से उन्हें सूचना मिली कि उनके बेटे पर हमला हुआ है। उन्होंने कालेज प्रशासन से मांग की है कि दोषी छात्रों को कॉलेज से निष्कासित किया जाए।

### एबीवीपी ने मौके पर पहुंचकर किया प्रदर्शन

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के महामंत्री सिद्धार्थ यादव ने बताया कि भजन सुनने और उसकी आवाज कम करने की बात को लेकर हुए विवाद की जानकारी लगने पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्र नेता भी मौके पर पहुंच गए और आरोपी छात्रों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करने लगे। अविराज सिंह को बाहर लोगों ने मिलकर पीटा। छात्र को तुरंत निष्कासित किया जाए। दो लोगों के साथ मारपीट की गई है। इधर अल्पाइन कॉलेज के निदेशक राजेश शर्मा ने बताया कि फामेर्सी विभाग के कुछ छात्रों के बीच कैंटीन में विवाद हुआ। बाद में कुछ संगठनों द्वारा आपत्ति दर्ज कराई गई जिस पर कॉलेज प्रबंधन ने नियम अनुसार कार्रवाई का आश्वासन दिया है इस संबंध में थाने में भी आवेदन दिया गया है।

## जाहिर सूचना

एतद सर्वसाधारण का सूचित किया जाता हैं कि मेरे पक्षकार पंकज राठौर पिता राधेश्याम राठौर निवासी-15, मंगल नगर, आगर नाका नं.5 की ओर से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि मेरे पक्षकार के द्वारा एक वाद माननीय कुटुम्ब न्यायालय उज्जैन में प्रस्तुत किया गया था, मेरे पक्षकार से प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त वाद पत्र प्रस्तुत किया गया, उक्त वाद पत्र मेरे पक्षकार के हित में एकपक्षीय आदेश धारा 13(1) (क) हिन्दू विवाह अधिनियम के अंतर्गत श्रीमती पूजा पति पंकज पुत्री बालाराम निवासी-210, गायत्री नगर, सेक्टर बी, हरिओम कांटे के पीछे, उज्जैन के संबंध में उक्त आदेश दिनांक 29/07/2025 को पारित किया गया हैं। मेरे पक्षकार द्वारा उक्त डिक्री के संबंध में यह सूचना पत्र प्रकाशित किया जा रहा हैं। सर्वसाधरण को सूचित हो। इति दिनांक 26.12.2025

**अरविंदसिंह सेंगर एडवोकेट**
**कार्यालय-106 एल.आई.जी. सेकंड आगर रोड उज्जैन**
**मो.98275-40139**

# नल से घर का पानी भरने के बाद पावर लूम कर्मचारी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

### पुलिस आत्महत्या के कारणों का पता लगाने में जुटी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन



शुक्रवार सुबह सेंटपाल स्कूल के समीप राजीव नगर में रहने वाले एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। जब उसके पुत्र ने कमरे में जाकर देखा तो अंदर पिता की लाश पंखे पर फांसी के फंदे पर लटकी मिली। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव बरामद कर पोस्टमार्टम करवाया है तथा पुलिस आत्महत्या के कारणों का पता लगा रही है। बताया जाता है मृतक पावरलूम में कार्य करता था और पिछले कुछ दिनों से वह तनाव में चल रहा था। चिमनगंज मंडी थाना पुलिस ने बताया कि सेंटपॉल स्कूल के समीप राजीव नगर में रहने वाले सतीश पिता मानसिंह नरवरिया उम्र 50 वर्ष जो की पावर लूम में कार्य करता था । शुक्रवार सुबह उठकर सतीश ने नल से घर का पानी भरा और इसके बाद अपने कमरे में जाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह जब सतीश का पुत्र आर्यन कमरे में पहुंचा तो अंदर पिता की लाश फंदे पर लटकी मिली। चीख पुकार सुनकर परिवार के अन्य सदस्य और आसपास के लोग भी एकत्रित हो गए और पुलिस को सूचना दी गई । सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को फंदे से उतारकर अस्पताल लाया गया। मृतक के पुत्र आर्यन ने बताया कि उसके पिता पावर लूम कर्मचारी थे और पिछले पांच-छह दिनों से तनाव में चल रहे थे। इस कारण वह नशा भी अधिक कर रहे थे। पुलिस ने पोस्टमार्टम करने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है तथा पुलिस परिजनों के बयान लेकर आत्महत्या के कारणों का पता लगा रही है।

## कुलनाम परिवर्तन सूचना

मैं कोमल चौहान पति चेतन राजोरिया (KOMAL CHOUHAN W/O CHAETAN RAJORIYA), निवासी : पिपल्या राघो, तहसील उज्जैन जिला उज्जैन (म.प्र.) पिनकोड नंबर 456010, Address. Piplya Ragho, Ujjain, Ujjain Madhya Pradesh Pin 456010, का निवासी होकर निवेदन करती हूँ मेरे आधार कार्ड क्रं. : 6351 1187 0356 में शादी के पूर्व का कुलनाम कोमल चौहान पति चेतन राजोरिया (KOMAL CHOUHAN W/O CHAETAN RAJORIYA) दर्ज हो गया हैं जबकि मेरा कुलनाम शादी के बाद सही कुलनाम कोमल राजोरिया पति चेतन राजोरिया (KOMAL RAJORIYA W/O CHETAN RAJORIYA) हो चूका हैं। जो कि सत्य एवं सही हैं।

अतः राजपत्र प्रकाशन के बाद भविष्य में मेरे कुलनाम सभी शासकीय/अर्द्ध शासकीय / व्यक्तिगत दस्तावेजों एवं समस्त दस्तावेजों में कोमल राजोरिया पति चेतन राजोरिया (KOMAL RAJORIYA W/O CHETAN RAJORIYA) के नाम से जाना व लिखा पढ़ा जावे।

**पुराना कुलनाम**
कोमल चौहान पति चेतन राजोरिया
(KOMAL CHOUHAN W/O CHAETAN RAJORIYA)

**नया कुलनाम**
कोमल राजोरिया पति चेतन राजोरिया
KOMAL RAJORIYA W/O CHETAN RAJORIYA

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि

1. जोहरीन पति मोहम्मद हनीफ निवासी ग्राम जम्बूरा तहसील व जिला उज्जैन के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि जो कि सर्वे नम्बर 199/2 रकबा 1.0500 हे. स्थित ग्राम जम्बूरा तहसील व जिला उज्जैन पर स्थित है। उक्त भूमि मे से 0.8200 हेक्टेयर भुमि को विक्रय करने का अनुबंध मेरे पक्षकारगणो से किया जाकर बयाना राशि प्राप्त की जा चुकी है केवल मात्र शेष राशि प्राप्त कर रजिस्ट्री की जाना बाकि है।

2. मोहम्मद परवेश पिता मोहम्मद हनीफ निवासी ग्राम जम्बूरा तहसील व जिला उज्जैन के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि जो कि सर्वे नम्बर 198/1/1 रकबा 0.49 हेक्टेयर, सर्वे नम्बर 198/3 रकबा 0.30 हेक्टेयर ग्राम जम्बूरा तहसील व जिला उज्जैन पर स्थित है। उक्त भूमि सर्वे नम्बर 198/1/1 मे से 0.080 हेक्टेयर व भूमि सर्वे नम्बर सर्वे नम्बर 198/3 मे से 0.100 हेक्टेयर भुमि को विक्रय करने का अनुबंध मेरे पक्षकार से किया जाकर बयाना राशि प्राप्त की जा चुकी है केवल मात्र शेष राशि प्राप्त कर रजिस्ट्री की जाना बाकि है। यह कि, उक्त भूमि के विक्रय संबंध में किसी भी संस्था, व्यक्ति को कोई आपत्ति हो या किसी शासकीय या अर्धशासकीय कार्यालय, बैंक, सोसायटि आदि का कोई ऋण भार आदि हो या कोई व्यक्ति, सोसायटी, संस्था आदि उक्त संपत्ति पर अपना हक, हित, स्वत्व, आदि रखता हो तो वह इस जाहीर सूचना प्रकाशन के 7 (सात) दिन के अंदर मय प्रमाण के लिखित रूप में आपत्ति मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे ताकि उसका विधिवत निराकरण किया जा सके। उक्त अवधि पश्यात मेरे पक्षकार द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र करवालिया जावेगा। बाद गुजरने अवधि किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी, तथा ऐसी आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकार नहीं होकर शून्यवत होगी। सो सूचित हो।

इति दिनांक 26.12.2025

**उमेश बमनावत**
**कोठी पैलेस, उज्जैन**
**मोबाइल- 9993334828**

## आध्यात्मिक यात्रा



क्या आपने मधुमक्खी के छत्ते को कभी गौर से देखा है? यह इंजीनियरिंग की एक शानदार मिसाल है! यह एक ऐसा बेहतरीन अपार्टमेंट-कॉम्प्लेक्स है, जिसके बारे में आपने कभी सोचा तक नहीं होगा। इसे बड़ी खूबसूरती से बनाया गया होता है और किसी भी मौसम में आपने शायद ही कभी किसी छत्ते को पेड़ से गिरते देखा होगा। इसकी संरचना बड़ी ही अद्भुत होती है, लेकिन क्या मधुमक्खियों के दिमाग में इसकी इंजीनियरिंग की योजना होती है? नहीं, यह योजना उनके शरीर में होती है। उनको बिल्कुल ठीक-ठीक पता होता है कि क्या करना है, क्योंकि उनके सिस्टम में ही इसका खाका मौजूद होता है। आध्यात्मिक ज्ञान को भी इसी तरह दिया जाता था- विचारों से नहीं, शब्दों से भी नहीं, बल्कि उसी तरह, जैसे एक मधुमक्खी जानती है कि छत्ता कैसे बनाना है। यह एक प्रकार का डाउनलोड है। एक बार अगर यह डाउनलोड हो गया, तो आप जो कुछ जानना चाहते हैं, वह मौजूद होता है। एक विचार की तरह नहीं। अगर आप अपने कंप्यूटर में कोई खास सॉफ्टवेयर डाउनलोड करते हैं, तो आपको यह नहीं समझना पड़ता कि यह कैसे काम करता है; आप एक बटन दबाते हैं और वह उस काम को पूरा कर देता है। दूसरा बटन दबाते हैं, तो अगला काम हो जाता है। आपको सॉफ्टवेयर में लिखे हर शब्द को नहीं पढ़ना पड़ता। आपके सामने अचानक एक अलग किस्म की चीज होने लगती है। दरअसल, आपके भीतर एक आंतरिक बुद्धि या प्रज्ञा है। परिष्कृत मशीन का निर्माण इसी भीतरी बुद्धि से हुआ है। अभी आप बस अपने मस्तिष्क के एक छोटे से हिस्से को इस्तेमाल करने की कोशिश कर रहे हैं, और आपको लगता है कि यही बुद्धि है। नहीं। आपके अंदर कुछ ऐसा भी है, जो एक पूरा मस्तिष्क बना सकता है। वह कुछ बिल्कुल अलग तरीके से काम करता है। मेरे विचार बहुत संगठित हैं, क्योंकि मैं दिमाग से नहीं, अपने शरीर की हर कोशिका से सोचता हूं। इसमें किसी हद तक एकीकरण या समरूपता है, क्योंकि मैं सोचने के लिए सिर्फ दिमाग का इस्तेमाल नहीं करता। मेरे मन में कोई विचार नहीं होता, जब तक मैं कुछ सोचना न चाहूं। इस अस्तित्व में कुछ भी बेवजह कभी नहीं हुआ। मानव समाज में काफी चीजें बेवजह हैं। इसके जीवन और उसके जीवन में एक संबंध होता है, एक तुलना होती है। वह बुद्धि व प्रज्ञा, जो जीवन रचती और चलाती है, उसके लिए न कोई संदर्भ है और न ही तुलना। आप यह नहीं कह सकते कि वह अभी अपनी सही जगह पर है या नहीं- वह हमेशा सही जगह पर होती है। आध्यात्मिक प्रक्रिया की सारी कोशिश बस यही है: इस हड्डियों के डिब्बे में भरी बुद्धि से ब्रह्मांडीय प्रज्ञा की तरफ जाना। यही आध्यात्मिक यात्रा है।

**सम्पादकीय**

# हिंसा के खिलाफ

एक और खूंखार व इनामी माओवादी नेता की मौत के साथ ही ओडिशा में माओवादी हिंसक तंत्र की कमर टूट गई है। ओडिशा में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में शीर्ष माओवादी नेता गणेश उइके को मार गिराया गया है। उइके की गिनती बर्बर नक्सलियों में होती थी और सरकार द्वारा बार-बार चेतावनी व सलाह के बावजूद उसने अराजकता का रास्ता नहीं छोड़ा था। ऐसे में, सुरक्षा बलों के हाथों उसका मारा जाना संविधान और समाज, दोनों के हिसाब से उचित है। उस पर 1.1 करोड़ रुपये का इनाम था और वह सीपीआई (माओवादी) की केंद्रीय समिति का सदस्य था। उसे कंधमाल जिले में खास खुफिया सूचनाओं के आधार पर चलाए गए नक्सल विरोधी अभियान के दौरान मारा गया है। उइके के साथ तीन अन्य इनामी नक्सली मारे गए हैं। उइके की जान बच सकती थी, अगर वह समर्पण कर देता। ध्यान देने की बात है, अभी 23 दिसंबर को ही 22 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया था, लेकिन 69 साल की उम्र हो जाने के बावजूद उइके बंदूक रखने को तैयार नहीं हुआ और यही वजह है कि वह अपने अंजाम को प्राप्त हुआ।

केंद्र सरकार की नीति और रणनीति माओवादी हिंसा को लेकर बहुत स्पष्ट है। इस बीतते वर्ष में ही अगर देखें, तो माओवादियों का एक सबसे बड़ा नेता बसवराजू मई महीने में मारा गया। एक अन्य माओवादी नेता हिडमा बीते महीने में मारा गया है। अब उइके के मारे जाने के बाद एक तरह से नक्सलियों की बुनियाद टूटकर बिखर चुकी है। बसवराजू की जगह लेने वाला टी तिरुपति का भी देर-सबेर अंत होना है। केंद्र सरकार का संकल्प है, अगले साल मार्च के अंत तक माओवाद को समूल नष्ट कर देना है। केंद्र सरकार की दृढ़ता की वजह से ही सुरक्षा बलों की सक्रियता उन इलाकों में बहुत बढ़ी है, जहां माओवादियों के होने का अंदेशा है। मात्र उइके को खत्म करने वाले अभियान के आकार को देखें, तो पता चलता है कि केंद्र सरकार सुरक्षा में कोई कसर छोड़ना नहीं चाहती है। ओडिशा के अभियान में ही एसओजी, सीआरपीएफ और बीएसएफ जवानों की 23 टीमें कंधमाल और गंजाम जिले के आसपास के वन क्षेत्रों में तैनात की गई हैं। कोशिश है कि सुरक्षा बल के जवानों को कम से कम नुकसान हो और हिंसक माओवादियों को मुंहतोड़ जवाब दिया जाए। बचे हुए माओवादियों के लिए यही बेहतर है कि वे समर्पण कर दें, अपनी जान जोखिम में न डालें।

**चर्चा में अरावली ?**

# अरावली पर्वत श्रृंखला: प्राचीन रक्षक की संघर्षपूर्ण कहानी

अरावली पर्वत श्रृंखला, भारत की भूमि पर खड़ी एक प्राचीन साक्षी, आज एक संकट का सामना कर रही है। यह श्रृंखला न केवल भूगर्भीय इतिहास की एक जीवंत किताब है, बल्कि उत्तर भारत के पर्यावरणीय संतुलन की आधारशिला भी है। नवंबर 2025 में सुप्रीम कोर्ट के एक महत्वपूर्ण निर्णय ने इस मुद्दे को राष्ट्रीय स्तर पर सुर्खियों में ला दिया है। इस निर्णय ने अरावली की परिभाषा को पुनर्निर्धारित किया, जिससे पर्यावरणविदों, नागरिकों और राजनीतिक दलों में चिंता की लहर दौड़ गई।



डा. घनश्याम बटवाल (दैनिक अवन्तिका)

अरावली की कहानी करीब 1.8 अरब वर्ष पुरानी है, जब पृथ्वी की टेक्टॉनिक प्लेटें टकराती हुई इस श्रृंखला को जन्म दे रही थीं। आज यह श्रृंखला गुजरात से दिल्ली तक 692 किलोमीटर तक फैली हुई है, और राजस्थान, हरियाणा तथा दिल्ली-एनसीआर के लिए जीवनदायिनी बनी हुई है। लेकिन अवैध खनन, शहरीकरण और अब न्यायिक परिभाषा के बदलाव ने इसके अस्तित्व को खतरे में डाल दिया है। हर स्तर पर जानना चाहते हैं कि आखिर सुप्रीम कोर्ट के निर्णय की व्याख्या केंद्र और राज्य सरकार कैसे करती है, केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने संबोधित करते हुए मिडिया में अरावली पर्वत श्रृंखला को बचाने संरक्षण करने का बताया है पर चिंता व्याप्त हो गई और प्रभावित पर्वतीय क्षेत्रों में विरोध प्रदर्शन ओर आंदोलन आकार ले रहा है ।

### अरावली की प्राचीनता और भूगर्भीय इतिहास

अरावली पर्वत श्रृंखला दुनिया की सबसे प्राचीन फोल्ड माउंटेन रेंजों में से एक है, जिसकी उत्पत्ति प्रोटेरोजोइक युग में हुई थी। वैज्ञानिक अनुमानों के अनुसार, इसकी उम्र 1.5 से 1.8 अरब वर्ष तक है, जो हिमालय से भी कहीं अधिक पुरानी है। इसकी उत्पत्ति भारतीय प्लेट और यूरेशियन प्लेट के अलगाव से पहले की है, जब महाद्वीपीय क्रस्ट की टकराहट ने इसे आकार दिया। अरावली की चट्टानें मुख्य रूप से ग्रेनाइट, ग्नीस और क्वाट्र्जाइट से बनी हैं, जो प्राचीन महासागरों के तल से ऊपर उठी थीं। इसकी भूगर्भीय यात्रा 3.3 अरब वर्ष पहले शुरू हुई, जब ग्रेनाइटिक मैग्मा का निर्माण हो रहा था। समय के साथ, अपक्षय और अपरदन ने इसकी ऊंचाई को कम किया, लेकिन इसकी मजबूती बनी रही। आज, यह श्रृंखला जैव विविधता का खजाना है, जहां दुर्लभ प्रजातियां जैसे तेंदुआ, लकड़बग्घा और सैकड़ों पक्षी निवास करते हैं। राजस्थान के अलवर से दिल्ली तक फैली यह रेंज इतिहास की गवाह है झ प्राचीन किलों की रक्षा से लेकर आधुनिक पर्यावरणीय चुनौतियों तक। लेकिन अब, सुप्रीम कोर्ट की नई परिभाषा ने इस प्राचीन विरासत को खतरे में डाल दिया है, जहां केवल 100 मीटर से ऊंची संरचनाओं को ही अरावली माना जाएगा। यह परिवर्तन 90% क्षेत्र को संरक्षण से बाहर कर सकता है, जो एक बड़ी चिंता का विषय है।

### पर्यावरणीय महत्व और मरुस्थलीकरण की रोकथाम में भूमिका

अरावली का पर्यावरणीय महत्व अपार है। यह उत्तर-पश्चिम भारत की जलवायु को नियंत्रित करती है, भूजल को रिचार्ज करती है और जैव विविधता को संरक्षित रखती है। सबसे महत्वपूर्ण, यह थार रेगिस्तान के पूर्व की ओर विस्तार को रोकने वाली प्राकृतिक दीवार है। बिना अरावली के, रेगिस्तानी हवाएं दिल्ली-एनसीआर तक पहुंच सकती हैं, जिससे धूल भरी आंधियां, प्रदूषण और सूखा बढ़ सकता है। यह ₹ग्रीन वॉल₹ की तरह काम करती है, जो गंगा के मैदानों को मरुस्थलीकरण से बचाती है।

पर्यावरण विशेषज्ञों के अनुसार, अरावली वायु प्रदूषण को कम करती है, मिट्टी के कटाव को रोकती है और वर्षा को बढ़ावा देती है। हरियाणा और राजस्थान में इसके वनों ने लाखों हेक्टेयर भूमि को मरुस्थलीकरण से बचाया है ,यदि यह नष्ट हुई, तो दिल्ली का अदक और बढ़ेगा, जल संकट गहराएगा और कृषि प्रभावित होगी। हाल के अध्ययनों से पता चलता है कि 1975 से अब तक 8% क्षेत्र नष्ट हो चुका है, और यह 2059 तक 22% तक पहुंच सकता है।इसलिए, इसका संरक्षण जलवायु परिवर्तन से लड़ाई में महत्वपूर्ण है।

### सुप्रीम कोर्ट का निर्णय: विवरण और प्रभाव

20 नवंबर 2025 को सुप्रीम कोर्ट ने केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय की समिति की सिफारिश पर अरावली की एक समान परिभाषा स्वीकार की। इसके अनुसार, केवल 100 मीटर से ऊंची संरचनाएं ही अरावली पहाड़ियां मानी जाएंगी, और 500 मीटर के भीतर क्लस्टर वाली रेंज। अदालत ने नई खनन लीज पर रोक लगाई, लेकिन पुरानी लीजों के लिए सस्टेनेबल माइनिंग प्लान बनाने का आदेश दिया वन क्षेत्रों में खनन निलंबित है, जब तक EIA पूरा नहीं होता।

हालांकि, इस परिभाषा की आलोचना हो रही है, क्योंकि इससे 90% क्षेत्र असुरक्षित हो सकता है।विशेषज्ञ इसे मौत का वारंट कहते हैं, जो खनन और निर्माण को बढ़ावा देगा। अदालत ने सस्टेनेबल प्लान पर जोर दिया, लेकिन ऊंचाई-आधारित परिभाषा ने विवाद पैदा कर दिया। यह निर्णय 2002 की परिभाषा पर आधारित है, लेकिन राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप जारी हैं।

### अवैध खनन और पर्यावरणीय क्षरण

मुख्य मुद्दा अवैध खनन, जंगलों की कटाई और शहरीकरण है। राजस्थान और हरियाणा में खनन ने पहाड़ियों को नुकसान पहुंचाया, जिससे भूस्खलन और जल स्तर गिरावट हुई।2018 में खनन पर प्रतिबंध था, लेकिन नई परिभाषा इसे कमजोर कर सकती है। कई एक-ड़ जंगल काटे जा रहे हैं, जो पर्यावरणीय संकट को बढ़ा रहा है। मुद्दा यह है कि कम ऊंचाई वाली पहाड़ियां खनन के लिए खुल सकती हैं, जो पूरे इकोसिस्टम को प्रभावित करेगी।

### नागरिकों की चिंताएं और विरोध प्रदर्शन

नागरिकों में गहरी चिंता है। अभियान सोशल मीडिया पर ट्रेंड कर रहा है, और विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। लोग रेगिस्तान विस्तार, जल संकट और आंधियों से डरते हैं। उदयपुर में दिनभर का उपवास, जयपुर में रैलियां और दिल्ली में विरोध हो रहे हैं।स्थानीय निवासी कहते हैं कि अरावली कृषि और जलवायु की रक्षा करती है।

# जनहित के नाम पर रखी गई कुर्सी

बृजमोहन लाल की कुर्सी बहुत पुरानी थी। इतनी पुरानी कि उस पर बैठते ही आदमी इतिहास में चला जाता था। कुर्सी जानती थी कि उस पर कौन क्यों बैठा है। बृजमोहन लाल कहते थे–मैं जनहित में बैठा हूँ।

जनहित को कभी बैठने का मौका नहीं मिला।

वे जब भी उठते, कुर्सी को देखकर कहते–बस पाँच मिनट।

पाँच मिनट वर्षों में बदल जाते। कुर्सी उनके शरीर की तरह थी–अगर अलग कर दी जाए तो पहचान खत्म हो जाए। लोग उन्हें आदमी नहीं, पद के नाम से जानते थे।

एक दिन सरकार ने आदेश निकाला–

अब कुर्सियाँ बदली जाएँगी।

बृजमोहन लाल परेशान हो गए। उन्होंने जनहित का हवाला दिया। बोले–

अचानक बदलाव से व्यवस्था चरमरा जाएगी।

व्यवस्था ने सिर हिलाया–वह पहले से चरमराई हुई थी।

बृजमोहन लाल ने तुरंत एक जनहित याचिका दायर की–

जनहित बनाम कुर्सी परिवर्तन

अदालत गंभीर हो गई। मामला बड़ा था। कुर्सी बीच में थी।

सुनवाई के दौरान बृजमोहन लाल बोले–

मैं इस कुर्सी पर नहीं, इस कुर्सी के लिए बैठा हूँ। कुर्सी भावुक हो गई।

जनता भ्रमित।

मीडिया ने हेडलाइन चलाई–

ईमानदार अफसर का संघर्ष

संघर्ष किससे था, यह स्पष्ट नहीं किया गया। कुछ महीने बीत गए। आदेश ठंडे बस्ते में चला गया। बृजमोहन लाल की कुर्सी और चमकने लगी। अब उस पर गद्दी लग गई थी–जनहित की।

एक दिन अचानक बृजमोहन लाल रिटायर हो गए। कुर्सी खाली रह गई–पहली बार। कमरे में सन्नाटा था।

नया आदमी आया। वह भी कुर्सी पर बैठा।

कुर्सी मुस्कुराई।

क्योंकि जनहित कभी कुर्सी पर नहीं बैठता–

वह सिर्फ. बैठाया जाता है।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 27 दिसंबर 2025 शनिवार
सूर्योदय - 07:10 सूर्यास्त 17:46
पौष मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 09:00 से 10:30 तक
तिथि - सप्तमी 13:10 उपरांत अष्टमी
नक्षत्र - पूवार्भाद्रपद 09:10 उपरांत उत्तराभाद्रपदा
योग - व्यतिपात 12:21 उपरांत वरियान
करण - वणिज
चन्द्रमा - दिन पूर्ण मीन में रहेगा।
मुस्लिम मास - रज्जब मास 06 तारिख

**मेष-** निवेश के सुखद परिणाम आएंगे। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। किसी बड़ी बाधा के दूर होने से प्रसन्नता रहेगी।

**वृषभ-** रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। भाग्य का साथ मिलेगा।

**मिथुन-** पुराना रोग उभर सकता है। विवाद से क्लेश संभव है। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। विवाद न करें। कुबुद्धि हावी रहेगी।

**कर्क-** कारोबार में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। नए व्यापारिक अनुबंध होंगे।

**सिंह-** धनार्जन होगा। लंबे समय से रुके कार्यों में गति आएगी। नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा।

**कन्या-** सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। शत्रु परास्त होंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**तुला-** कोर्ट व कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा।

**वृश्चिक-** सुख के साधन जुटेंगे। कारोबार में वृद्धि होगी। निवेशादि शुभ रहेंगे। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। स्त्री पक्ष से लाभ होगा।

**धनु-** अज्ञात भय रहेगा। शत्रु परास्त होंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा।

**मकर-** आज लेन-देन में विशेष सावधानी रखें। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। दुःखद समाचार मिल सकता है।

**कुंभ-** किसी व्यक्ति से बेवजह विवाद हो सकता है। व्यर्थ भागदौड़ होगी। कार्य में विलंब होगा। चिंता तथा तनाव रहेंगे।

**मीन-** आय में निश्चितता रहेगी। पुराना रोग उभर सकता है। किसी बड़ी समस्या से सामना हो सकता है। चोट व रोग से बचें।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा (भरदीवाले) 9926034545

**समसामयिक**

# रिश्ते निभाने का महत्व

जीवन की यात्रा में बहुत-से लोग एक सत्य गहराई से अनुभव करते हैं– रिश्ते निभाना कोई कमजोरी नहीं, बल्कि ईश्वर की विशेष अनुकंपा है।हर किसी के भाग्य में यह सामर्थ्य नहीं होती कि वह संबंधों को बोझ नहीं, बल्कि आशीर्वाद की तरह उठा सके।



कमलेश शर्मा दैनिक अवन्तिका

समाज में रिश्ते केवल नाम, संबोधन या औपचारिकता भर नहीं होते– वे आत्मा के वे सूक्ष्म धागे होते हैं, जिन्हें तोड़ना आसान है, पर सहेज पाना केवल संस्कारों और धैर्य से ही संभव होता है। कई लोगों के जीवन में यह संस्कार पारिवारिक मूल्यों और आस्था से आते हैं, इसी कारण वे रिश्तों में कभी लाभ-हानि का गणित नहीं बैठाते।

अक्सर लोगों के मन में प्रश्न उठता है–

कुछ लोग हर बार खुद को छोटा क्यों कर लेते हैं? पर क्या रिश्तों को बचाने के लिए झुक जाना सचमुच छोटा होना है? यदि ऐसा है, तो यह छोटापन भी एक गरिमा है। क्योंकि अनुभव बताता है कि जो लोग हर रिश्ते में अपना कद नापते रहते हैं, अंततः वे अकेले रह जाते हैं– अपनी ही परछाइयों के साथ।

समाज में ऐसे लोग भी होते हैं जो रिश्तों के लिए अपनी बात पीछे रख देते हैं, अपने अहंकार को मौन का वस्त्र पहना देते हैं, सिर्फ इसलिए कि कोई संबंध टूट न जाए। कुछ इसे मजबूरी समझते हैं, कुछ कमजोरी। पर सच्चाई यह है कि जो व्यक्ति भीतर से मजबूत होता है, वही दूसरों के लिए जगह बना पाता है। कमजोर मन तो हर असहमति पर दीवार खड़ी कर लेता है।

आस्था और संस्कार यह सिखाते हैं कि रिश्तों में झुकना अपमान नहीं, बल्कि शिष्टाचार और संस्कार है। यही विवेक यह भी सिखाता है कि गलत दरवाजों पर सिर नहीं झुकाया जाता, न ही आत्मसम्मान गिरवी रखा जाता है। जब आत्मा संतुष्ट रहती है, तो आत्मसम्मान स्वतः सुरक्षित रहता है। यह प्रवृत्ति कई लोगों के लिए शक्ति भी बनती है और व्यथा भी। कभी-कभी मन दुखी हो जाता है जब अपनापन एकतरफा रह जाता है, जब रिश्तों की कीमत समझी नहीं जाती। ऐसे समय में यह प्रश्न स्वाभाविक है– यदि कोई व्यक्ति अपने मूल स्वभाव से ही समझौता कर ले, तो उसके पास अंततः बचेगा ही क्या? हर मनुष्य के जीवन में एक ऐसा मोड़ अवश्य आता है जहाँ उसे चुनना होता है– अहंकार बड़ा हो या रिश्ते। बहुत-से लोग रिश्तों को चुनते हैं। शायद इसी कारण उनका रास्ता कठिन होता है, पर भीतर से शांत और सुकून से भरा होता है।

## भ्रष्टाचारी

बौखला रहे हैं सारे भ्रष्टाचारी,
नीदें उड़ाई सरकार ने हमारी,
बन गई है हमारी तो भाजी,
हम करेंगे केवल नारे बाजी ।
वर्षो से था केवल हमारा राज,
हम करते नहीं थे कोई काज़,
घोटालों में लिप्त गिराते गाज,
उस वक्त हमें था खुद पर नाज ।
एक हो गए हैं अब सारे देशद्रोही,
बने हैं देशभक्तों के ये नए विद्रोही,
दुष्ट पापी भ्रष्टाचारी ये बड़े निर्दयी,
कूटनीतिज्ञ करामाती ये राष्ट्रद्रोही ।
कैसे हटी ये धोखाधड़ी की माया,
समझ में हमारे अभी तक न आया,
जनता में भी जोश ₹आनंदर₹ छाया,
बेहोश थी पहले नींदों से जगाया ।



मोनिका डागा (दैनिक अवन्तिका)

# किडनी स्टोन के मरीज तले-भुने खाने से रहें कोसों दूर



लोगों के मन में सवाल रहता है कि क्या किडनी स्टोन के मरीज तला-भुना खा सकते हैं। बता दें कि तले-भुने खाने में फैट और सोडियम की मात्रा ज्यादा होती है। ज्यादा फैट का सेवन करने से शरीर पाचन तंत्र को बाधित करता है और पथरी की समस्या को बढ़ा सकता है। गुर्दे की पथरी या किडनी स्टोन एक ऐसी दर्दनाक स्थिति है, जिसमें डाइट और लाइफस्टाइल पर कंट्रोल रखना बेहद जरूरी होता है। ऐसे में लोगों के मन में सवाल रहता है कि क्या किडनी स्टोन के मरीज तला-भुना खा सकते हैं। बता दें कि तले-भुने खाने में फैट और सोडियम की मात्रा ज्यादा होती है। ज्यादा फैट का सेवन करने से शरीर पाचन तंत्र को बाधित करता है और पथरी की समस्या को बढ़ा सकता है।

ज्यादा सोडियम का सेवन किडनी पर ज्यादा दबाव डालता है। इससे मूत्र में कैल्शियम का उत्सर्जन बढ़ जाता है। यह पथरी बनने की प्रक्रिया को तेज कर देता है। इसलिए पकौड़े, समोसे, पूड़ियां और चिप्स जैसे तले-भुने खाद्य पदार्थों से पूरी तरह परहेज करना चाहिए। इसकी जगह पर उबले या भुने हुए भोजन को प्राथमिकता पर रखना चाहिए। डाइट में किया गया बदलाव न सिर्फ पथरी को दोबारा बनने से रोकेगा, बल्कि पथरी की वजह से किडनी पर पड़ने वाला दबाव भी कम करेगा।

### नमक और प्रोसेस्ड फूड्स से करें परहेज

किडनी स्टोन के मरीजों को नमक का कम से कम सेवन करना चाहिए। ज्यादा सोडियन वाला खाना मूत्र में कैल्शियम की मात्रा को बढ़ा देते हैं। जिससे कैल्शियम ऑक्सालेट पथरी बनने का खतरा ज्यादा बढ़ जाता है। इसलिए डिब्बाबंद सूप, पैकेज्ड फूड्स, सॉस और अचार को खाने से पूरी तरह से परहेज करना चाहिए। क्योंकि इन सभी चीजों को सोडियम की मात्रा ज्यादा होती है।

ऑक्सालेट युक्त खाद्य पदार्थ

पथरी कई तरह की होती है, जिनमें से एक पथरी का प्रकार कैल्शियम ऑक्सालेट भी है। यह पथरी का सबसे आम प्रकार माना जाता है। अगर यह पथरी हो जाए, तो व्यक्ति को ऑक्सालेट से भरपूर खाद्य पदार्थों से परहेज करना चाहिए। इनमें मुख्य रूप से चुकंदर, चॉकलेट, पालक और चाय का ज्यादा सेवन शामिल है। इसलिए इन चीजों का सेवन नहीं करें या फिर सीमित मात्रा में करें।

### रेड मीट और प्रोटीन का ज्यादा सेवन

समुद्री खाना, रेड मीट और मुर्गे में प्यूरीन की मात्रा ज्यादा होती है। शरीर में प्यूरीन के टूटने से यूरिक एसिड बनता है। ज्यादा नॉनवेज खाने से यूरिक एसिड पथरी का खतना अधिक बढ़ जाता है। ऐसे में प्रोटीन का सेवन संतुलित रखना चाहिए। क्योंकि अधिक प्रोटीन लेने से किडनी पर अतिरिक्त बोझ पड़ता है।

### सॉफ्ट ड्रिंक और आर्टिफिशियल शुगर

बता दें कि कोल्ड ड्रिंक और सॉफ्ट ड्रिंक में चीनी और फॉस्फोरिक एसिड की मात्रा ज्यादा होती है। वहीं यह दोनों ही तत्व मूत्र में पथरी बनाने के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करते हैं। आर्टिफिशियल शुगर और फ्लेवर्ड जूस भी किडनी के लिए अच्छे नहीं होते हैं।

**धर्म-आस्था**

# जगन्नाथ पुरी को शंख क्षेत्र क्यों कहा जाता है

सनातन धर्म के रहस्य केवल ग्रंथों की पंक्तियों में ही नहीं, बल्कि भारत की पवित्र भूमि के कणझकण में समाए हुए हैं। इन्हीं रहस्यों में से एक रहस्य भगवान जगन्नाथ की दिव्य नगरी पुरी से जुड़ा है, जिसे शास्त्रों में शंख क्षेत्र कहा गया है। यह केवल एक भौगोलिक संज्ञा नहीं, बल्कि गहन आध्यात्मिक अर्थों से परिपूर्ण सत्य है, जो साधक को आत्मबोध की ओर ले जाता है।



अजयकुमार बियाणी (दैनिक अवन्तिका)

स्कंद पुराण में ओडिशा की पावन भूमि को चार दिव्य क्षेत्रों में विभाजित किया गया है। इन चारों क्षेत्रों के नाम भगवान विष्णु के आयुधों पर आधारित हैं, जो धर्म की रक्षा और अधर्म के विनाश के प्रतीक माने जाते हैं। पुरी को शंख क्षेत्र, भुवनेश्वर को चक्र क्षेत्र, जाजपुर को गदा क्षेत्र और कोणार्क को पद्म क्षेत्र कहा गया है। ये चारों क्षेत्र मिलकर धर्म का एक ऐसा आध्यात्मिक कवच निर्मित करते हैं, जिसके भीतर प्रवेश करते ही साधक का अंतर्मन जागृत होने लगता है।

पुरी धाम, जहाँ भगवान जगन्नाथ साक्षात विराजमान हैं, शंख के आकार में विस्तृत माना गया है। इसी कारण इसे शंख क्षेत्र कहा गया। पुरुषोत्तम क्षेत्र के नाम से प्रसिद्ध यह धाम आत्मा के जागरण का केंद्र है। जैसे शंखनाद वातावरण में चेतना का संचार करता है, वैसे ही पुरी की भूमि में प्रवेश करते ही भक्त के भीतर सोई हुई आध्यात्मिक चेतना जाग उठती है। यहाँ की हवा, जल, रेत और मंदिरों की घंटियाँ साधक को संसार से ऊपर उठकर आत्मिक शांति का अनुभव कराती हैं।



शंख का सनातन परंपरा में अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। यह सृष्टि के प्रारंभिक नाद ॐ का प्रतीक माना गया है। शंखनाद से नकारात्मक शक्तियों का नाश होता है और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। युद्धभूमि में शंख धर्म की विजय का उद्घोष करता है और पूजा में शंख शुद्धि और मंगल का माध्यम बनता है। पुरी को शंख क्षेत्र कहे जाने का आशय यही है कि यह वह भूमि है, जहाँ अज्ञान का आवरण हटता है और सत्य का प्रकाश आत्मा तक पहुँचता है।

भुवनेश्वर, जिसे चक्र क्षेत्र कहा गया है, भगवान लिंगराज की नगरी है। यहाँ सुदर्शन चक्र के समान धर्म की रक्षा का भाव व्याप्त है। जाजपुर गदा क्षेत्र है, जहाँ देवी बिरजा शक्ति और संरक्षण का प्रतीक हैं। कोणार्क को पद्म क्षेत्र कहा गया है, जहाँ सूर्य देव का भव्य मंदिर कमल की भाँति पवित्रता, सौंदर्य और ब्रह्मांडीय ऊर्जा का संदेश देता है। ये सभी क्षेत्र मिलकर ओडिशा की भूमि को आध्यात्मिक रूप से अद्वितीय बनाते हैं।

इन चारों क्षेत्रों में पुरी को सर्वोच्च स्थान प्राप्त है, क्योंकि यहाँ भगवान जगन्नाथ सदा भक्तों के बीच निवास करते हैं। वे राजा भी हैं और दास भी, सगुण भी हैं और निर्गुण भी। उनकी रथ यात्रा केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि आत्मा की यात्रा का प्रतीक है। यह यात्रा जीव को माया, अहंकार और बंधनों से मुक्त होकर ईश्वर की शरण में जाने का संदेश देती है।

पुरी का शंख क्षेत्र होना यह स्मरण कराता है कि जीवन का उद्देश्य केवल कर्म और भोग नहीं, बल्कि आत्मा का जागरण और परम सत्य की अनुभूति है। जो भी श्रद्धा और विश्वास के साथ इस पावन धरा पर आता है, वह कुछ न कुछ भीतर बदलकर अवश्य लौटता है। यही जगन्नाथ धाम की महिमा है, यही शंख क्षेत्र का आध्यात्मिक रहस्य है।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 5750 डंकी, चना 4800 से 5000 विशाल, 8100 गेहूं मिल क्वालिटी 2650 से ,5500 से 5550 मसूर 6000, 2675 लोकवन 2850 से 2900, महाराष्ट्र सफेद 6500 से 6600, पूर्णा 2800 से 2850 मालवराज, , महाराष्ट्र लाल 6600 से 6800, 2750 से 2775 मक्का 1550, कर्नाटक 6700 से 6900 तुअर, से 1600 चना दाल 7300 से निमारी 6200 से 6600 मूंग बेस्ट 7400 मीडियम 7500 से 7600 गर्मी 7800 से 8200 मूंग बेस्ट बेस्ट 7800 से 8000 तुअर दाल 7100 से 7200 मीडियम बोल्ड 8100 से 8300 एवरेज 8300 से 8400 बेस्ट 9100 से 6500 से 6700 मोगर 5500 9200 एक्स्ट्रा बेस्ट 10000 से से 6500 उड़द बोल्ड 7000 से 10100 ब्रांडेड 10700 मूंग दाल 7200 एवरेज 6200 से 6500 9100 से 9200 बेस्ट 9600 हल्का उड़द 3000 से 5000 से 9800 मूंग मोगर 9600 से काबुली डॉलर 8000 से 8500 9700 बेस्ट 1000 से 10200 काबुली रशियन 5500 से 5700 बिटकी 5100 से 5300 सरसों उड़द दाल 8600 से 8800 बेस्ट (मीडियम) 8000 से 8200 9000 से 9200 उड़द मोगर निमाड़ी 8400 से 8500 रायड़ा 9800 से 1000 बेस्ट 10100 6200 से 6400 सोयाबीन 4300 से 10200 मसूर दाल 7450 से से 4500 अलसी 8200 से 8500 7550 बेस्ट 7650 से 7750 रुपए तिल्ली 8000 से 9000 टोली 4000 से 4200 तिल्ली 8000 से पति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1300 से 1500 आलू चिप्स 1500 से 1900 ज्योति पुराना 1000 से 1500 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 300 से 700, प्याज महाराष्ट्र 1600 से 1900 प्याज लोकल 1000 से 1400 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 600 से 800 गोल्टी 300 से 500 , लहसुन सुपर बोल्ड 7000 से 7500 मीडियम 4000 से 5000 बारीक 3000 से 4500 रुपए प्रति क्विंटल

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2250-2950, चना काबली- 3026-8251, चना बड़ा- 4749-5790, बटला- 2400-4150, राई- 6260, सोयाबीन- 1875-5551, राजमा- 6500, मावा- 280 प्रतिकिलो। सोना-चाँदी- सोना-स्टेण्र्ड- 1,42,300, रवा- 1,42,000 चांदी-टंच- 2,33,500 पाट- 2,33,000।

## उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**
152 फवारा चौक उज्जैन

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130,तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com



## विमला कान्वेंट हाई स्कूल नवादा उन्हेल में धूमधाम से मनाया क्रिसमस डे

**उन्हेल।** विमला कान्वेंट हाई स्कूल नवादा उन्हेल के प्रांगण में स्थित कैथोलिक चर्च में क्रिसमस का पावन पर्व धूमधाम से मनाया गया, प्रभु येशु के जन्म की खुशी में ईसाई समाज के समाजजन ने क्रिसमस की पूर्व रात्रि में चर्च में विशेष प्रार्थनाएं की क्रिसमस के पूरे दिन क्रिसमस मिलन समारोह में विशेष आयोजन भी हुए, प्रभु येशु के जन्म से सम्बन्धित झांकियां भी बनाई गई, समारोह में क्षेत्र के सैकड़ों लोगो ने विद्यालय पहुंचकर एक दूसरे को मेरी क्रिसमस बोल कर सभी को क्रिसमस की बधाईयां भी दी, सभी को मिठाई और केक खिलाकर प्रभु का जन्मोत्सव मनाया, मिलन समारोह में अपने संदेश में विमला कान्वेंट स्कूल के प्रबंधक फादर बिनोई ने कहा कि क्रिसमस सारी मानव जाति को प्रेम, शांति, भाईचारा एवं क्षमा का संदेश देने वाला पावन त्यौहार है, सभी को विमला कान्वेंट परिवार की ओर से क्रिसमस की हार्दिक शुभकामनाएं बधाई ।

## कलश यात्रा का पुष्प वर्षा से स्वागत, श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ



**महिदपुर रोड।** नगर में सप्त दिव सीय श्रीमद् भागवत कथा का शुभा रंभ शुक्रवार को कलश यात्रा के सा थ हुआ सुबह राम मंदिर से निकली कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिला पुरूषों ने शामिल होकर अपनी श्रद्धा प्रकट की कलश यात्रा सहित भाग वत कथा वाचक पंडित सुनील कृष्ण व्यास व भागवत पोती का जगह-जगह विभिन्न समाज जनों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया नगर में भ्रमण के उपरांत कलश यात्रा भाग वत कथा वाचन स्थल , नगर के श्री राम मंदिर परिसर में पहुंची जहां भागवत कथा प्रवक्ता पंडित सुनील कृष्ण व्यास ने प्रथम दिन की कथा में श्रीमद् भागवत कथा के महात्म्य का वर्णन किया श्री राम मंदिर परि सर में प्रतिदिन दोपहर 1 से 4 बजे के बीच 1 जनवरी गुरुवार तक श्री मद् भागवत कथा का वाचन होगा अंतिम दिन की कथा श्री कृष्ण सुदा मा चरित्र, परीक्षित मोक्ष कथा के साथ संपन्न होगी कथा आयोजन समिति के आयोजकों ने बताया कथा समापन दिवस पर 1 जनवरी गुरु वार को भंडारा प्रसादी का आयोजन भी श्र द्धालुओं के सहयोग से श्री राम हनु मान मंदिर सेवा समि ति द्वारा रखा गया है।

### सांसद खेल महोत्सव का समापन

## प्रथम, द्वितीय आने वाले खिलाड़ियों को कलेक्टर ने किया पुरस्कृत



**गुना।** सांसद खेल महोत्सव का समापन समारोह गुरूवार श्यामा प्रसाद मुखर्जी खेल प्रशाल गुना में किया गया। समारोह में कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल, पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी, अपर कलेक्टर अखिलेश जैन, भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिकरवार, जिला पंचायत सदस्य संतोष धाकड़, सांसद प्रतिनिधि हरिसिंह यादव, नगरपालिका उपाध्यक्ष धरम सोनी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एसडीएम गुना श्रीमति शिवानी पाण्डे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का मुख्य द्वार से स्कूल बैंडों ने मधुर धुनों से स्वागत किया। जिसमें एकलव्य विद्यालय एवं पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय बजरंगगढ़ के बैंड दल शामिल हुए तदुपरांत अतिथियों ने मंच की ओर प्रस्थान किया। कार्यक्रम में गीता प्रतिष्ठान के दल द्वारा गायत्री मंत्र का पाठ किया। कलेक्टर श्री कन्याल ने खेल महोत्सव के आयोजन का प्रतिवेदन वाचन किया। कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने ऑनलाइन संदेश दिया। इसके पश्चारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लाइव संबोधन दिखाया गया। अतिथियों ने विभिन्न प्रतियोगिता मे खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर दिव्यांग बच्चों की 100 मी. दौड को क्लैपर बजा कर शुरू कराई प्रधानमंत्री के उद्बोधन के बाद विजेता खिलाडियों को पुरस्कार वितरित किया।


## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भू-खण्ड स्वामी 01 सुरेशचन्द्र पिता सेवाराम जाति सुतार निवासी रंगवासा, तहसील महूँ, जिला इन्दौर व 02 महेशकुमार पिता बाबुलाल जाति सुतार, निवासी ग्राम गुरान, तहसील सांवेर, जिला इन्दौर के स्वामित्व एवं आधिपत्य का एक भू-खण्ड जो कि सर्वे नं. 485/1/2/2 में 116 बाय 15 फिट अर्थात कुल 1740 वर्गफिट का स्थित ग्राम चिकली, तहसील बड़नगर, जिला उज्जैन (म.प्र.) को क्रय करने का सौदा उपरोक्त भू-खण्ड स्वामी से तय कर बयाना राशि प्रदान कर दी है तथा एक सौदा चिट्ठी उपरोक्त भू-खण्ड स्वामी ने मेरे पक्षकार के पक्ष में निष्पादित की है तथा शीघ्र ही भू-खण्ड का विक्रय पत्र मेरे पक्षकार के पक्ष में निष्पादित व पंजीकृत होना है यदि उक्त भू-खण्ड के संबंध में किसी संस्था, बैंक, निकाय का ऋण, भार बकाया हो अथवा यह सम्पत्ति किसी के पक्ष में रहन हो अथवा किसी के पक्ष में कोई अनुबंध पत्र या इस भू-खण्ड से संबंधित मुख्त्यारनामा आम या मुख्यारनामा खास हो अथवा इस सम्पत्ती में उपरोक्त भू-खण्ड स्वामी के अतिरिक्त अन्य किसी भी व्यक्ति का कोई हित, स्वत्व, अधिकार हो या अन्य कोई आपत्ति हो तो जाहिर सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय मे लिखित रूप से मय दस्तावेजी प्रमाण के आपत्ती दर्ज करावे अवधि व्यतीत होने के पश्चात कोई आपत्ती मान्य नही होगी। सूचित हो।

दिनांक 26/12/2025

**अभिषेकसिंह पंवार, एडव्होकेट**
**कोर्ट परिसर बडनगर, जिला उज्जैन, मोबा. 9770872525**


नगर विकास के लिए विधायक पण्ड्या ने नगर पालिका में महत्वपूर्ण बैठक कर निर्देश दिए

# शहर में सफाई हेतु विशेष रूप से प्लान बनाकर कर कार्य करें - विधायक पंड्या

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर



नगर पालिका परिषद के सभागृह में बुधवार को विधायक जितेन्द्र उदयसिंह पण्ड्या द्वारा स्वच्छता, पेयजल, सड़क, प्रकाश व्यवस्था एवं मूल भूत सुविधाओ से जुड़ी समस्याओं को प्राथमिकता के साथ सुना गया और समाधान सुनिश्चित करने हेतु ठोस कार्य योजना बनाई गई। जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान और बड़नगर के सवार्गीण विकास के लिये हम सब मिलकर निरन्तर प्रतिबद्ध है।

उक्त बैठक में प्रमुख रूप से नगर पालिका परिषद की प्रमुख शाखाएं जिसमे शासन की योजनाओं का समय पर हितग्राहियों को लाभ मिले । स्वास्थ्य ,स्वच्छता से संबन्धित मुख्य नगर पालिका अधिकारी अपने कर्मचारियों के साथ नगर भ्रमण कर यह सुनिश्चित करें की सफाई व्यवस्था तथा ठेलागाड़ी व आटो चालको द्वारा यातायात बाधित न हो, सप्ताह में दो बार डी.डी.टी. पावडर का छिड़काव हो, नगर में शुद्ध जल का वितरण हो, कही पाईप लाईन न फुटी हो, इस पर विशेष ध्यान रहे। शहर में सफाई हेतु विशेष रूप से प्लान बनाकर कर कार्य करें। विशेष रूप से नगर की समस्त धर्मशालाएं एवं मेरिज गार्डन को यह सुचित किया जावे की कचरा टेंचिंग ग्राउण्ड पर या नगर पालिका की कचरा गाड़ी में ही डाले। नवीन सब्जी मंडी एवं सोलर उर्जा के अधिक से अधिक प्रयोग हेतु अधिकारियों को त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के निर्देश दिए गए। राजस्व शाखा हेतु नस्तीबद्ध लायक प्रकरण शीघ्रता के साथ निराकरण करें, साथ ही एक सप्ताह के अन्दर प्रमाण पत्र जारी करें। नगर में विशेष रूप से स्ट्रीट लाईट व्यवस्था का भी नगर भ्रमण कर देखा जावे की कही अंधेरा तो नही है। विशेष रूप से नगर के लोक निर्माण विभाग कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देवें साथ ही छोटे कार्य को तुरन्त पूर्ण करें। जिससे गड्डे , जल भराव आदि की समस्या से जनता परेशान न हो। उक्त बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष अभय टोग्या, उपाध्यक्ष अनिता सतीश वर्मा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी मंशाराम निगवाल एवं अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित थे।

हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में देवास में प्रदर्शन

## बांग्लादेशी प्रधानमंत्री मोहम्मद यूनुस का पुतला जलाया, केंद्र से की कार्रवाई की मांग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास



देवास में विश्व हिंदू परिषद (विहिप) और बजरंग दल ने बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर कथित अत्याचारों के विरोध में प्रदर्शन किया। सयाजी द्वार क्षेत्र में हुए इस प्रदर्शन में कार्यकर्ताओं ने बांग्लादेश के प्रधानमंत्री मोहम्मद यूनुस का पुतला जलाकर आक्रोश जताया। इस दौरान जय जय सियाराम और बांग्लादेश मुर्दाबाद जैसे नारे लगाए गए।

विहिप के जिला संयोजक अभिषेक माली ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर नृशंस हमले और हत्याएं बेहद निंदनीय हैं। उनका आरोप है कि वहां हिंदू समुदाय को योजनाबद्ध तरीके से निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह केवल एक देश का नहीं, बल्कि पूरे मानव समाज से जुड़ा गंभीर मुद्दा है।

प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार से मांग की कि ऐसे तत्वों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएं और राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में शामिल लोगों पर कड़ी कार्रवाई के लिए मुद्दा उठाया जाए। साथ ही इस मुद्दे को अंतरराष्ट्रीय मंच पर ले जाने की अपील की गई। कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ठोस कदम नहीं उठाए गए तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## युवक ने नर्मदा पुल से लगाई छलांग, मौत

खातेगांव। नेमावर में शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे एक युवक ने नर्मदा नदी के पुल से छलांग लगा दी। घाट पर मौजूद नाविकों ने उसे नदी में कूदते देखा और तुरंत अपनी नावों से मौके पर पहुंचे। नाविकों ने युवक को नदी से बाहर निकाला और घाट पर लेकर आए। नाविकों के अनुसार, जब युवक को बाहर निकाला गया तब उसकी सांसें चल रही थीं, लेकिन घाट पर पहुंचने के कुछ देर बाद ही उसने दम तोड़ दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। शव की तलाशी लेने पर उसकी जेब से पहचान संबंधी कोई दस्तावेज नहीं मिला। युवक के हाथ पर 'गणेश' लिखा हुआ था। पुलिस ने उसकी पहचान के लिए सोशल मीडिया पर तस्वीरें साझा की हैं। शव को नर्मदा घाट से नगर परिषद की ट्रैक्टर-ट्रॉली में डालकर खातेगांव के शासकीय अस्पताल पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया। इस दौरान ट्रॉली में न तो कोई कपड़ा बिछाया गया था और कर्मचारियों ने शव को अमानवीय तरीके से घसीटते हुए ट्रॉली में रखा।

ग्राम बलेडी कृषि विभाग द्वारा समारोह आयोजित

## किसानों को योजनाओं व कृषि पद्धतियों के बारे में किया जागरूक

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंगोरिया



एफ्रो संस्था उज्जैन ने एफपीओ गांव बलेड़ी में राष्ट्रीय किसान दिवस समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर किसानों को कृषि विभाग और बागवानी विभाग द्वारा उपलब्ध सरकारी योजनाओं और कृषि पद्धतियों के बारे में जागरूक किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कृषि विज्ञान केन्द्र से कृषि वैज्ञानिक डॉ. रेखा तिवारी और डॉ. हंस राज जाटव ने किसानों को नई तकनीकों का उपयोग करने और अपनी फसलों की उत्पादकता बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर एफ्रो संस्था से कार्यक्रम प्रबंधक नीरज होलकर, कृषि अधिकारी उमेश पटेल, बृजेश सावले,अर्जुन सिंह डोडीया, कान्हा चौधरी, एफपीओ के सदस्य और अंचल के अनेक कृषक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में एफ्रो संस्था से निरज होल्कर ने किसानों को आईटीसी प्रोजेक्ट की जानकारी दी गई। कृषि अधिकारी उमेश पटेल द्वारा इस अवसर पर किसानों को आईटीसी के चार प्रमुख घटकों के बारे में जानकारी दी।

कृषि वैज्ञानिक डॉ रेखा तिवारी द्वारा किसानो को कम लागत मे अधिक मुनाफा कृषि पद्धति के बारे मे जानकारी दी। डॉ हंस राज जाटव द्वारा एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन के बारे मे विस्तृत जानकारी दी। यह कार्यक्रम किसानों में मृदा स्वास्थ्य, जल एवं पर्यावरण संरक्षण, और प्राकृतिक खेती के महत्व, सरकारी योजना, कृषि नवाचार को समझाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। आयोजन मे प्राकृतिक खेती के घटक जीवामृत बीजामृत , किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड का महत्व समझाया गया। मृदा परीक्षण से फसल की उत्पादकता और और भूमि की आयु दोनों बढ़ाई जा सकती है।

कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि प्राकृतिक खेती न केवल भूमि की उर्वरता बढ़ाती है, बल्कि जल संरक्षण और जैवविविधता की रक्षा में भी मददगार है। रासायनिक उर्वरक का उपयोग कम करने की सलाह किसानों को प्रेरित किया गया कि वे अपनी खेती में रासायनिक उर्वरकों की जगह जैविक खाद और गोबर आधारित प्राकृतिक घोल का उपयोग करें।


In The Court Of Civil Judge Class-I, Tehsil Badnagar District Court, Ujjain
Presiding Officer: श्रीमती ऋचा गोयल बंसल

**(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)**

(MJC SUC/0000005/2025)

**दिपक सोनी ------वादी**
Vs
**आरती सोनी -----प्रतिवादी**

**Process Id-/2025**
**पेशी दिनांकः 23/01/2026**

**प्रेषिती-**

(1) सर्व साधारण अन्य सर्व साधारण पता- सर्वसाधारण

यह कि प्रार्थी दिपक सोनी ने आपके विरूद्ध एम जे सी सक्शेसन के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज तारीख 26 दिसम्बर 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**(ऋचा गोयल बंसल)**
**प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड**
**बड़नगर, जिला उज्जैन (म.प्र.)**

**कृपया ध्यान दें-** यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।



## कार्यालय नगर पालिका परिषद् आगर जिला आगर मालवा (म.प्र.)

**क्रमांक/निर्माण/2025/4476** **आगर दिनांक 26/12/2025**

## विज्ञप्ति सूचना

प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग म.प्र. शासन भोपाल के द्वारा पंजीकृत ठेकदारो से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (online) निविदाए आमंत्रित की जाती है। कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट http://mpeteder.gov.in पर देखा जा सकता है। कार्य की जानकारी निम्नानुसार है।

| क्र | टेंडर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | लागत/कार्य की समयावधि | EMD/निविदा प्रपत्र का शुल्क | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_UAD 470748_1 | Supply installation, testing and commissioning of 200KVA transformer and 11kv HT line etc complete at kamal kundi water wax | 8.15 लाख 2 माह | 8156/- 2000/- | 09.01.2026 |
| 2. | 2025_UAD_470727_1 | Supply installation, testing and commissioning of 100KVA transformer and 11KV HT line, LT line etc complete at moti sagar talab | 8.32 लाख माह | 8322/- 2000/- | 09.01.2026 |
| 3. | 2025_UAD_470733_1 | Supply installation, testing and commissioning of 100KVA transformer and 11KV HT line etc complete at trenching ground | 4.71 लाख 2 माह | 4717/- 2000/- | 09.01.2026 |

**नोटः-**निविदा से सम्बंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन http://mpeteder.gov.in की वेबसाइड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा ।

**(निलेश विजय कुमार जैन)**
**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद् आगर**

**मुख्य नगर पालिका अधिकाी**
**नगर पालिका परिषद् आगर**




## अटल बिहारी वाजपेई जी की 101वीं जयंती सेवा पखवाड़े के रूप में मनाई

**मक्सी।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई की 101वीं जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा 25 दिसंबर को दोपहर 12 बजे भाजपा जिला कार्यालय पर श्रद्धा, सम्मान एवं सेवा भाव के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष डॉ. रवि पांडे ने की तथा क्षेत्र के विधायक अरुण भीमावद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। यह आयोजन सेवा पखवाड़े के अंतर्गत पूरे भाजपा परिवार की सहभागिता के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नगर पालिका अध्यक्ष प्रेम जैन, नगर पालिका उपाध्यक्ष पं. संतोष जोशी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष शीतल भावसार, भाजपा जिला कोषाध्यक्ष किरण ठाकुर भाजपा कार्यालय मंत्री वीरेन पाटीदार भाजपा जिला मंत्री उमेश टेलर सहित भाजपा नगर एवं ग्रामीण मंडलों के समस्त मंडल अध्यक्ष, पदाधिकारी, पार्षदगण एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान अटल जी के राष्ट्र निर्माण में दिए गए अतुलनीय योगदान को स्मरण करते हुए उनके विचारों और आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया। वक्ताओं ने कहा कि अटल का जीवन सादगी, राष्ट्रसेवा और सुशासन का प्रेरणास्त्रोत है। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण एवं अनुशासित वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## आंगनवाड़ी सेविकाओं व भोजन बनाने वाली महिलाओं की अनदेखी पर सवाल



**महिदपुर।** विधानसभा क्षेत्र की आंगनवाड़ी सेविकाओं एवं मध्यान्ह भोजन बनाने वाली महिलाओं ने क्षेत्रीय विधायक दिनेश जैन बोस से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर एक ज्ञापन सौंपा और अपनी समस्याओं से अवगत कराया। विधायक बोस ने बताया कि भाजपा सरकार भले ही सबका साथ, सबका विकास का दावा करती हो, लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल उलट नजर आती है। जो महिलाएँ बच्चों के पोषण, शिक्षा और भविष्य की मजबूत नींव रखने में अहम भूमिका निभा रही हैं, वही आज उपेक्षा और अन्याय का शिकार हैं। दिन-रात कड़ी मेहनत करने के बावजूद इन महिलाओं को जो मानदेय दिया जा रहा है, वह न केवल अपर्याप्त है, बल्कि उनके सम्मान, श्रम और समर्पण के साथ भी अन्याय है।

## कांग्रेस स्थापना दिवस पर होगा विचार संगोष्ठी का आयोजन

**शाजापुर।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं कांग्रेस सद्भावना एवं कौमी एकता प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सच सलूजा के निदेर्शानुसार आगामी 28 दिसंबर को कांग्रेस के स्थापना दिवस पर एक विशेष विचार संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के आयोजक एवं सद्भावना एवं कौमी एकता प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष अबसार अहमद खान व प्रदेश सचिव राधामोहन शर्मा ने बताया कि यह कार्यक्रम स्थानीय ए.बी. रोड स्थित निजी होटल के सभा कक्ष में दोपहर 2 बजे से प्रारंभ होगा। संगोष्ठी के दौरान भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का स्थापना दिवस भी गरिमामय रूप से मनाया जाएगा। संगोष्ठी में वरिष्ठ कांग्रेस नेता और समाजसेवी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के विचार, देश की आजादी के आंदोलनों में कांग्रेस पार्टी की ऐतिहासिक भूमिका पर चर्चा करेंगे।

# पुलिस लाईन में हुई साप्ताहिक जनरल परेड, एसपी ने परखा जवानों का टर्नआउट

दैनिक अवन्तिका » शाजापुर



पुलिस कार्यप्रणाली को अधिक चुस्त-दुरुस्त और अनुशासित बनाने के उद्देश्य से शुक्रवार को स्थानीय पुलिस लाइन में साप्ताहिक जनरल परेड का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह राजपूत ने परेड की सलामी ली और निरीक्षण कर जवानों का मनोबल बढ़ाया। परेड के दौरान जवानों ने स्कॉट ड्रिल और कदमताल का अभ्यास किया। एसपी राजपूत ने परेड के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि नियमित परेड से न केवल शारीरिक फिटनेस बनी रहती है, बल्कि जवानों में एकता और टीम भावना का भी विकास होता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि परेड के माध्यम से शस्त्र कवायद और अनुशासन को सुदृढ़ किया जाता है, जो फील्ड ड्यूटी के दौरान अत्यंत सहायक सिद्ध होता है।

**उत्कृष्ट टर्नआउट पर मिला सम्मान-** निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने बारीकी से जवानों की वर्दी और टर्नआउट को देखा। बेहतर वर्दी और शानदार टर्नआउट वाले पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों की एसपी ने सराहना की और उन्हें पुरस्कृत करने के निर्देश दिए। परेड के पश्चात पुलिस अधीक्षक ने एम.टी. (परिवहन) शाखा का भी निरीक्षण किया। उन्होंने सरकारी वाहनों के रखरखाव और उनकी स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

## चुरहट SDM कार्यालय का स्टेनो रिश्वत लेते गिरफ्तार




**सीधी।** सीधी जिले में लोकायुक्त पुलिस ने चुरहट स्ष्ठरूकार्यालय में पदस्थ स्टेनो रामहित तिवारी को 10 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई शुक्रवार शाम करीब 5 बजे रीवा लोकायुक्त की 12 सदस्यीय टीम ने की। टीम का नेतृत्व लोकायुक्त निरीक्षक एस.आर. मरावी कर रहे थे। लोकायुक्त पुलिस के अनुसार यह मामला वारिसाना नाम दर्ज कराने से जुड़ा है। शिकायतकर्ता गजेंद्र सिंह पटेल ने आरोप लगाया था कि स्टेनो रामहित तिवारी ने इस काम के लिए कुल 50 हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी। आरोपी पहले ही 25 हजार रुपए ले चुका था। दूसरी किस्त के रूप में 10 हजार रुपए लेते समय लोकायुक्त टीम ने उसे पकड़ लिया। लोकायुक्त निरीक्षक ने बताया कि शिकायत करीब 15 दिन पहले दर्ज कराई गई थी। इसके बाद मामले का सत्यापन किया गया। जांच में आरोप सही पाए जाने पर टीम ने योजना बनाकर जाल बिछाया और आरोपी को रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी स्टेनो को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए चुरहट स्थित सर्किट हाउस ले जाया गया। आरोपी को रंगे हाथ पकड़वाने के बाद शिकायतकर्ता मौके से चला गया और कार्रवाई के समय उपस्थित नहीं रहा। इसके बावजूद लोकायुक्त टीम ने उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई पूरी की।

## स्कूल में प्रभारी प्राचार्य नियुक्ति पर विवाद



**सीधी।** सीधी जिले के हनुमानगढ़ स्थित पी.एम.श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल में प्रभारी प्राचार्य की नियुक्ति को लेकर विवाद गहरा गया है। इस मामले में जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) पर मनमानी और नियमों की अनदेखी के आरोप लगे हैं, जिसमें उच्च न्यायालय के निर्देशों की अवहेलना भी शामिल है। यह विवाद तब शुरू हुआ जब प्रभारी प्राचार्य पद को लेकर मामला उच्च न्यायालय जबलपुर पहुंचा। न्यायालय ने किसी विशिष्ट व्यक्ति को नियुक्त करने का आदेश नहीं दिया था, बल्कि जिला शिक्षा अधिकारी को कलेक्टर सीधी और तत्कालीन प्रभारी प्राचार्य के साथ मिलकर विधि अनुसार पात्र और वरिष्ठ शिक्षक को यह दायित्व सौंपने का निर्देश दिया था। आरोप है कि इन निर्देशों के विपरीत, जिला शिक्षा अधिकारी सीधी ने न तो कलेक्टर से परामर्श किया और न ही स्कूल के मौजूदा प्रभारी प्राचार्य से चर्चा की। इसके बजाय, वरिष्ठ उच्च माध्यमिक शिक्षक डॉ. शक्ति कुमार साकेत को दरकिनार करते हुए कनिष्ठ शिक्षक श्री पोषणेश कुमार मिश्रा को प्रभारी प्राचार्य का प्रभार सौंप दिया गया।

## गायक कैलाश खेर बोले- जानवरगीरी कर रहे आप



**ग्वालियर।** ग्वालियर में बॉलीवुड नाइट के दौरान मशहूर गायक कैलाश खेर के कार्यक्रम में उस वक्त हंगामा मच गया, जब मौजूद भीड़ बेकाबू हो गई। गानों के दौरान लोग बैरिकेड्स फांदकर मंच की ओर बढ़ने लगे। कुछ लोग स्टेज तक पहुंचने की कोशिश करते नजर आए, जिसके बाद कैलाश खेर को अपना गाना बीच में ही रोकना पड़ा। मंच से माइक पर नाराजगी जताते हुए कैलाश खेर ने कहा, हमारे इक्विपमेंट के निकट नहीं आएं, अगर आए तो हम शो बंद कर देंगे। हमने आपकी प्रशंसा की और आप जानवरगीरी कर रहे हैं। इसके बाद पुलिस को सक्रिय होना पड़ा और हालात को काबू में किया गया। जब स्थिति और बिगड़ने लगी तो कैलाश खेर ने मंच से वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से पास आकर व्यवस्था संभालने का अनुरोध भी किया। हालांकि, मौके पर सुरक्षाकर्मी मौजूद थे, लेकिन सिंगर से मिलने और गानों पर नाचने के उत्साह में भीड़ नियंत्रण से बाहर हो गई थी। कुछ देर की मशक्कत के बाद पुलिस ने भीड़ को पीछे हटाया।

## न्यायालय परिसर से वकील का बैग चोरी, दिखी संदेही महिला

**ग्वालियर।** ग्वालियर में जिला न्यायालय परिसर से एक महिला वकील का बैग चोरी होने का मामला सामने आया है। घटना 15 दिसंबर की दोपहर जिला कोर्ट के सुभाष चंद्र बोस परिसर की है। महिला वकील अपनी सीट पर बैग रखकर क्लाइंट को अटेंड करने गई थीं। जब वह वापस लौटीं तो सीट पर रखा बैग गायब था। घटना की शिकायत विश्वविद्यालय थाना में की गई थी। जांच के बाद पुलिस ने गुरुवार रात चोरी का मामला दर्ज किया। बैग में वकालत से जुड़े महत्वपूर्ण दस्तावेज और अन्य सामान रखा हुआ था। ढोली बुआ का पुल, पत्तल वाली गली निवासी 34 वर्षीय शशि, पत्नी भानु प्रताप सिंह राजपूत, पेशे से अधिवक्ता हैं। रोज की तरह 15 दिसंबर को वह जिला कोर्ट आई थीं। अपनी सीट पर बैग रखकर वह एक क्लाइंट की तारीख अटेंड करने चली गईं। शाम करीब 6 बजे, जब वह अपने केस में बहस करने के बाद वापस सीट पर पहुंचीं, तब उनका बैग वहां नहीं था।

# आगामी नववर्ष पर हुड़दंगियों की खैर नहीं, चप्पे-चप्पे पर रहेगी पुलिस की नजर

दैनिक अवन्तिका » शाजापुर



आगामी नव वर्ष के स्वागत समारोहों के दौरान सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद हो गया है। शुक्रवार को अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक उमेश जोगा और पुलिस उप महानिरीक्षक नवनीत भसीन ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उज्जैन रेंज के चारों जिलों उज्जैन, देवास, शाजापुर और आगर मालवा की समीक्षा की। अधिकारियों ने स्पष्ट निर्देश दिए कि उत्सव के नाम पर हुड़दंग करने वालों और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए।

प्रशासन ने पिकनिक स्थलों, विशेषकर नदी और डैम वाले क्षेत्रों के लिए कड़े सुरक्षा इंतजाम किए हैं। इन स्थानों पर मोटर बोट और गोताखोरों की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके। साथ ही, संवेदनशील क्षेत्रों में सघन पेट्रोलिंग और फिक्स पिकेट्स लगाए जाएंगे।

**ड्रंक एंड ड्राइव पर पैनी नजर, ब्रीथ एनालाइजर का होगा उपयोग**

शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ पुलिस जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाएगी। नव वर्ष की पूर्व संध्या पर ब्रीथ एनालाइजर के माध्यम से चेकिंग की जाएगी। पुलिस का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि तेज गति या नशे में वाहन चलाने के कारण किसी भी परिवार में शोक की स्थिति निर्मित न हो।

साथ ही होटल, मॉल, रिसॉर्ट, ढाबा और धार्मिक स्थलों पर विशेष सुरक्षा बल तैनात रहेगा। महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों और बाजारों में सघन चेकिंग अभियान चलाया जाएगा। बैठक में जिलों के पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक और समस्त थाना प्रभारी उपस्थित रहे, जिन्हें अपने-अपने क्षेत्रों में मुस्तैदी बरतने के आदेश दिए गए हैं।

## कॉलेज चलो अभियान के तहत छात्राओं को किया जागरूक

दैनिक अवन्तिका » शाजापुर



शासकीय कन्या महाविद्यालय किला शाजापुर द्वारा कॉलेज चलो अभियान के अंतर्गत संदीपनी सी.एम. राइज शासकीय विद्यालय (बस स्टैंड) में एक विशेष जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्कूली छात्राओं को उच्च शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करना और कॉलेज प्रवेश प्रक्रिया से अवगत कराना था। अभियान के प्रभारी डॉ. कपिल जाटव ने छात्राओं को महाविद्यालय में उपलब्ध विभिन्न सुविधाओं और शैक्षणिक वातावरण से परिचित कराया।

उन्होंने उच्च शिक्षा विभाग द्वारा निर्धारित ऑनलाइन पंजीयन प्रक्रिया और प्रवेश के लिए आवश्यक महत्वपूर्ण दस्तावेजों के बारे में विस्तार से जानकारी दी, ताकि छात्राओं को प्रवेश के समय किसी असुविधा का सामना न करना पड़े। महाविद्यालय की दीपिका गुप्ता ने उच्च शिक्षा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न हितग्राही योजनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्राओं को गांव की बेटी योजना, प्रतिभा किरण योजना, सेंट्रल सेक्टर स्कॉलरशिप, आवास सहायता योजना जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं के लाभ बताए और छात्राओं को अधिक से अधिक संख्या में महाविद्यालय में प्रवेश लेने के लिए प्रेरित किया।

**नई शिक्षा नीति और करियर की संभावनाएं-** डॉ. रितेश महाडिक ने छात्राओं को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के ढांचे को समझाया। उन्होंने मेजर, माइनर, ओपन इलेक्टिव और मल्टीडिसीप्लिनरी विषयों के चयन की प्रक्रिया के साथ-साथ महाविद्यालय में होने वाले सांस्कृतिक व साहित्यिक आयोजनों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि नवीन शिक्षा नीति विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और भविष्य की संभावनाओं को ध्यान में रखकर तैयार की गई है।

## सलमान भाईजान को कोटा कोर्ट का बुलावा

**कोटा।** राजश्री पान मसाला से जुड़े भ्रामक विज्ञापन मामले में फिल्म अभिनेता सलमान खान एक बार फिर सुर्खियों में आ गए हैं। उपभोक्ता न्यायालय, कोटा ने उन्हें 20 जनवरी 2026 को व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में पेश होने के आदेश दिए हैं। मामला इंद्र मोहन सिंह बनाम राजश्री पान मसाला से जुड़ा है। परिवादी पक्ष ने आपत्ति उठाई थी कि सलमान खान की ओर से दाखिल वकालतनामा और अन्य दस्तावेजों पर किए गए हस्ताक्षर असली नहीं लगते। इसी को लेकर कोर्ट ने सख्त रुख अपनाते हुए फॉरेंसिक जांच के आदेश दिए हैं। न्यायालय ने साफ कहा है कि सलमान खान को खुद कोर्ट आकर हस्ताक्षर के नमूने देने होंगे, ताकि उनकी तुलना रिकॉर्ड में मौजूद दस्तावेजों से की जा सके। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही मामले में आगे की कार्रवाई तय होगी।

## बांग्लादेश में हुई घटना का किया विरोध

**शुजालपुर।** बांग्लादेश में दीपूदास के साथ हुई निर्मम एवं अमानवीय घटना के विरोध में सर्व हिन्दू समाज ने प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी पुलिस को सौपा। ज्ञापन सौपने के पूर्व सिटी से एसडीओपी ऑफिस तक नारेबाजी करते हुए विरोध रैली निकाली गई। ज्ञापन में कहा कि बांग्लादेश में हुई निर्मम व अमानवीय घटना से वे आहत एवं आक्रोशित है, यह घटना मानवाधिकारों का घोर उल्लघंन होने के साथ ही बांग्लादेश में रहने वाले अल्पसंख्यक समुदाय की सूरक्षा पर गंभीर प्रश्न खडी करती है ऐसे घटनाएं मानवता, सभ्यता एवं लोकतांत्रिक मूल्यों के विरूद्ध है। ज्ञापन में मांग की गई।

## पारदर्शिता एवं राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखा

**शुजालपुर।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारतीय राजनीति के युगपुरुष पंडित अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर जवाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय शुजालपुर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पंडित अटल बिहारी वाजपेयी के राष्ट्रनिर्माण में दिए गए अतुलनीय योगदान, उनके विचारों एवं सुशासन की भावना को स्मरण करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय परिसर स्थित अटल भवन में स्थापित पंडित अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। उपस्थित अतिथियों, प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने श्रद्धापूर्वक उन्हें नमन किया। इस अवसर पर संपूर्ण परिसर राष्ट्रभक्ति और श्रद्धा के वातावरण से ओत-प्रोत रहा। मुख्य अतिथि जनभागीदारी अध्यक्ष आलोक खन्ना ने कहा कि पंडित अटल बिहारी वाजपेयी भारतीय राजनीति के ऐसे आदर्श पुरुष थे, जिन्होंने लोकतंत्र, सुशासन, पारदर्शिता एवं राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखा। उनके नेतृत्व में देश ने विकास के नए आयाम स्थापित किए तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की सशक्त पहचान बनी। प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार शर्मा ने कहा कि पंडित अटल बिहारी वाजपेयी केवल एक कुशल राजनेता ही नहीं, बल्कि संवेदनशील कवि, ओजस्वी वक्ता और दूरदर्शी चिंतक भी थे। मानवीय मूल्यों का प्रतीक रहा। उन्होंने विद्यार्थियों से अटल जी के आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया।

# भाजपा का भव्य विधानसभा स्तरीय सम्मेलन संपन्न

दैनिक अवन्तिका » शाजापुर






विधानसभा शाजापुरी क्षेत्र के अंतर्गत 2 साल बेमिसाल, अटल स्मृति वर्ष 2025 एवं वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य में शुक्रवार को स्थानीय निजी गार्डन में एक भव्य और विशाल सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस ऐतिहासिक समागम में करीब 1700 से अधिक कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और नागरिकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर संगठन की एकजुटता और सरकार की उपलब्धियों का जयघोष किया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. रवि पांडे, शाजापुर विधायक अरुण भीमावत, उज्जैन उत्तर विधायक अनिल कालूखेड़ा, जिला प्रभारी बहादुर सिंह बोरमुंडला, पूर्व विधायक जसवंत सिंह हाड़ा एवं भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर उपस्थित रहे। अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए उज्जैन उत्तर विधायक कालूखेड़ा और शाजापुर विधायक भीमावत ने 2 साल बेमिसाल के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र में हुए विकास कार्यों का रिपोर्ट कार्ड पेश किया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंच रही हैं। जिलाध्यक्ष डॉ. रवि पांडे ने सांगठनिक ढांचे को और अधिक सुदृढ़ करने तथा अटल स्मृति वर्ष 2025 के माध्यम से भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी के सुशासन के मंत्र को घर-घर पहुंचाने का आह्वान किया।

**साहिबजादों के बलिदान को किया याद**

वीर बाल दिवस पर पूर्व विधायक हाड़ा ने साहिबजादों के अद्वितीय बलिदान और शौर्य गाथा पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने उपस्थित युवाओं को राष्ट्रभक्ति और भारतीय संस्कारों से जुड़ने का संदेश देते हुए कहा कि साहिबजादों का बलिदान हमें धर्म और राष्ट्र की रक्षा की प्रेरणा देता है। आयोजन में भाजपा के जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मंडल पदाधिकारी, भाजयुमो के सैकड़ों ऊर्जावान कार्यकर्ता, व्यापारिक संगठन, पेंशनर संगठन, पत्रकार जगत और मातृशक्ति के साथ-साथ विधानसभा क्षेत्र के जागरूक मतदाता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी संजय शिवहरे ने दी।

## यातनाए सहन की लेकिन संस्कृति व धर्म को नहीं छोड़ा

**शुजालपुरल।** भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय महाविद्यालय गौलाना में वीर बाल दिवस प्राध्यापकों और विद्यार्थियों ने मिलकर मनाया। कार्यक्रम में संस्था प्राचार्य डॉ. बी एस बिभूति ने कहा कि गुरु गोविंद सिंह एवं माता गुजरी के दिए संस्कारो एवं शिक्षा में पले साहिबजादो बाबा जोरावर सिंह एवं बाबा फतेह सिंह जिनकी उम्र मात्र पांच वर्ष तथा आठ वर्ष की थी सारी यातनाएं सहन करने के बाद तमाम प्रलोभनों को ठुकराकर जीवित ही दीवार में चुन जाना स्वीकार किया किंतु देश संस्कृति एवं धर्म को नहीं छोड़ा। इस प्रकार 21 से 27 दिसंबर के बीच गुरु गोविंद सिंह का पूरा परिवार देश, संस्कृति के रक्षणार्थ धर्म का पालन करते हुए शहीद हो गया तथा आगे आने वाली पीढी को सन्देश दे गये की स्वधर्मे निधनं श्रेय: परधर्मो भयावह:। कार्यक्रम के दौरान शहीद उधम सिंह कों भी श्रद्धांजली दी गई। संचालन एवं आभार डॉ. आलोक परमार ने माना। जानकारी महाविद्यालय के स्वामी विवेकान्द करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के जीवनलाल शर्मा ने दी।

## गणित से संबंधित विधाओं का आयोजन किया, छात्रों को पुरुस्कृत किया जाएगा

**शुजालपुर।** जवाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय शुजालपुर के गणित विभाग द्वारा राष्ट्रीय गणित दिवस का आयोजन वराह मिहिर भवन के वर्चुअल कक्ष में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. बी के त्यागी ने की। राष्ट्रीय गणित दिवस के आयोजन के लिए डॉ. सुनील कुमार मित्तल को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है, उनके मार्गदर्शन में विभाग में साप्ताहिक गणित से संबंधित विधाओं का आयोजन किया जा रहा है। डॉ. मित्तल ने बताया कि इन विधाओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया जाएगा। डॉ मित्तल ने बताया कि श्रीनिवास रामानुजन सदी के महान भारतीय गणितज्ञ थे। गणित सप्ताह के प्रथम दिन छात्र-छात्राओं ने निबंध प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। इस अवसर पर पूजा सांखला, डॉ. रवि राठौर, डॉ. सुधीर सवासिया एवं विज्ञान संकाय के अन्य प्राध्यापक गण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मुकेश सिंह मेवाडा एवं आभार डॉ. रवि राठौर ने माना ।

## चित्रकलां व निबंध प्रतियोगिता हुई

**शुजालपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहम्मदखेडा में वीर बाल दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि सिख धर्म के दशवे गुरु गोविन्द सिंह के छोटे साहिबजादा जोरावर सिंह, साहिबजादा फतेह सिंह ने धर्म की रक्षा व आस्था और सत्य के लिए अपने प्राणो का बलिदान दे दिया, 6 व 9वर्ष की उम्र मे भी उन्होंने अत्याचार के आगे झुकने से इनकार कर दिया। उनके बडे भाई अजेत सिंह व जुझार सिंह मुगलो के विरुद्ध चमकोर के युद्ध मे वीरगति को प्राप्त हुए थे। ऐसे अमर बलिदानी के बलिदान दिवस पर निबंध, चित्रकलां प्रतियोगिता का आयोजन कर वीर शहीदों को नमन करते हुए उनको श्रद्धांजलि व श्रदा सुमन अर्पित किए गए। इस अवसर पर संथा प्राचार्य हजारी लाल जाधव, विक्रम सिंह कुशवाह, मनोहर सूर्यवंशी, जुनेद कादरी, घनश्याम दांगी, नीता परमार, कपिल परमार, अमित परमार, ममता चौधरी, सीमा मालवीय, जयप्रकाश इंदौलिया, हरिओम पाटीदार, ब्रह्मालाल मालवीय, विवेक शर्मा, प्रेम पांचाल, देवीलाल गुजराती, जसवंत सिंह डोडिया, रेणुका कारपेंटर, जितेंद्र आर्य, विष्णु मेवाडा, दिलीप आदि उपस्थित थे।

## खेत की प्यास बुझाने गया अन्नदाता खुद जिंदगी की जंग हार गया, करंट लगने से मौत

**शाजापुर।** अंधेरी रात, सूना खेत और फसल को सींचने की जिम्मेदारी... ग्राम लड़ावत के किसान महेंद्र सिंह को क्या मालूम था कि जिस खेत को वो खून-पसीने से सींच रहे हैं, वहीं उनकी आखिरी सांसें लिखी हैं। गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात खेत पर सिंचाई के लिए गए महेंद्र सिंह की करंट की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। शुक्रवार सुबह जब उनकी देह खेत में मिली, तो परिजनों की चीखें निकल गईं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम लड़ावत निवासी महेंद्र सिंह गुरुवार रात को घर से अपने खेत पर पानी देने (सिंचाई) के लिए निकले थे, लेकिन सुबह तक भी घर नही लौटे। शुक्रवार सुबह जब खेत के पास रहने वाले एक अन्य ग्रामीण की नजर महेंद्र सिंह पर पड़ी, तो वे अचेत अवस्था में जमीन पर गिरे हुए थे। पास ही करंट प्रवाहित तार और झटका मशीन चालू हालत में पड़े थे। सूचना मिलते ही परिजन बदहवास होकर मौके पर पहुंचे और महेंद्र सिंह को तुरंत जिला अस्पताल ले जाया गया। हालांकि, नियति को कुछ और ही मंजूर था, डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक के भतीजे धर्मेंद्र सिंह ने अस्पताल में मीडिया को बताया कि, काका रोज की तरह रात में खेत पर पानी फेरने गए थे। हमें उम्मीद नहीं थी कि सुबह यह खबर सुनने को मिलेगी। जब हम खेत पहुंचे तो वहां करंट की मशीनें और तार अस्त-व्यस्त थे, जिससे लगता है कि करंट लगने से ही उनका निधन हुआ है। फिलहाल पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराकर मर्ग कायम कर जांच शुरू की है।

## विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की बैठक संपन्न, पनवाड़ी नगर की कार्यकारिणी घोषित

**शाजापुर।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल प्रखंड गोलाना के पनवाड़ी नगर में संगठन की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक का शुभारंभ हनुमान जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन और पूजन के साथ किया गया। इस दौरान संगठन विस्तार और आगामी कार्ययोजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में शाजापुर विभाग संयोजक संतोष मेवाड़ा मौजूद रहे। साथ ही गोलाना प्रखंड अध्यक्ष अरविंद जी आचार्य, प्रखंड संयोजक विजय पटेल, प्रखंड सुरक्षा प्रमुख गिरजेश, प्रखंड अखाड़ा प्रमुख विकास, प्रखंड विद्यार्थी प्रमुख मनीष गोठी एवं सौरभ आर्य विशेष रूप से उपस्थित थे। अतिथियों ने कार्यकर्ताओं को संगठन की रीति-नीति और समाज के प्रति उनके कर्तव्यों का बोध कराया। बैठक के दौरान संगठन को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से पनवाड़ी नगर की नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई, जिसमें पदाधिकारियों को उनके दायित्व सौंपे गए, जिसमें अध्यक्ष अरविंद, संयोजक पंकज पाटीदार, मंत्री गोविंद गोठी, सहमंत्री रामेश्वर सौराष्ट्रीय, सुरक्षा प्रमुख लक्की शिवहरे, सामाजिक समरसता प्रमुख मनोज पाटीदार, प्रचार प्रसार प्रमुख तनीश सौराष्टीय, गोरक्षा प्रमुख अंकित पाटीदार, सेवा प्रमुख अक्कू जाट, सत्संग प्रमुख विकास राजपूत को बनाया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

न्यूज-कॉलम

## अज्ञात व्यक्ति ने युवक से की मारपीट, एक आँख हुई डैमेज

**मंदसौर।** नाहर सैयद दरगाह के पीछे तालाब किनारे मंदसौर पर अज्ञात आरोपियों ने सेल्समैन का कार्य करने वाले एक युवक का रास्ता रोककर अज्ञात कारणों से मारपीट की जिससे उसकी बाईं आंख डैमेज हो गई। इस मामले को लेकर पोरवाल समाज ने एसपी कार्यालय पहुंचकर पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन भी दिया तब जाकर पुलिस ने मामला दर्ज किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार 14 दिसम्बर की रात करीब 11 बजे यह घटना हुई। जिसकी रिपोर्ट मंदसौर वाय.डी. नगर थाने पर फरियादी जगदीश (44) पिता राधेश्याम काला निवासी महावीर कॉलोनी मंदसौर ने की है कि घटना दिनांक को अज्ञात आरोपियों ने फरियादी के बड़े भाई परमेश्वर (48) का रास्ता रोककर अज्ञात कारणों से मारपीट की जिससे परमेश्वर की बायीं आंख पर गंभीर चोट आने से वह डेमेज हो गई। पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर गुरुवार को अज्ञात आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 126 (2), 118(2) में प्रकरण दर्ज किया।

## 5 साल से एनडीपीएस मामले में फरार आरोपी हरियाणा से गिरफ्तार

**मन्दसौर।** जिले के अफजलपुर थाना पुलिस ने 5 सालों से एनडीपीएस एक्ट के अपराध मे फरार चले आ रहे मुख्य आरोपी को हरियाणा से किया गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी अनुसार 27 अगस्त 2021 को अफजलपुर थाना पुलिस ने डिगांवमाली से ट्राला नं. आरजे 31 जीए 6887 से आरोपी बंशी बावरी व विक्रम बावरी निवासी ख्योवाली हरियाणा के कब्जे से 8 क्विंटल 25 किलोग्राम डोडाचूरा जब्त कर धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण दर्ज किया था। अनुसंधान के दौरान आरोपियों द्वारा उक्त अवैध मादक पदार्थ छिन्दा उर्फ सुरेन्द्र सिंह (40)पिता अजीत सिंह जाट सिख निवासी ग्राम सादेवाला थाना रानिया जिला सिरसा हरियाणा के कहने पर अज्ञात आरोपी द्वारा उक्त अवैध मादक पदार्थ देने की जानकारी देने पर आरोपी छिन्दा उर्फ सुरेन्द्र को अपराध सदर मे शामिल किया गया। तब से फरार आरोपी छिन्दा उर्फ सुरेन्द्रसिंह पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार कर लिया है।

## दस क्विंटल मछलिया जप्त, दो के खिलाफ मामला दर्ज

**मन्दसौर।** जिले के शामगढ़ थाना क्षेत्र के रणायदा बापच्या कच्चा आम रास्ते पर पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से अवैध सुखी मछलियां जो गांधीसागर जलाशय से चोरी की गई को बिना नम्बर के ट्रेक्टर ट्राली से जप्त की। प्राप्त जानकारी के अनुसार 26 दिसम्बर की रात करीब डेढ़ बजे से दो बजे के बीच शामगढ़ थाना क्षेत्र के चंदवासा पुलिस ने यह कार्यवाही की। घटना दिनांक को बिना नम्बर की ट्रेक्टर ट्राली से टाट की बोरियों से करीब 10 क्विंटल सुखी मछलियां जप्त की। पुलिस ने इस प्रकरण में आरोपी दिलीप पिता अर्जुनसिंह उम्र 25 वर्ष सेमलिया गेहलोत, दीवानसिंह पिता मदनलाल उम्र २७ वर्ष निवासी बंजारा का खेड़ा आक्या गेहलोत थाना गंगधार जिला झालावाड़ राज. के खिलाफ धारा 303 (2) बीएनएस व मत्स्य अधिनियम में प्रकरण दर्ज किया।

## पति ने पत्नी का गला दबाकर की हत्या

**मन्दसौर।** जिले के भानपुरा थाना में एक महिला की गला दबाकर हत्या करने के आरोप में उसके पति के खिलाफ पुलिस ने हत्या की धारा में प्रकरण दर्ज किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह घटना तीन दिसम्बर की है। घटना स्थल मृतिका का ससुराल वाला घर बग्गा गा डेरा ढाबला माधोसिंह का है। पुलिस ने मर्ग की जांच पर पाया कि आरोपी बबलू (22) पिता परथी निवासी सावनकुंड थाना नीमच ने अपनी पत्नी का गला दबाकर हत्या कर दी।

## रेवास देवड़ा मार्ग का नाम अब अटल पथ

**मन्दसौर।** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर शून्य से शतक- एक शताब्दी अटल भारत कीज कार्यक्रम के अंतर्गत मंदसौर नगर के रेवास देवड़ा मार्ग को उनके नाम समर्पित किया गया है। नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर एवं परिषद मंदसौर के निर्णय अनुसार रेवास देवड़ा पहुँच मार्ग का नामकरण अब च्अटल पथछ किया गया है। 23 दिसंबर को यह नामकरण किया गया जिसकी जानकारी शासन को पत्र के माध्यम से भेज दी है।

# सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिलने से नाराज युवक ने पंचायत कार्यालय में लगा दी आग

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम



जिला मुख्यालय से करीब 11 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम पंचायत मांगरोल के कार्यालय में एक युवक ने आग लगा दी। आग से कार्यालय में रखा फर्नीचर, कम्प्यूटर, फाइलें आदि जल गया। युवक का आरोप है कि उसे प्रधानमंत्री आवास योजना व अन्य योजनाओं का लाभ नहीं दिया जा रहा है। घटना के दौरान मौके पर ग्रामीण जमा हो गए और युवक को पकड़ लिया। इसी बीच पुलिस भी मौके पर पहुंची। ग्रामीणों ने आरोपी युवक को पुलिस को सौंप दिया। वहीं घटना का किसी ने वीडियो भी बनाया, जो वायरल हो रहा है।

जानकारी के अनुसार आरोपी 40 वर्षीय गोपाल भाभर पिता राधेश्याम भाभर निवासी ग्राम मांगरोल शुक्रवार सुबह करीब पौने ग्यारह बजे पेट्रोल से भरी बोतल व माचिस लेकर पंचायत भवन कार्यालय पहुंचा। वहां उपस्थित लोगों ने उसे बाहर निकालकर पंचायत कार्यालय का दरवाजा लगा दिया। इसके बाद भी वह नहीं माना तथा कार्यालय का दरवाजा खोलकर अंदर पहुंचा और कार्यालय में पेट्रोल डालकर आग लगा दी। इससे कार्यालय में रखी टेबल, कम्प्यूटर व फाइलों ने आग पकड़ ली। कुछ लोग कार्यालय में पहुंचे तथा आग बुझाई लेकिन तब तक फाइलें, कम्प्यूटर, टेबल आदि जल चुके थे। खबर फैलने पर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे। आरोपी वहां से जाने लगा तो ग्रामीणों ने उसे पकड़ लिया।

सूचना मिलने पर सरपंच गायत्री चौधरी भी पंचायत कार्यालय पहुंची तथा घटना स्थल देखा। इसी बीच सालाखेड़ी चौकी प्रभारी (एसआई) जगदीश यादव व अन्य पुलिसकर्मी भी पहुंचे तथा गोपाल को गिरफ्तार कर लिया। सालाखेड़ी चौकी प्रभारी जगदीश यादव ने बताया कि ग्राम पंचायत के सहायक सचिव की शिकायत पर आरोपी गोपाल भाभर के खिलाफ बीएनएस की धारा 333, 221, 296, 326 (छ), 351 (3) व लोक संपत्ति निवारण अधिनियम की धारा 3/4 के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच की जा रही हैप। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी गोपाल भाभर ने बताया कि उसे प्रधानमंत्री आवास सहित अन्य योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है। उसका नाबालिग बेटे को हम्माली करना पड़ रहा है।

**सभी को दिया जा रहा योजनाओं का लाभ**

ग्राम पंचायत मांगरोल की सरपंच गायत्री चौधरी ने मीडिया कर्मियों को बताया कि शासन की जो भी योजनाएं आती हैं, उसका सभी ग्रामीणों को लाभ दिया जा रहा है। आग लगाने की सूचना उन्हें एक व्यक्ति ने दी तो वे तत्काल पंचायत कार्यालय पहुंची तो देखा कि कार्यालय में आग लगी हुई थी। गोपाल भाभर को मृत्यु प्रमाण-पत्र चाहिए, जबकि उसकी पुत्र जिंदा है।

उसे किसान योजना का भुगतान चाहिए, जो हमारे प्रावधान में नहीं है। पंचायत में जो भी लोग आते हैं, उनका सबका काम हो रहा है। उसे कुटिया चाहिए, मृत्यु प्रमाण-पत्र चाहिए, जो हम दे नहीं सकते। हमारे हाथ में कुछ नहीं है, जो आगे से जो योजना आ रही है, दे रहे हैं। आरोपी गोपाल भाभर बोतल में पेट्रोल लेकर आया था, उसे समझाया भी और बाहर निकालकर कार्यालय का दरवाजा बंद भी कर दिया था। इसके बाद भी दरवाजा खोलकर उसने आग लगा दी।



## कुंवर रणजीत सिंह ने प्रकृति घाटिया का सिविल जज बनने पर किया सम्मान

**पिपलिया मंडी।** पिपलिया मंडी की होनहार बेटी प्रकृति घाटिया का राजस्थान न्यायिक सेवा परीक्षा में नोवी रैंक प्राप्त कर सिविल जज बनने पर 26 दिसंबर को असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस मध्य प्रदेश अध्यक्ष एवं किसान कांग्रेस प्रदेश महामंत्री तथा ग्राम पंचायत मुंदेडी सरपंच प्रतिनिधि कुंवर रणजीत सिंह शक्तावत ने उनके निज निवास पर उपस्थित होकर उनको पुष्प गुच्छ भेंट करते हुए मुंह मीठा करवा कर सम्मान किया एवं उनके उज्जवल भविष्य की ईश्वर से प्रार्थना की। मंदसौर जिले में प्रथम प्रयास में पहली न्यायिक मजिस्ट्रेट बनने वाली प्रकृति घाटिया जिन्होंने अपने पिता सुनील घाटिया एवं अपनी माता से संस्कारों को अर्जित करते हुए विद्यालय की देहलीज पर कदम रखा और मंदसौर जिले को गौरवान्वित किया उसके लिए भी उनके माता और पिता दोनों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कुंवर शक्तावत ने कहा की हर माँ और पिता को प्रकृति जैसी बेटियों को जन्म देना चाहिए जो अपने शहर,प्रदेश और राष्ट्र को गोरन्वित करें कुंवर शक्तावत ने प्रकृति घाटिया की माताजी एवं उनके समस्त परिवार के लोगों से मिलकर खुशी जाहिर की।

## बस्ती,मुक्तिधाम,कब्रस्तान के पास मृत मवेशियों के फेके जाने से आक्रोश



**मल्हारगढ़।** पहेड़ा मगरा मुक्तिधाम, कब्रस्तान एवं बस्ती के पास मृत मवेशियों के फेके जाने से उनकी सड़ांध व बदबू से सभी लोग काफी परेशान है।कांग्रेसनेता अनिल शर्मा को शुक्रवार को गांव के मुकरम भाई,शरीफ शाह,मनोज गुर्जर,दीपक शर्मा आदि ने बताया कि एक लंबे समय से पहेड़ा ग्रामपंचायत, नगर परिषद नारायणगढ़,पहेड़ा स्थित गौशाला आदि के मृत पशुओं को मुक्तिधाम, कब्रस्तान एवं बस्ती के पास ही फेका जारहा है इन मृत पशुओं को सड़ांध व बदबू से हम रहवासियों का जीना दूभर होरहा है कई बार शिकायत करने के बाद भी समस्या का समाधान नही होरहा है,लोग बीमार होरहे है। कांग्रेस नेता अनिल शर्मा ने इस समस्या के समाधान की मांग को लेकर अनुविभागीय अधिकारी स्वाति जी तिवारी से चर्चा की व कहा कि एक सप्ताह में समस्या का समाधान करे तथा दूर कही मृत पशुओं को फेकने की व्यवस्था सुनिश्चित करे।

# भामाशाह पंडित योगेन्द्र महंत राष्ट्रीय गौरव सम्मान से नीरज वैष्णव शाजापुर सम्मानित

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मन्दसौर



वैष्णव सेवा संघ कोर कमेटी मंदसौर एवं अनंत सेवा न्यास इंदौर के तत्वाधान में पं. योगेन्द्र महंत राष्ट्रीय गौरव सम्मान 2025 नीरज वैष्णव पूर्व जनपद अध्यक्ष शाजापुर को समाज में उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए दिया गया। यह सम्मान स्थानीय कुशाभाऊ ठाकरे आडिटोरियम में वैष्णव समाज द्वारा आयोजित राष्ट्रीय गौरव सम्मान समारोह में दिया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि पं. योगेन्द्र महंत पूर्व राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त इंदौर सहित अतिथिगण नरेन्द्र वैष्णव घाटोल ,दशरथ वैष्णव बेहपुर , महिला राष्ट्रीय अध्यक्ष सावित्री महंत उज्जैन, वरिष्ठ पत्रकार ब्रजेश जोशी मंदसौर, कथा वाचिका सुश्री जयमाला दीदी, गोपाल पुजारी, घनश्याम वैष्णव उदयपुर, बद्री वैष्णव इंदौर, एडवोकेट गोपाल वैष्णव गुलाबपुरा, चेतन वैष्णव डूंगरपुर, मंगेश वैष्णव इंदौर, मदन वैष्णव प्रतापगढ़ आदि भी मंचासीन थे। अतिथियों द्वारा श्री .सेवा से सेवानिवृत समाज बंधुओं का शील्ड भेंट कर साफा बांध कर सम्मान किया गया।

श्री वैष्णव रामानंदाचार्य कैलेंडर 2026 विमोचन का विमोचन भी किया गया। प्रारंभ में भगवान श्री हरि विष्णु के चित्र की विधि विधान से पूजा अर्चन कर समारोह का शुभारंभ किया गया। सभी अतिथियों का पगड़ी पहना कर सम्मान किया गया। स्वागत भाषण महेश कुमार वैष्णव सेवा संघ ने दिया। संचालन श्रीमती अर्पणा इंदौर ने किया। आभार समरथ बैरागी पटवारी ने व्यक्त किया।

## कोटा -मंदसौर -कोटा गाड़ी का समय परिवर्तन नहीं किया जाए

**पीपल्यामण्डी।** रेल प्रशासन द्वारा आगामी १ जनवरी 2026 से नई समय सारणी लागू की जा रही है जिसमें कुछ यात्री गाड़ियों को बिना किसी ठोस वजह से समय परिवर्तन किया जा रहा है उसमें कोटा से चलकर मंदसौर आने वाली यात्री गाड़ी संख्या 19816/ 19815 भी है जो अभी वर्तमान में कोटा से दिल्ली से आने वाली गाड़ियों का क्रॉसिंग लेकर प्रात 4.45 पर चलती है उसे अब 5.45 पर चलाने की योजना है। सूत्रो से मिली जानकारी के अनुसार कोटा मंदसौर लिंक एक्सप्रेस में चित्तौड़ स्टेशन पर उदयपुर से आने वाली यात्री गाड़ी की कनेक्टिविटी देने के लिए इस यात्री गाड़ी को अपने निर्धारित समय से एक घंटा विलंब से कोटा से चलाने की योजना पर रेल विभाग कार्य कर रहा है जिससे उक्त यात्री गाड़ी अब चित्तौड़ से 8 की बजाय 8.45 पर चलाकर 10.30 के आसपास मंदसौर आएगी जिससे चित्तौड़ से निंबाहेड़ा, नीमच और पिपलिया से शासकीय अशासकीय ऑफिस वर्क के लिए आने वाले अप डाउन करने वालों के लिए एक नई समस्या खड़ी हो जाएगी वह चाहते हैं कि उक्त यात्री गाड़ी 9.50 के पहले ही मंदसौर आए जिससे उन्हें ऑफिस जाने या अन्य कार्य करने में सुविधा होगी।

# सृजन महाविद्यालय में संभागीय स्तरीय शतरंज नोडल टूर्नामेंट आयोजित



'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम

सृजन महाविद्यालय में संभागीय स्तरीय शतरंज नोडल टूर्नामेंट का सफल आयोजन किया गया, जिसमें राजीव गांधी विश्वविद्यालय से मान्यता प्राप्त दस महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए संस्था के चेयरमैन एवं सृजन भारत के संयोजक अनिल झालानी ने कहा कि शतरंज केवल जीत-हार का खेल नहीं है, बल्कि यह जीवन की रणनीति, धैर्य और निर्णय-क्षमता को भी सिखाता है। उन्होंने यह भी बताया कि यह खेल मनोरंजन के साथ-साथ मानसिक शांति के लिए भी अत्यंत लाभकारी है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नवीन कन्या विद्यालय की प्राचार्य ममता अग्रवाल ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया तथा शतरंज खेल की विशेषताओं और उसके शैक्षिक महत्व से परिचित कराया। प्रतियोगिता की निर्देशिका के रूप में खेल शिक्षिका ताहिरा खान रहीं। कार्यक्रम का संचालन संस्था समन्वयक निसर्ग दुबे द्वारा किया गया, जबकि आभार प्रदर्शन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जिंदल यादव ने किया।

# साबाखेड़ा स्कूल में बच्चों को बाल विवाह मुक्त भारत की शपथ दिलाई



'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मन्दसौर

वीर बाल दिवस के अवसर पर बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन सांदीपनि विद्यालय साबाखेड़ा में किया गया। जिसमें प्रधानमंत्री का आयोजित कार्यक्रम का लाइव टेलीकास्ट के माध्यम से प्रसारण दिखाया गया। इस दौरान हस्ताक्षर अभियान चला कर सभी को बाल विवाह मुक्त भारत अभियान हेतु शपथ दिलाई गई।

कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें भाषण, निबंध, पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वालों को प्रमाण पत्र और शील्ड वितरित करके प्रोत्साहित किया गया। बच्चों को अपने समाज में बाल विवाह जैसी बुराइयों के खिलाफ आवाज उठाने हेतु आगे आने को कहा है और साथ ही अपने स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देते हुए स्वस्थ समाज का निर्माण करने को कहा गया महिला बाल विकास विभाग की और से जिला समन्वय ममता खींची द्वारा विद्यार्थियों से प्रश्नोत्तरी की गई। महिला बाल विकास की ओर से जितेंद्र पाटीदार बाल संरक्षण अधिकारी, नितिन भावसार वन स्टॉप सेंटर, हरीश केसरिया जिला सम्नवयक, उमराव जैन अध्यक्ष बाल कल्याण समिति, विद्यालय परिवार की ओर से विनीत अग्रवाल प्रधानाचार्य, पारुल मंडलोई, श्वेता कपूर, मनीष बैरागी आदि उपस्थित रहे।

## प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में 28 गांवों की 68 गर्भवती महिलाओं की हुई जांच



**टकरावद।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र टकरावद क्षेत्र के 28 गांवों की 68 गर्भवती महिलाओं की आवश्यक जांच की गई। इस अवसर संतुलित आहार संगोष्ठी आयोजित हुई। डॉ. सुहानी पोरवाल द्वारा सभी गर्भवती महिलाओं का उपचार किया गया। अभियान के तहत पोषण आहार सलाहकार नियम श्री संस्था मंदसौर संचालक सुश्री चारु गोयल ने समस्त गर्भवती महिलाओं को पोषण आहार की सलाह दी उन्होंने द्वारा बताया गया कि वर्तमान समय में डायबिटीज, बीपी, कैंसर, मोटापा जैसी गंभीर बीमारियों हमारे खान पान और अनियमित जीवन शैली के कारण फैल रही है इन सब बीमारियों से बचना आवश्यक है इसलिए हमें संतुलन आहार लेना चाहिए साथ ही गर्भवतियों महिलाओं को अपने गर्भावस्था के दौरान पर्याप्त संतुलित आहार लेना चाहिए।शिविर में देवकन्या यादव, गायत्री प्रजापत, संगीता बामनिया, योगिता पाटीदार, नरेंद्र काछवा,दुर्गा धनगर,जाहिद मेरासी, महेश सेन आदि उपस्थित थे। संचालन फार्मासिस्ट राम धनगर ने किया।

# भगवान प्रेम भाव के भूखे होते हैं धन संपत्ति के नहीं-रमाकांत गोस्वामी

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नीमच



श्री कृष्ण गोपी संवाद में कृष्ण द्वारा माखन चुराने का कार्य केवल उनके दूध को नहीं बल्कि गोपियों के प्रेम को स्वीकार करने का एक तरीका है। चोरी करना इस बात का प्रतीक है कि परमेश्वर औपचारिक भेंट स्वीकार करने के लिए प्रतीक्षा नहीं करते हैं वह प्रेम पूर्वक शुद्ध हृदय से उमड़ने वाली भक्ति को ही ग्रहण करते हैं।

भगवान प्रेम भाव के भूखे होते हैं धन संपत्ति के नहीं,यह बात वृंदावन धाम मथुरा के प्रख्यात श्रीमद् भागवत उपासक श्री जी बाबा महाराज के सुपुत्र बृज विभूषित श्रीमद् भागवत आचार्य संत श्री रमाकांत गोस्वामी ने कही। वे सिंहल परिवार द्वारा कमल अग्रसेन भवन में आयोजित श्रीमद् भागवत की ज्ञान गंगा में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि यदि हिंदू जाति भेद भुलाकर संगठित रहे तो राष्ट्र शक्तिशाली हो सकता है।भगवान कृष्ण पूरे ब्रह्मांड के अधिपति होने के बावजूद भी माता यशोदा से वही माता तू वात्सल्य प्रेम करते हैं जो एक संतान अपनी मां से करती है उन्होंने इस प्रसंग के माध्यम से संसार को यह संदेश दिया है की मां और संतान का प्रेम एक निस्वार्थ निश्छल प्रेम होता है। जो संसार में कहीं और नहीं मिलता है। मां का दूध पीने से बच्चे का आत्म बल शक्तिशाली होता है। संसार की प्रत्येक माता अपने बच्चों से निस्वार्थ अत्यधिक प्रेम करती है। वृंदावन नाम भक्ति का आधार है कृष्ण ने भक्तों के निश्छल प्रेम के कारण ही जीवन पर्यंत वृंदावन नहीं छोड़ने का संकल्प लिया था। श्री कृष्ण ने गायों को चराने का सेवा पुण्य कर्म किया था इसलिए हमें भी अपने बच्चों को पुत्र है तो व्यापार में और बेटी है तो गृह कार्य सीखाना चाहिए। जापान और इजराइल में 14 साल का बालक सभी तरह की वोटर गाड़ी ड्राइविंग कर देता है स्वयं कर लेता करने का अभ्यास करता है तो भारत के बच्चों को भी अभ्यास कर जीवन में आने वाले ड्राइविंग जैसे हर कार्य को सिखाना चाहिए। हमारे बच्चे भी भगवान कृष्ण से प्रेरणा लेकर हर क्षेत्र में प्रतिभा वान बनना चाहिए। तभी भारत राष्ट्रीय विश्व गुरु के शिखर पर पहुंचेगा। परिवार में एकता के लिए सजग रहना चाहिए। कृष्ण द्वारा माखन लीला में जो हास्य के अनुभव बताए गए हैं और जीवन को हंसते हुए आगे बढ़ना चाहिए तो हमें हर क्षेत्र में सफलता मिल सकती है। श्री कृष्ण गा चलाते थे तब ब्रह्मा जी ने एक बार उनकी परीक्षा लेने के लिए अरे गायों को पैसा को वैसी सारी गए बना दी और ब्रह्मा जी को आश्चर्य में डाल दिया था। वृंदावन की रज कमल मस्तक पर लगाने योग्य होती है क्योंकि वहां श्री कृष्ण पैदल विहार करते हैं। श्री कृष्ण के भक्त गोपिया सभी वर्ग की होने से समाज में एकता का संचार होता था। श्रीमद् भागवत कथा आरती में वैश्य सम्मेलन समाज इकाई के संभागीय अध्यक्ष संतोष चोपड़ा, समाजसेवी युवा हृदय सम्राट मनोहर सिंह लोढ़ा, दिगंबर जैन समाज के पूर्व अध्यक्ष जम्बू कुमार जैन, गोविंद पोरवाल,हरि बल्लभ आदि उपस्थित थे।

## वीर बाल दिवस पर प्रतियोगिता आयोजित की



**मन्दसौर।** वन स्टॉप सेंटर के माध्यम से 26 दिसम्बर, शुक्रवार को वीर बाल दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों को ड्राइंग, पेंटिंग, निबंध लेखन, समूह चर्चा, स्लोगन, कविता, कहानी सुनाना, प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में अपेक्स कम्प्यूटर एजुकेशन सेंटर मल्हारगढ़ डायरेक्टर युनुस रंगरेज व वन स्टॉप सेंटर काउंसलर निर्मला चौहान व केसवर्कर फरजाना रंगरेज व कर्मचारी उपस्थित रहे।



सारंगपुर में बांग्लादेश का पुतला दहन

## हिंदुओं पर अत्याचार और युवक को जिंदा जलाने पर जताया विरोध

**सारंगपुर।** सारंगपुर में बस स्टैंड पर बांग्लादेश में हिंदू समाज पर हो रहे अत्याचारों और हिंदू युवक दीपू चंद्र दास को जिंदा जलाए जाने की घटना के विरोध में सर्व हिंदु समाजजनों के द्वारा बांग्लादेश का पुतला दहन किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और अपना आक्रोश व्यक्त किया। बांग्लादेश का पुतला दहन के आयोजन के दौरान नपाध्यक्ष पंकज पालीवाल, विधायक प्रतिनिधि पृथ्वीराज टेटवाल, हिउंस अध्यक्ष डा. ध्रुव भल्ला, नपा उपाध्यक्ष प्रतिनिधि निलेश वर्मा सहित अन्य मौजूद रहे। प्रदर्शनकारियों ने 'वंदे मातरम, भारत माता की जय और हिंदू समाज एकता से जुड़े नारे लगाए। वक्ताओं ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार मानवता के खिलाफ हैं और इन्हें किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जा सकता। आयोजकों ने बताया कि पुतला दहन का मुख्य उद्देश्य हिंदू समाज के प्रति हो रहे अन्याय के खिलाफ आवाज उठाना, हिंदू एकता को मजबूत करना और सनातन चेतना का सार्वजनिक रूप से प्रदर्शन करना था। इस कार्यक्रम के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों की ओर ध्यान आकर्षित करने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुखर्जी चौक पर हुई और रैली के रुप में भेरू दरवाजा रोड होते हुए समाजजन बस स्टैंड पर पहुंचे और पुतला जलाया, यह कार्यक्रम शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। अंत में उपस्थित लोगों ने एकजुट रहकर ऐसे मामलों के विरोध में निरंतर आवाज उठाने का संकल्प लिया। इस आयोजन का आह्वान सर्व हिंदू समाज सारंगपुर द्वारा किया गया था।

## सिद्दीकीया मस्जिद अंजुमन कमेटी सदर बने अल्ताफ हुसैन अंसारी



**सारंगपुर।** पड़ाना की सिद्दीकीया मस्जिद अंजुमन-ए-इस्लाम कमेटी सदर के रुप में समाजजनों ने सर्वसम्मति से अल्ताफ हुसैन अंसारी को चुना है। बुधवार को नव नियुक्ति सदर अंसारी का पड़ाना में समाजजनों ने स्वागत किया। इस दौरान पूर्व सदर डा. सईद अंसारी, वसीम अंसारी सहित अन्य समाजजनों ने सदर अंसारी को पुष्पमाला पहनाकर मुंह मिठा कराकर स्वागत किया। इस मौके पर नए सदर अल्ताफ हुसैन अंसारी ने समाज की तरक्की, खासकर शिक्षा के क्षेत्र में काम करने की प्रतिबद्धता जताई है उन्होंने समुदाय की बेहतरी के लिए काम करने की बात कही है। उन्होंने आगे कहा कि हमारा मुख्य ध्यान शिक्षा के प्रसार पर है। उनका लक्ष्य किफायती दरों पर उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करना है ताकि कोई भी छात्र वित्तीय बाधाओं के कारण शिक्षा से वंचित न रहे। शिक्षा ही विकास और प्रगति की कुंजी है। इसलिए समाज के बच्चों को शिक्षित बनाएंगे। उल्लेखनीय है कि नई कमेटी में सदर और सेकेटरी की जिम्मेदारी अल्ताफ हुसैन को ही मिली है और नायब सदर मोहम्मद मंसूरी बनाए गए है। जबकि सदस्य के रुप में राजा शाह, अकरम अंसारी, नफीस भाई मिस्त्री, इमरान अंसारी, मो. इमरान अंसारी, कलीम अंसारी, अब्दुल जब्बार मंसूरी, मोहम्मद जुबैर, इस्तिकार अंसारी, सद्दाम भाई, अशरफ मंसूरी, इकराम अंसारी, अंसार मंसूरी, कुद्दूस अंसारी को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय, सहयोगी पेंशनर्स संघ का नेत्र शिविर संपन्न



**सारंगपुर।** जमुना गंज हनुमान मंदिर पर नेत्र शिविर सेवा सदन बैरागढ जांच केंद्र दीनदयाल चौराहा सहयोगिक संस्था प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन द्वारा पूर्व मंडी अध्यक्ष कैलाश सुरावत के नेतृत्व में शिविर का शुभारंभ भगवान धन्वंतरि एवं सांवरिया सेठ के चित्र पर माल्यार्पण पूजा अर्चन एवं दीप प्रज्वलकर किया गया। आंख जांच केंद्र सहयोगी संस्था अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण त्रिकार ने बताया नेत्र ज्योति ही जीवन ज्योति है, हमें अपनी आंखों के प्रति सजग रहने की आवश्यकता है सेवा सदन संत हिरदाराम नगर बैरागढ भोपाल सदैव सेवा को तत्पर हैं प्रतिमाह निशुल्क लेंस प्रत्यारोपन कर सफल ऑपरेशन किया जाता है। सचिव सोनी ने बताया शिविर में जिन्हें मोतियाबिंद निकलेगा उन्हें बस द्वारा भोपाल रवाना किया जाएगा। वापस ऑपरेशन पश्चात सारंगपुर दीनदयाल लाया जाएगा। इस दौरान ग्राम से जुडे पाडल्यामाता, ढकनी चा, बिलोदा पाल, डंडी, दिग्वाड, आमगढ, खासपुरा आदि ग्रामीण क्षेत्र से आए पुरुष एवं महिलाओं का नेत्र परीक्षण, शुगर ब्लड प्रेशर आदि की भी जांच की गई। नेट विशेषज्ञ डॉक्टर विशाल कुशवाहा, डॉ विजय चौहान, सहयोगी नीरज विश्वकर्मा द्वारा की गई। इस दौरान पंजीकृत 95 व्यक्तियों में से 21 मोतियाबिंद रोगी चिन्हित किए गए, तीन व्यक्ति आंखों में जाले, एवं डीसीआर 2, जांच उपरांत 37 लोगों को चश्मे के नंबर दिए गए। 32 सामान्य लोगों को अपनी आंखों की सुरक्षा संबंधी सलाह दी गई। इस अवसर पर शिवनारायण मालवीय, दिलीप सुरावत, गौतम अजय, धर्मराज, लाड सिंह आदि का विशेष सहयोग रहा। अंत में आभार पूर्व मंडी अध्यक्ष कैलाश सुरावत ने माना।

पूर्व प्रधानमंत्री का जन्मदिन को शताब्दी वर्ष के रूप में मनाया

# पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेई ने नदी को नदी से जोड़ने का महत्वपूर्ण काम किया था- डॉ. सोनकर





दैनिक अवन्तिका ▶▶ भौरासा

नगर भाजपा द्वारा भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्रद्धेय स्व श्री अटलाबिहारी वाजपेई जी का जन्मदिन भाजपा कार्यकर्ताओं ने जन्मशताब्दी वर्ष के रूप में मनाया।

भौरासा के बाबा भंवरनाथ मण्डल के अंतर्गत भाजपाइयों ने जन संघी एवं मिशाबंदी रहे परिवार एवं मंडल मीडिया प्रभारी प्रेमचंद अग्रवाल के प्रतिष्ठान पर क्षेत्रीय विधायक डॉ राजेश सोनकर की गरिमाई उपस्थिति में जन्मशताब्दी वर्ष मनाया गया इनके साथ मुख्य रूप से मण्डल अध्यक्ष प्रतिनिधि अनिल चावड़ा,नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी,उपाध्यक्ष जयसिंह राणा मुख्य रूप से उपस्थित थे।

डॉ सोनकर ने अपने उद्बोधन में कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय स्व श्री अटल बिहारी वाजपेई जी ने अपना संपूर्ण जीवन को देश के प्रति समर्पित किया हे अपने संपूर्ण राजनीतिक जीवन के चलते चाहे पक्ष या विपक्ष में रहते हुए हमेशा देश को विकसित,ि वकासशील ओर भारत देश के उद्यान के लिए अपने विचार साझा किए अपनी चिंता प्रकट करते थे जिसमें चाहे देश के लिए आर्थिक, पढ़ाई, चिकित्सा, रोजगार, किसान, आतंकवाद, बिजली, पानी जैसे निम्न मुद्दों पर को लेकर चलते थे।

नदी से नदी को जोड़ने की योजना शुरू की गई जिसमें देश के किसानों को अनाज उत्पादन में राहत मिलती थी साथ हमेशा अपने देश प्रति प्रेम छलकता था। ऐसे महान छवि के धनी एवं हमारे भाजपा परिवार के पितृ पुरुष का आज जन्मदिन संपूर्ण भारत देश में भाजपा द्वारा जन्मशताब्दी वर्ष के रूप में मनाया जा रहा हे इसी के चलते आज नगर भौरासा में भी उक्त कार्यक्रम किया गया।

इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ शिवनारायण हेडा, हीरालाल चावड़ा, बाबूलाल डोडिया, मांगीलाल पटेल, नगर वसूली पटेल जसवंतसिंह राजपूत, मनोहर यादव,प्रमोद पालीवाल, कल्लू ठाकुर, हिम्मतसिंह ठाकुर, बद्रीलाल लोधी, सरदार खान, दशरथ धाकड़,अर्जुन आदि भाजपगण उपस्थित थे अंत में आभार मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि अनिल चावड़ा ने माना।

**खिलचीपुर।**

भारतीय जनता पार्टी के पहले राष्ट्रीय अध्यक्ष देश के स्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जन्म जयंती के अवसर पर गुरुवार को भाजपा मंडल खिलचीपुर के कार्यकताओं ने स्वच्छता का संदेश देते हुवे नगर के बस स्टैंड पर स्थित जय स्तंभ पर सफाई की । इस मौके पर मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में भाजपा कार्यकताओं ने हाथों में झाड़ू लेकर सफाई की इस दौरान भाजपा मंडल प्रभारी ओमप्रकाश गुप्ता ने अटल जी के जीवन ओर उनके कार्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज गांव गांव में प्रधानमंत्री सड़क योजना अटल जी की देन हे किसानों के लिए किसान क्रेडिट कार्ड, नदी जोड़ो अभियान,अटल पेंशन योजना से गरीबों को सहारा मिला । आज केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की मोदी सरकार अटल जी के विचारों पर चल रही हे । इस मौके पर दीप जलाकर अटल जी को याद किया गया। इस मौके पर पूर्व नप अध्यक्ष डॉ दीपक नागर, उपाध्यक्ष प्रेम मालाकार,महेश मालाकार, आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

विधायक पंड्या ने कृषि उपज मंडी का निरीक्षण किया

## साफ-सफाई, पेयजल, शेड, तौल व्यवस्था एवं किसान सुविधाओं की समीक्षा की

दैनिक अवन्तिका ▶▶ बड़नगर



किसान हित सर्वोपरि एवं मंडी की व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से विधायक जितेंद्र उदयसिंह पंड्या ने बुधवार को आकस्मिक कृषि उपज मंडी का निरीक्षण कर मंडी परिसर की व्यवस्थाओं, किसानों को उपलब्ध सुविधाओं एवं क्रय-विक्रय की प्रक्रिया का अवलोकन किया।

इस दौरान साफ-सफाई, पेयजल, शेड, तौल व्यवस्था एवं किसानों की सुविधाओं से संबंधित व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की गई। मंडी में उपस्थित किसानों एवं व्यापारियों से संवाद कर उनकी समस्याएँ एवं सुझाव भी सुने गए तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए ताकि किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और उनकी उपज का क्रय-विक्रय पारदर्शी एवं सुचारु रूप से हो सके।

### सफाई के लिए दिया ज्ञापन

ग्रेन मर्चेंट एसोसिएशन द्वारा सोमवार को कृषि उपज मंडी सचिव अनारेकुमार सिंह को एक ज्ञापन मंडी प्रांगण की साफ सफाई की मांग को लेकर दिया था। जिसमें एसोसिएशन द्वारा 25 दिसंबर तक परिसर की सफाई नहीं होने की दशा में अनिश्चितकालिन कार्य करने में असमर्थता जताई थीं। उक्त मामले में ग्रेन मर्चेंट एसोसिएशन सचिव नितेश गोधा ने बताया कि विधायक पंड्या द्वारा मंडी अधिकारियों को परिसर में स्वच्छता रखने के निर्देश दिए हैं। इस अवसर पर मंडी व्यापारी नितेश गोधा, राजेंद्र बरडिया, राजू गामा, मनीष मेहता, प्रतीक पोरवाल, राजेंद्र तलेसरा, रवि ददरवाल आदि उपस्थित थे।

## ट्रैक्टर-ट्रॉली पर रेडियम की पट्टी लगाई, सुरक्षित रहे गोवंश और राहगीर

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सारंगपुर

युवक कांग्रेस के सदस्यों ने सारंगपुर में स्थित कृषि उपज मंडी में वाहनों पर रेडियम स्टिकर लगाए। पूर्व केबिनेट मंत्री और जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियव्रत सिंह के निदेशांनुसार युवा कांग्रेस ने सडक दुर्घटनाओं की रोकथाम और यातायात सुरक्षा के उद्देश्य से किसानों के ट्रैक्टर और ट्रॉलियों पर रेडियम लगाए। युकां विस अध्यक्ष राहुल पाल और युवा कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष अभय सिसोदिया, नगराध्यक्ष लखन राजपूत ने बताया कि रात के समय कई वाहनों पर रेडियम नहीं होने से दुर्घटनाएं हो जाती हैं। रेडियम लगे होने से वाहनों के आने-जाने का पता चल जाता है और दुर्घटनाओं की संभावनाएं कम हो जाती हैं। इसी उद्देश्य से पूरे जिले सहित सारंगपुर में कांग्रेस और युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने यह अभियान चलाया है। इस मौके पर ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष दुर्गेश सोमानी, पूर्व अध्यक्ष मोहन पाल, समीर मेव, शेख मुर्शरफ, राधेश्याम भैसानिया, शोएब हसन राही, कान्हा अहिरवार, सुमित सोनी, अखलाक मेव, सद्दाम मेव, अजय पुष्पद सहित अन्य कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

## सारंगपुर में जिला मंत्री परमार का किया स्वागत



**सारंगपुर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा भाजपा जिला राजगढ का जिला मंत्री बनाए जाने पर बुधवार को मनोहर सिंह परमार का सारंगपुर में पूर्व मंडल उपाध्यक्ष मनोज शर्मा के नेतृत्व में भाजपा नेता एवं कार्यकर्ताओं के द्वारा स्वागत किया गया। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि धर्मेंद्र गुर्जर, नमन शर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

## अहम से अर्हम की ओर अग्रसर होना ही मोक्ष मार्ग- म.सा.

दैनिक अवन्तिका ▶▶ महिदपुर

जिस मनुष्य में घमंड विद्यमान हो जाता है वह लाख प्रयास करले सुख शांति को प्राप्त नही कर सकता जबकि चार प्रकार के कषाय क्रोध मान माया लोभ में सबसे अधिक खतरनाक अहम होता है जिसने भी इसे जीत लिया वह अर्हम की ओर अग्रसर होकर मोक्ष मार्ग की ओर आगे बढ़ जाता है।

यह सीख आचार्य उमेशमुनीजी के शिष्य जिनेन्द्रमुनिजी मसा की आज्ञानुवर्तिनी पुण्यपुंज महासती पुण्यशिलाजी मसा के द्वारा स्थानक भवन में अपने प्रवचन के दौरान उपस्थित धमार्नुरागी महानुभाव से कही गई। उपस्थित जन समूह को आगे आपने बताया कि आपस मे कटुता रखना ही मनुष्य के लिए महादुख का कारण बनता है, यदि व्यक्ति क्रोध माया लोभ के नशे में घमंड को अपनी आत्मा में अपना लेता है तो उस मनुष्य का पतन अवश्य ही होकर अपने लिए शत्रुता बढ़ाने वाला बन जाता है। पुण्यशिलाजी मसा ने आगे फरमाया कि किसी बगीचे में यदि गुलाब कम हो जावे तो केवल कांटे ही रह जाते है ठीक उसी प्रकार मनुष्य की आत्मा से समता की भावना यदि निकल जाती है तो केवल चार प्रकार के कषाय रूपी कांटे क्रोध मान माया ओर लोभ ही रह जाते है जिससे मनुष्य संसार में भटकता ही रहता है। इसीलिए तीर्थंकर परमात्मा ने अहम से अर्हम की ओर अग्रसर होने का मार्ग बताया है जिस पर चलकर मनुष्य चैरासी लाख योनियों में भटकने से बच सकता है तथा सिद्ध बुद्ध मुक्त बन सकता है। प्रतिदिन महासति जी के प्रवचन स्थानक भवन में प्रातः सवा नौ बजे से प्रारंभ हो जाते है। धमार्नुरागी जन समूह से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील स्थानकवासी श्रीसंघ की ओर से की गई है।

जेपीएस के छात्रों ने मॉडल यूनाइटेड नेशन्स के तहत

## पेरिस समझौते के अंतर्गत जलवायु परिवर्तन कॉन्फ्रेंस को किया साकार

दैनिक अवन्तिका ▶▶ बड़नगर



जलवायु परिवर्तन पर एक अंतरराष्ट्रीय संधि है। जिस पर 2016 में लगभग 200 देशों ने हस्ताक्षर किए थे । इस संधि के अनुसार जलवायु परिवर्तन शमन , अनुकूलन और वित्त पोषण शामिल है। इसी उद्देश्य के तहत सीओपी 30 संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन जो दिनांक 10 नवंबर से 21 नवंबर 2025 तक ब्राजील के बेलेम में आयोजित हुआ । इसके अंतर्गत संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन यूएनएफसीसीसी के 195 सदस्यों ने अपनी सहमति प्रदान की थी ।

इस समझौते के तहत जलवायु परिवर्तन के खतरे के प्रति अधिक सशक्त प्रतिक्रिया देते हुए संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन के कार्यान्वयन को बेहतर बनाने का प्रयास हुआ है। अंतरराष्ट्रीय स्तर के इस वैश्विक समझौते को जेजीआई ग्रुप बेंगलौर द्वारा संचालित जैन पब्लिक स्कूल बड़नगर (ढोलाना) के कक्षा 6टी से 11वीं तक के 40 विद्यार्थियों ने 24 देश के प्रतिनिधि के रूप में पेरिस समझौते के अंतर्गत जलवायु परिवर्तन सम्मेलन को मूर्त रूप प्रदान करते हुए जीवंत किया । इस संदर्भ में संस्था निदेशक अंकित वोहरा ने कहा कि शिक्षा और विद्यालय के माध्यम से हम छात्रों को ऐसे अवसर प्रदान करते हैं जिसके द्वारा छात्र वैश्विक वातावरण को जानते हुए अपनी सहभागिता प्रकट कर सकें । इस प्रकार के कार्यक्रम निश्चित तौर पर छात्रों का सर्वांगीण विकास करते हुए छात्रों को वैश्विक वातावरण के प्रति कटिबद्ध करते हैं। छात्रों की इस प्रस्तुति के समय बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे और उन्होंने छात्रों की इस प्रस्तुति की मुक्त कंठ से प्रशंसा की । इस अवसर पर संस्था प्राचार्या सपना बेस्टीयन ने अभिभावकों से छात्रों के शैक्षणिक विकास संबंधी चर्चा भी की । यह ज्ञातव्य हो कि छात्र सामाजिक विज्ञान विषय के तहत इस प्रकार की गतिविधियों में भाग लेते हुए शिक्षक अंकित सोनी से मार्गदर्शन प्राप्त करते हैं। जानकारी शिक्षक इंद्रजीत उपाध्याय ने दी।



## मक्सी में अटलजी का जन्म शताब्दी वर्ष मनाया गया

**मक्सी।** गुरुवार को पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई का 101 वां जन्म शताब्दी वर्ष मनाया जिसमें जिला महामंत्री पुष्पा भावसार सुरेखा की जोशी जिला महामंत्री मंडल मक्सी अध्यक्ष संगीता जैन मंडल उपाध्यक्ष रुक्मणी पाटीदार वसुंधरा पंड्या मंडल मंत्री भारती सुमन पांडे संगीता पांडे गिरिजा मंडल मंत्री संतोष आदि महिलाओं के द्वारा जन्म शताब्दी वर्ष मक्सी में मनाया गया। संचालन जिला महामंत्री पुष्पा भावसार के द्वारा किया गया उद्बोधन मंडल मक्सी संयोजक नरेंद्र भावसार के द्वारा किया गया।

## सांसद खेल कुश्ती प्रतियोगिता में तलवी लोहार ने गोल्ड मेडल जीता

**खाचरोद।** सांसद खेल महोत्सव में कुश्ती प्रतियोगिता क्षीर सागर स्टेडियम उज्जैन में संपन्न हुई जिसमें पवन



पुत्र व्यायामशाला के उस्ताद डॉ श्याम सिंह चंद्रावत द्वारा प्रशिक्षित बालिका पहलवान 30 किलो वजन वर्ग में तलवी लोहार ने अपने प्रतिद्वंदी को हराते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल ता तथा खाचरोद नगर को गौरवान्वित किया तथा 58 किलो वजन वर्ग में पायल राठौड़ पहलवान तथा 35 किलो वजन वर्ग में शिवानी बैरागी ने सिल्वर मेडल ता एवं किरण राठौड़ आरोही राठौड़ और आर्या बूंदीवाल ने श्रेष्ठ प्रदर्शन किया । बालिका पहलवानों की इस उपलब्धि पर पवन पुत्र व्यायामशाला के अध्यक्ष राकेश राठौड़ सचिव प्रकाश राठौड़ विनोद मालवीय, ओमवीर सिंह भदौरिया प्राचार्य अरुण बाफना सी.एम.राइस के प्राचार्य झुजार सिंह राठौड़ तथा खेल शिक्षक धन्नालाल चौधरी ने बालिका पहलवानों को बधाई देकर शुभकामनाएं दी।

## आज खाचरोद में गुरु सप्तमी का पर्व धूम धाम से मनाया जायेगा



**खाचरोद।** राजेन्द्र नवयुवक परिषद अध्यक्ष राजेश सेठिया ने बताया की विश्व वन्दनीय परम पूज्य प्रात : स्मरणीय गुरुदेव श्रीमद् विजय राजेन्द्रसूरिश्वर म.सा . का 199 वाँ जन्म एवं 119 वाँ स्वगारोहण दिवस गुरुसप्तमी पर्व के रुप में धूमधाम से प्रतिवषार्नुसार मनाया जावेगा पावन निश्रा-पुण्य सम्राट प. पू . जयन्तसेनसूरीश्वर म.सा . के पट्टधर गच्छाधिपती प. पू . श्री नित्यसेनसूरीश्वर म .सा . एवं आचार्य प. पू श्री जयरत्नसूरीश्वर म.सा . की आज्ञानुवर्तिनीं प. प . साध्वी श्री अविचल द्रष्टा श्री म .सा प. पू . साध्वी श्री संवेग प्रिया श्री म .सा . कीसुशिष्य परम पूज्य साध्वी श्री शाश्वत प्रियाश्री म . सा . आदि ठाना 4 की निश्रा मे मनाई जायेगी जिसके अंतर्गत मुख्य आयोजन किये जायेंगे। 27 दिसम्वर को प्रक्षाल एवं केसर पूजन- प्रात 7 बजे ( श्री राजेन्द्र विलास मन्दिर ) चल समारोह- श्री राजेन्द्रसरी जैन पौषधशाला से चल समारोह पश्चात गुरुगुण इक्कीसा - प्रवचन (गुरु राजेन्द्र वन झलक ) आरती स्थान-श्री राजेन्द्र विलास मन्दिर एवं मूर्तिपूजक श्री संघ का स्वामीवात्सल्य- मोरसली धर्मशाला मे एवं 200 दीपक से सजावट,108 दीपकों से आरती श्रीमद्विजय राजेंद्रसूरीश्वर म . सा . के अंतिम प्रवचन और सकल श्री संघ को दी गई हित शिक्षा का वाचन रात्रि 8 बजे, श्री राजेन्द्रसूरी जैन पौषधशाला लिमडावास खाचरोद पर रहेगा।

## माडल बच्चों के महीनों के शोध मेहनत और लगन का परिणाम:शर्मा

**सारंगपुर।** आज हम सभी ने देखा कि कैसे छात्रों ने प्रदूषण नियंत्रण, मानव उत्सर्जन तंत्र, नवीकरणीय ऊर्जा, कृषि और अंतरिक्ष विज्ञान जैसे विषयों पर अद्भुत मॉडल बनाए हैं। ये मॉडल सिर्फ लकडी और गत्ते के टुकडे नहीं, बल्कि उनके महीनों के शोध, मेहनत और लगन का परिणाम हैं। इनमें से कई मॉडल भविष्य की समस्याओं का समाधान प्रस्तुत करते हैं और समाज को बेहतर बनाने की दिशा दिखाते हैं। उक्त उद्गार स्थानीय शास्त्रीय स्मृति उच्चतर माध्यमिक विद्या मंदिर के प्रांगण में आयोजित मॉडल प्रदर्शनी के अवसर पर शिक्षा विभाग के विकासखंड सह समन्वयक नरसिंह शर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि कहे। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में गौशाला सेवा समिति के सचिव ओम राठी, शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से भारती एवं महादेव मित्र मंडल अध्यक्ष ओम पुष्पद उपस्थित थे। कार्यक्रम के अध्यक्षता संस्था के प्रबंधक रमेश चंद जोशी ने की। इस दौरान विद्यालय के छात्राओं द्वारा 18 प्रकार के मॉडल तैयार किए गए जिनका अतिथियों के सामने बारी-बारी से प्रदर्शन किया।





# सामान्य ज्ञान

यहां बच्चों के लिए विभिन्न सामान्य ज्ञान के सवाल-जवाब बता रहे हैं। यहां देश, सेना, इतिहास और खेल से संबंधित विषय पर आधारित बातों के बारे में जानने को मिलेगा।



- एक संख्या में कितने दशमलव बिंदु होते हैं?
एक
- एक घंटे में कितने सेकंड होते हैं?
3600
- 'साइबर सुरक्षा जागरूकता माह' कब मनाया जाता है?
अक्टूबर
- पहली विषम मिश्रित संख्या कौन सी है?
33
- पांच भुजाओं वाला बहुभुज क्या कहलाता है?
पेंटागन
- एक दशक कितने वर्ष का होता है?
दस
- वर्षा की बूंद किस ज्यामितीय आकार की होती है?
क्षेत्र
- पाई का अनुमानित मान क्या है?
3.14
- शून्य एक धनात्मक या ऋणात्मक संख्या है। समझाना?
शून्य न तो धनात्मक है और न ही ऋणात्मक।
- स्वर्ण अनुपात का मूल्य क्या है?
1.618
- अलग-अलग लंबाई की तीनों भुजाओं वाला त्रिभुज क्या कहलाता है?
विषमबाहु त्रिभुज
- किस बहुभुज की विपरीत भुजाएँ और कोण बराबर हैं?
समांतर चतुर्भुज
- कौन सी संख्या न तो अभाज्य है और न ही संयुक्त?
1

प्रथम विश्व युद्ध कब हुआ था?
914

**बच्चे जीवन में सफल व खुश हो तो यह बेहद जरूरी है कि वे कुछ लाइफ स्किल्स बचपन से ही सिखें। तो चलिए आज हम आपको उन लाइफ स्किल्स के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें बच्चों को जरूर सिखना चाहिए**

# बच्चों को संपूर्ण विकास के लिए जरूर सिखना चाहिए यह लाइफ स्किल्स



जीवन को बेहतर व खुशहाल तरीके से जीने के लिए जरूरी होता है कि हमारे भीतर कुछ लाइफ स्किल्स हों। बच्चे उससे कहीं अधिक सीखने की क्षमता रखते हैं और यही उम्र होती है, जब बच्चे अच्छी आदतों का संचार कर सकते हैं। कहा भी जाता है कि बच्चे कच्ची मिट्टी की तरह होते हैं। आप उन्हें जिस सांचे में ढालते हैं, वह बेहद आसानी से ढल जाते हैं। लेकिन जब बच्चे बड़े होते हैं तो किसी भी नई चीज को सीखना या अपनाना उनके लिए काफी कठिन होता है।

बच्चे जीवन में सफल व खुश हो तो यह बेहद जरूरी है कि वे कुछ लाइफ स्किल्स बचपन से ही सिखें। तो चलिए आज हम आपको उन लाइफ स्किल्स के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें बच्चों को जरूर सिखना चाहिए-

## निर्णय लेने की क्षमता

इस लाइफ स्किल की जरूरत बच्चे को अपने जीवन के हर कदम पर पड़ती है, फिर बातें दोस्तों के चयन की हो, पढ़ाई की या फिर करियर की। इसलिए बेहतर होगा कि आप बचपन से ही उन्हें अपने निर्णय लेना खुद सिखाएं। जरूरी नहीं है कि लिए जाने वाले निर्णय काफी मुश्किल हों। शुरूआत में आप उन्हें छोटे-छोटे निर्णय लेने दें। जैसे कि वह कौन से कपड़े पहनेंगे या आज डिनर में कौन सी सब्जी खाएंगे। इससे बच्चे के भीतर एक आत्मविश्वास पैदा होता है और वह अपने निर्णय खुद लेना सीखते हैं।

## हेल्थ और हाईजीन

सफलता का स्वाद भी व्यक्ति तभी चख सकता है, जब उसका शरीर इसमें उसका साथ दें। हम सभी बचपन से बच्चों को ब्रश करना, नहाना या हाथ धोने के लिए कहते हैं, लेकिन कभी भी बच्चों को इसके पीछे का कारण नहीं बताते। जिसके कारण उनके भीतर हाईजीन का लाइफ स्किल डेवलप नहीं होता। इसलिए अगर आप बच्चे को कुछ करने के लिए कह रही हैं तो उन्हें उसका कारण बताएं। साथ ही यह भी समझाएं कि हेल्थ का ख्याल रखना कितना जरूरी है और हाईजीन के जरिए वह ऐसा आसानी से कर सकते हैं।

## टाइम मैनेजमेंट

यह तो आप जानते ही होंगे कि तनावरहित व सफल जीवन जीने के लिए टाइम मैनेजमेंट करना आना कितना जरूरी है। यह लाइफ स्किल आप बच्चे के भीतर भी विकसित करें। इसकी शुरूआत के लिए आप बच्चे को टाइम टेबल बनाने के लिए कहे, जिसमें वह यह लिखे कि आज उसे कौन-कौन से काम करने हैं और वह उसे कितने समय में करेगा। शुरूआत में हो सकता है कि वह टाइम लिमिट के अंदर काम न कर पाए, लेकिन धीरे-धीरे उसे टाइम को मैनेज करना आ जाएगा।

## मनी मैनेजमेंट

टाइम की तरह ही बच्चों को मनी मैनेजमेंट करना भी आना चाहिए। अगर उन्हें मनी मैनेजमेंट करना आ जाएगा तो वह अपने जीवन के मुश्किल दौर से भी बिना किसी परेशानी के निकल जाएंगे। इसके लिए आप बच्चे को एक गुल्लक लाकर दें और उन्हें हर दिन कुछ पैसे जोड़ने के लिए कहें। अगर वह कोई खिलौना या चीज लेना चाहते हैं तो उन्हें वह सीधे दिलाने की बजाय गुल्लक में पैसे जोड़ने दें। जब उस चीज को लेने के लिए पैसे जुड़ जाएं तो आप उन्हें वह लाकर दें। इससे बच्चों को पैसों की अहमियत का पता चलेगा और वह मनी को मैनेज करना भी सीख जाएंगे।

## खुद तैयार होना

इस पर शायद आपका ध्यान न जाता हो, लेकिन बच्चे को यह लाइफ स्किल बेहद कम उम्र से ही सिखाना चाहिए। मसलन, वह स्कूल से आकर अपने कपड़े खुद बदलें और अपना सामान सही जगह पर रखें। यह देखने में भले ही छोटी सी बात लगती हो, लेकिन इस तरह बच्चा एक संयमित जीवन जीना शुरू करता है। यह वास्तव में आत्मनिर्भर बनने की तरफ उसका पहला कदम होता है। जब बच्चा अपना ध्यान खुद रखना सीख जाता है तो इससे उसकी काफी तकलीफें आसान हो जाती हैं।


## रंग भरकर चित्र बनाओ



## रास्ता खोजो



## बिंदु जोड़कर चित्र बनाओ






**ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का चौथा मुकाबला मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में जारी है। पहले दिन का खेल खत्म हो चुका है और जिस अंदाज में खेल जारी है, दो से तीन दिन में मैच खत्म होता दिख रहा है।**

# पहले दिन का खेल खत्म, 20 विकेट गिरे, बने 262 रन; ऑस्ट्रेलिया को 46 रन की बढ़त

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का चौथा मुकाबला मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में जारी है। पहले दिन इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। उनके फैसले को इंग्लिश गेंदबाजों ने सही साबित किया और ऑस्ट्रेलियाई पारी को 152 रन पर समेट दिया। जवाब में इंग्लैंड की पहली पारी 110 रन पर सिमट गई। ऑस्ट्रेलिया ने अपनी दूसरी पारी में बिना विकेट गंवाए चार रन बना लिए हैं। स्कॉट बोलैंड और ट्रेविस हेड बैटिंग के लिए उतरे। बोलैंड ने पहली बार ओपनर की भूमिका निभाई है। कंगारुओं की कुल बढ़त 46 रन की हो चुकी है।

कंगारुओं के 152 रन के जवाब में इंग्लैंड की पहली पारी की शुरूआत भी खराब रही। 16 रन पर टीम ने चार विकेट गंवा दिए थे। जैक क्राउली पांच रन, बेन डकेट दो रन और जैकब बेथेल एक रन बनाकर आउट हुए। जो रूट खाता भी नहीं खोल सके। स्टार्क ने क्राउली-डकेट और नेसेर ने बेथेल-रूट के विकेट झटके। इसके बाद ब्रूक और स्टोक्स के बीच पांचवें विकेट के लिए अब तक 50 रन की साझेदारी हुई। ब्रूक आक्रामक बल्लेबाजी करने के चक्कर में विकेट गंवा बैठे। वह 34 गेंद में दो चौके और दो छक्के की मदद से 41 रन बनाकर आउट हुए।



इसके बाद जेमी स्मिथ दो रन और विल जैक्स पांच रन बनाकर पवेलियन लौट गए। कप्तान स्टोक्स भी ज्यादा देर तक मैदान पर नहीं रह सके और 16 रन बनाकर आउट हो गए। गस एटकिंसन ने जरूर 28 रन की पारी खेली। ब्राइडन कार्स चार और जोश टंग एक रन बना सके। ऑस्ट्रेलिया की ओर से माइकल नेसेर ने सबसे ज्यादा चार विकेट झटके, जबकि स्कॉट बोलैंड ने तीन विकेट लिए। मिचेल स्टार्क को दो विकेट मिले। कैमरन ग्रीन ने एक विकेट लिया। इंग्लैंड के आठ बल्लेबाज दहाई का आंकड़े नहीं छू सके।

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया की बल्लेबाजी खराब रही। नियमित कप्तान पैट कमिंस की गैरमौजूदगी में स्टीव स्मिथ टीम की कमान संभाल रहे हैं। ऑस्ट्रेलियाई टीम 45.2 ओवर में 152 रन पर सिमट गई। माइकल नेसेर ने सबसे ज्यादा 35 रन बनाए। वहीं, ट्रेविस हेड 12 रन, जेक वेदराल्ड 10 रन और मार्नस लाबुशेन छह रन बनाकर आउट हुए। कप्तान स्मिथ नौ रन ही बना सके। उस्मान ख्वाजा और एलेक्स कैरी ने पारी संभालना की कोशिश की, लेकिन ख्वाजा 29 रन और कैरी 20 रन बनाकर पवेलियन लौट गए।

इसके बाद कैमरन ग्रीन और नेसेर के बीच सातवें विकेट के लिए सबसे ज्यादा 52 रन की साझेदारी हुई। ग्रीन 17 रन बनाकर आउट हुए। नेसेर ने 49 गेंद पर 35 रन की अपनी पारी में सात चौके लगाए। स्टार्क एक रन और बोलैंड खाता खोले बिना पवेलियन लौटे। इस मैच में ऑस्ट्रेलिया बिना किसी विशेषज्ञ स्पिनर के मैदान पर उतरा है। इंग्लैंड की ओर से जोश टंग ने पांच विकेट झटके। वहीं, गस एटकिंसन को दो विकेट मिले। ब्राइडन कार्स और कप्तान स्टोक्स ने एक-एक विकेट लिया।

# रिंकू सिंह का धमाका, 106 रनों की तूफानी पारी से यूपी को दिलाई जीत



**नई दिल्ली।** स्टार भारतीय बल्लेबाज रिंकू सिंह ने शुक्रवार को धमाकेदार प्रदर्शन किया। वह अच्छी फॉर्म में नजर आए और शतकीय पारी से टीम की जीत सुनिश्चित की। राजकोट में खेले गए इस मुकाबले में उत्तर प्रदेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में चार विकेट पर 367 रन बनाए। जवाब में चंडीगढ़ की टीम 29.3 ओवर में सिर्फ 140 रन ही बना सकी और ऑलआउट हो गई। इस तरह यूपी ने यह मुकाबला 227 रनों से जीत लिया।





**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

**अमरूद बेचना है**
अमरूद का बगीचा जवासिया कुमार, लालपुर, उज्जैन में चार बीघा में करीब 400 अमरूद के पेड़ अच्छी बहार आई फल बेचना है।
: संपर्क :
7746856444

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें 9300405252

**तुरंत लोन**
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स वेतन 10500 रु.
पता: श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

**कृषि भूमि बेचना है**
- उज्जैन से मात्र 16 किमी पर 5 बीघा ग्राम आँवलिया में मात्र 22 लाख रुपये बीघा
- 25X60 का प्लॉट बेचना है एमपी नगर में
- 13X50 का मकान बेचना है मक्सी रोड एम आर 5 रोड पर
- 17X30 तीन मंजिला मकान बेचना है मेन रोड पर सांदीपनी नगर एम आर 5 रोड पर

मो. 9301388290, 9340903559

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क 7773077762

**हेल्पर लडको की आवश्यकता**
रेस्टोरेंट में कार्य करने हेतु हेल्पर लडको की आवश्यकता है वेतन योग्यतानुसार
संपर्क 9827820470

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है। प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696




**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

**दैनिक अवन्तिका वर्गीकृत**

| | | |
|---|---|---|
| 10 दिन | 1000/- | - सम्पर्क करें- |
| 20 दिन | 1500/- | 0734-4041777 0731-4085777 |
| 1 माह | 2000/- | 77710-90777 |

विशेष सूचना- दैनिक अवन्तिका में प्रकाशित विज्ञापनों में किये दावों की पुष्टि पाठक अपने विवेक से करें।

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क 9826398272

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

## न्यूज कॉलम

### गार्डन में खेल रही स्कूली छात्रा से छेड़छाड़, चिल्लाने पर रहवासी पहुंचे

**इंदौर।** इंदौर के एरोड्रम क्षेत्र में गुरुवार रात एक स्कूली छात्रा के साथ छेड़छाड़ की घटना सामने आई है। छात्रा अपनी मां और बड़ी बहन के साथ अंबिकापुरी गार्डन गई थी। खेलते समय एक युवक ने उसका हाथ पकड़कर उसे अपने साथ चलने को कहा। छात्रा के शोर मचाने पर आरोपी मौके से फरार हो गया। घटना के बाद स्थानीय रहवासी थाने पहुंचे, जहां पुलिस ने शिकायत दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। एरोड्रम पुलिस के अनुसार, घटना रात करीब 9 बजे की है। छात्रा अपनी मां और बहन के साथ गार्डन में आई थी और वहां लगी एक्सरसाइज मशीनों के पास खेलने की जिद कर रही थी। कुछ देर बाद उसकी मां और बड़ी बहन गेट की ओर चली गईं और उसे भी बुलाया, लेकिन छात्रा ने थोड़ी देर में आने की बात कही। इसी दौरान गार्डन में टहल रहा एक युवक उसके पास पहुंचा और उसका हाथ पकड़कर बोला कि घरवालों को जाने दो, हम थोड़ी देर बात कर लेते हैं। युवक की हरकत देखकर छात्रा घबरा गई और जोर से चिल्लाने लगी, जिस पर आरोपी मौके से भाग निकला। शोर सुनकर गार्डन में मौजूद लोग इकट्ठा हो गए। छात्रा ने उन्हें पूरी घटना बताई, जिसके बाद मामला पुलिस तक पहुंचाया गया। पुलिस के मुताबिक आरोपी का नाम अभिषेक बताया जा रहा है और उसकी पहचान के आधार पर उसकी तलाश की जा रही है। जल्द ही उसे गिरफ्तार किया जाएगा।

### देर रात युवक की चाकू मारकर हत्या बचाव करने आए दोस्त पर भी हमला

**इंदौर।** इंदौर के आजाद नगर क्षेत्र में गुरुवार देर रात एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। घायल अवस्था में उसके दोस्त उसे एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शुरूआती जानकारी के अनुसार, विवाद शराब दुकान के पास घूरकर देखने की बात को लेकर हुआ था। पुलिस मामले की जांच कर रही है। टीआई लोकेश भदौरिया के अनुसार, मृतक का नाम नीरज उर्फ निर्भय पुत्र मांगीलाल गंगराडे, निवासी हिम्मत नगर पालदा है, वह मजदूरी करता था। लाल पेट्रोल पंप के पास उस पर हमला किया गया। दोस्त उसे गंभीर हालत में रात करीब दो बजे एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे थे। सूचना मिलने पर डीसीपी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, नीरज का दिन में तीन नाबालिगों से विवाद हुआ था। इसके बाद रात में उन्होंने अचानक हमला किया। इस दौरान नीरज का दोस्त रितेश बघेल भी मौजूद था। उसने नीरज का बचाव किया तो आरोपियों ने रितेश पर भी चाकू से हमला किया। रात में रितेश ही नीरज को अस्पताल लेकर आया था। अभी जिन तीन नाबालिगों की पहचान हुई है, उसमें दो 16 साल के और एक 15 साल का है। पुलिस इस मामले में तीनों नाबालिगों और उनके साथियों की तलाश कर रही है।

### दुष्कर्म के बाद गर्भवती हुई पीड़िता, अस्पताल नहीं पहुंचने पर हाईकोर्ट ने लिया संज्ञान

**इंदौर।** इंदौर हाई कोर्ट ने आजाद नगर थाना क्षेत्र में नाबालिग के साथ हुए दुष्कर्म और गर्भधारण के मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए याचिका दायर कर बुधवार को सुनवाई की। सुनवाई में मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट पेश की गई। इसमें बताया गया कि पीड़िता को 23 दिसंबर को एमटीएच अस्पताल की ओपीडी में उपस्थित होना था, लेकिन वह दोपहर 2 बजे तक पेश ही नहीं हुई। इस पर कोर्ट ने कहा कि मामला नाबालिग से गंभीर यौन अपराध और गर्भधारण से जुड़ा है, ऐसे में संबंधित विभागों का दायित्व है कि पीड़िता को तत्काल चिकित्सा सहायता और संरक्षण उपलब्ध कराएं। कोर्ट ने आजाद नगर पुलिस को निर्देश दिए कि पीड़िता को तत्काल एमटीएच अस्पताल में भर्ती जाए और प्राथमिकता के आधार पर मामले की जांच की जाए। कोर्ट ने पीड़िता के आने-जाने और अन्य सुविधा की व्यवस्था के लिए भी पुलिस को निर्देशित किया है। कोर्ट ने विधिक सेवा प्राधिकरण से कहा है कि वह पीड़िता के लिए विधिक सेवा से वकील और काउंसलर नियुक्त कराएं ताकि उसके अधिकारों की रक्षा हो सके। साथ ही कोर्ट ने एमजीएम मेडिकल कॉलेज के डीन को निर्देशित किया कि पीड़िता की मेडिकल जांच करें। पीड़िता के गर्भ की अवधि, गर्भ जारी रखने के जोखिम और गर्भपात से जुड़े जोखिमों पर रिपोर्ट पेश करें। अगली सुनवाई 26 दिसंबर को होगी।

### वाजपेयी की 101वीं जयंती पर पीतल के पन्नों पर शांति विधेयक 2025

**इंदौर।** ब्रह्मलीन पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटलबिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती के उपलक्ष्य में इंदौर के एडवोकेट लोकेश मंगल द्वारा शांति विधेयक 2025 पीतल पर हूबहू छापा गया है। यह शांति विधेयक 2025 लोकसभा द्वारा 17 दिसंबर को लोकसभा और 18 दिसंबर को व राज्यसभा द्वारा पारित किया है। एडवोकेट मंगल ने इसे पीतल के 83 पृष्ठों पर छापा गया। उन्होंने बताया कि इसे गुरुवार शाम को साढ़े तीन घंटे में तैयार किया है जिसमें 28 लोगों की टीम जुटी थी। इसे पीतल के पन्नों पर लेजर से उकेरा गया है। स्व. वाजपेयी दलगत राजनीति से हटकर देश हित में कदम उठाते थे। आज स्व. वाजपेयी की 101वीं जयंती है इसलिए इसे साढ़े तीन घंटे में छापकर तैयार किया। अब जनवरी 2026 में इसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भी भेजा जाएगा।

### एमआर-11: भारी वाहनों से जाम, 10 मिनट का सफर 40 मिनट में हो रहा

**इंदौर।** एमआर-11 पर पुलिया निर्माण के चलते ट्रैफिक की भारी फजीहत हो रही है। एबी रोड से (चौधरी ढाबे के पास) बायपास तक दो पुलियाओं का निर्माण चल रहा है। एक पुलिया निर्माण के चलते तोड़ दी गई है, लेकिन यहां भारी वाहनों की आवाजाही पर रोक नहीं है। इस कारण इस रूट पर दिनभर जाम लग रहा है। आसपास की दर्जनों टाउनशिप के रहवासी परेशान हैं। आईडीए यहां पुलिया निर्माण करवा रहा है। पुलिया पर भारी वाहनों को आने के लिए प्रतिबंधित किया है, लेकिन ट्रैफिक जवानों और आईडीए के वॉलेंटियर्स नहीं होने से भारी वाहन भी पिनेकल ड्रीम्स के पास से रहवासी क्षेत्र की संकरी सड़क से गुजर रहे हैं और जाम की बड़ी वजह भी यही है। शाम होते ही स्थिति इस कदर बिगड़ रही है कि 10 मिनट का सफर 40 मिनट में पूरा हो रहा है। बड़े वाहनों के कारण, छोटी गाड़ियां फंस रही हैं। इससे दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है। दिन में कई बार यहां जाम लग रहा है। शाम को दिक्कत सबसे ज्यादा हो रही है। उधर,जिस पुलिया पर निर्माण कार्य शुरू किया है, उसके नीचे की मिट्टी धंस गई है। मामले में आईडीए अफसरों का कहना है, हमारे पास जाम की शिकायत आई है। ट्रैफिक पुलिस के साथ समन्वय करके इसका निराकरण करेंगे।

### हिंदूवादियों ने क्रिसमस ट्री में तोड़फोड़ की, धर्म को लेकर नारेबाजी

**इंदौर।** इंदौर के स्कीम नंबर-78 स्थित द हब फूड स्ट्रीट में लगाए गए क्रिसमस ट्री के साथ गुरुवार रात तोड़फोड़ की गई। मौके पर धर्म को लेकर नारेबाजी भी हुई। वहां मौजूद कुछ लोगों ने कथित हिंदूवादी युवकों को रोकने का प्रयास किया, लेकिन वे नहीं माने। काफी देर बाद सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और भीड़ को हटाया। फिलहाल इस मामले में कोई लिखित शिकायत दर्ज नहीं हुई है। लसूडिया पुलिस के अनुसार, स्कीम नंबर-78 स्थित द हब फूड स्ट्रीट पर गुरुवार रात क्रिसमस ट्री लगाया गया था। इसी दौरान एक निजी कंपनी द्वारा एक इवेंट का आयोजन भी किया गया था। रात करीब 10 बजे कुछ युवक वहां पहुंचे और क्रिसमस ट्री में तोड़फोड़ कर दी। इसके बाद उन्होंने नारेबाजी शुरू कर दी, जिसका वीडियो वहां मौजूद लोगों ने बना लिया। इवेंट में मौजूद एक युवती बार-बार माइक से अपील कर कथित हिंदूवादी युवकों को शांत कराने की कोशिश करती रही, लेकिन वे नहीं रुके और काफी देर तक नारेबाजी करते रहे। बाद में पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। लसूडिया थाना प्रभारी तारेश सोनी ने बताया कि फिलहाल इस मामले में कोई शिकायत दर्ज नहीं हुई है। वीडियो फुटेज के आधार पर जांच की जा रही है और शिकायत मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

---

### इंदौर में एक युवक फेसबुक पर हुई दोस्ती के बाद संगठित साइबर ठगी का हुआ शिकार

# युवक से 8 लाख की साइबर ठगी, 42 लाख मुनाफे का दिखाया लालच

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर में एक युवक फेसबुक पर हुई दोस्ती के बाद संगठित साइबर ठगी का शिकार हो गया। करीब एक माह तक बातचीत का भरोसा बनाने के बाद ठगों ने उसे क्रिप्टो करेंसी यूएसडीटी में निवेश के नाम पर जाल में फंसा लिया और लाखों रुपए हड़प लिए।

राजेन्द्र नगर थाना पुलिस ने पीड़ित नीरज भागवत, निवासी शिव सागर कॉलोनी की शिकायत पर सुनीता कुमारी सहित अन्य अज्ञात खाताधारकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



नीरज प्राइवेट नौकरी करते हैं। अगस्त माह में सुनीता नाम की युवती ने उन्हें फेसबुक पर फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजी। धीरे-धीरे बातचीत फेसबुक मैसेंजर से व्हाट्सएप तक पहुंची। एक महीने की चैटिंग के बाद सुनीता ने उन्हें यूएसडीटी में निवेश का प्रस्ताव दिया और एक कंपनी का लिंक भेजा। लिंक के जरिए नीरज की एक आईडी बनाई गई, जहां बलवीर नामक व्यक्ति उनसे संपर्क में आया।

- **पहले मुनाफा, फिर लालच-** पहली बार नीरज से 15 हजार रुपए निवेश करवाए गए, जिसमें उन्हें 2500 रुपए का मुनाफा दिखाया गया। इससे भरोसा बढ़ा। इसके बाद बलवीर ने ज्यादा मुनाफे का झांसा देकर एक नया लिंक भेजा और नया एग्रीमेंट करवाया। फिर नीरज से 21 हजार रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर कराए गए। बलवीर को 13 हजार रुपए कमीशन देने के बाद नीरज के खाते में 62 हजार रुपए का प्रॉफिट दिखाया गया।
- **5 दिन की ट्रेडिंग और ठगी की असली चाल-** इसके बाद ठगों ने 5 दिन की ट्रेडिंग कराने की बात कही। चौथे दिन तक मुनाफा न होने पर नीरज ने ट्रेडिंग छोड़ने की इच्छा जताई। इस पर ठगों ने कहा कि कंपनी की शर्त के अनुसार ट्रेडिंग छोड़ने पर पहले मिले मुनाफे का 50% पेनल्टी लगेगा। आखिरी दिन नीरज के अकाउंट में 42 लाख रुपए का प्रॉफिट दिखाया गया, लेकिन इसे निकालने के लिए पहले 30% कमीशन यानी करीब 12 लाख रुपए जमा करने की मांग कर दी गई।

#### शक हुआ, तो फ्रीज कर दिया अकाउंट

तब नीरज को ठगी का एहसास हुआ और उन्होंने रुपए देने से इनकार कर दिया। इसके बाद आरोपियों ने उनका ट्रेडिंग अकाउंट फ्रीज कर दिया। नीरज के अनुसार, पांच दिन की इस पूरी प्रक्रिया में उनसे करीब 8 लाख रुपए विभिन्न खातों में ट्रांसफर कराए गए। पीड़ित ने साइबर सेल और राजेन्द्र नगर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। प्रारंभिक जांच के बाद बुधवार को एफआईआर दर्ज कर ली गई अब पुलिस पूरे नेटवर्क की पड़ताल कर रही है।

### सनरूफ से वीडियो, सड़कों पर आतंक

## बिना नंबर हूटर बजाती गाड़ियों का हाई-स्पीड तांडव

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इन्दौर

स्टार सिटी चौराहे से निपानिया की ओर आज दोपहर जो नजारा दिखा, उसने राहगीरों और वाहन चालकों को दहशत में डाल दिया। तेज रफ्तार में हूटर बजाती कुछ लग्जरी गाड़ियां सड़क पर बेलगाम दौड़ती नजर आईं। हैरानी की बात यह रही कि गाड़ियों के सनरूफ से बाहर निकलकर कुछ युवक चलती गाड़ियों की वीडियो बनाते दिखे, मानो सड़क नहीं बल्कि कोई शूटिंग सेट हो।



वीडियो बनाने के जुनून में इन वाहनों को इस कदर लापरवाही से चलाया जा रहा था कि किसी भी पल बड़ा हादसा हो सकता था। स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए कई वाहन चालकों ने समय रहते अपनी गाड़ियों के ब्रेक लगा दिए, जिससे संभावित दुर्घटना टल गई। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि इनमें से कई गाड़ियां बिना नंबर प्लेट के थीं और खुलेआम हूटर बजाकर शहर में आतंक मचाया जा रहा था। सवाल यह है कि आखिर ये गाड़ियां किसकी हैं, जिन पर अब तक कोई कार्रवाई क्यों नहीं हुई? इस तरह की घटनाएं न केवल कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े करती हैं, बल्कि आम नागरिकों की जान को भी खतरे में डालती हैं। ऐसे मामलों में ट्रैफिक पुलिस को तत्काल सख्त कार्रवाई करते हुए संबंधित वाहनों को जब्त करना चाहिए, ताकि आमजन में प्रशासन की निष्पक्षता और कानून के डर का भरोसा कायम रह सके।

## महिला से दुष्कर्म, 3 लोगों पर एफआईआर

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर के लसूडिया थाना क्षेत्र में एक महिला के साथ दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पीड़िता की शिकायत पर एजाज खान, उसके भाई फारुख और उसके दोस्त शहजाद खान के खिलाफ दुष्कर्म और सामूहिक दुष्कर्म की धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

गुरुवार देर शाम करणी सेना के पदाधिकारी मानसिंह राजावत सहित अन्य लोगों के साथ पीड़िता लसूडिया थाने पहुंची थी, जहां उसकी शिकायत पर पुलिस ने कार्रवाई की। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उसकी शादी 2020 में हुई थी और वर्तमान में उसके पति से तलाक का मामला न्यायालय में विचाराधीन है। इसके बाद वह एक एडवाइजरी कंपनी में निजी नौकरी करने लगी, जहां उसकी पहचान एजाज खान से हुई। बातचीत के दौरान एजाज ने शादी का भरोसा दिलाया और उसके बच्चे को अपनाने की बात कही। इसके बाद वह उसे खजराना क्षेत्र स्थित एक मकान में ले गया, जहां दोनों लिव-इन रिलेशनशिप में रहने लगे। कुछ समय बाद एजाज ने खजराना का माहौल ठीक नहीं होने की बात कहकर उसे मानवता नगर स्थित एक फ्लैट में ले जाकर रखा, जो उसके दोस्त शहजाद का बताया गया है।

### सुमित तलरेजा ने वार्ड में मचा रखा आतंक, असभ्य शैली और सड़क पर सरेआम गाली-गलौच

# पार्षद पंखुड़ी जोशी के पति तलरेजा की दादागिरी के खिलाफ एकजुट हुए निगमकर्मी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इन्दौर

जिला प्रशासन और नगर निगम आयुक्त के माध्यम से नगर निगम के नर्मदा विभाग के सभी इंजिनियर ने शासन को भी यह संज्ञान में लाया है कि उनके साथ फील्ड पर किस तरह का अनैतिक व्यवहार हुआ है।



वही वार्ड 55 में पार्षद पंखुड़ी जोशी के पति द्वारा किए गए दुर्व्यवहार और झूठे इल्जाम के साथ सरकारी कर्मचारियों को सड़क पर सरेआम उनकी इमेज खराब करने के साथ महिला इंजीनियर से बत्तमीजी पर सभी में रोष व्याप्त है।

यह कोई पहला मामला नहीं बल्कि भाजपा पार्षदों के साथ उनके परिवारों की गुंडागर्दी आम हो चुकी है। जबकि सभी शासन के नियम से ही कार्य कर रहे हैं।

नगर में भाजपा का संगठन चुप क्यों बैठा है। यह सबसे बड़ा प्रश्न है। समन्वय केवल नेताओं की आपसी लड़ाई में ही होता है, लेकिन जब सरकारी कर्मचारी की बात आती है तो संगठन अपने नेताओं पर क्यों कार्यवाही नहीं करता है? निगम के सभी अधिकारी और कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि ऐसे पार्षद और उनके परिवार के सदस्य ने यदि परेशान किया तो बड़े स्तर पर आंदोलन होगा।






















मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com